सुप्रभात
रांची, गुरुवार
26.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 341

## रथ यात्रा

### भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व माता सुभद्रा का नेत्रदान आज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर केवल आस्था और विश्वास का केंद्र नहीं है, बल्कि यह आदिवासी और सदान समुदाय के सम्मिलित सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। इसी आस्था के दरबार में 26 जून को दोपहर बाद भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और माता सुभद्रा का नेत्रदान अनुष्ठान संपन्न होगा। अगले दिन 27 जून को ऐतिहासिक रथ मेला का आयोजन होगा, जिसमें लाखों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए जुटेंगे।

## न्यूज डायरी

### झारखंड के कई जिलों में आज भारी बारिश

**रांची।** झारखंड के दक्षिण पश्चिमी जिलों में 26 जून को भारी बारिश होने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार ने पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, पलामू, गढ़वा, चतरा, सिमडेगा और लातेहार में भारी बारिश होने की आशंका है। इसके अलावा 28 जून तक गर्जन और तेज हवा चलने की आशंका है।

### छठ पूजा के बाद बिहार विधानसभा चुनाव संभव

**नयी दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तैयारियों में चुनाव आयोग पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इस बार 22 सालों के बाद राज्य में मतदाता सूची का व्यापक पुनरीक्षण किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, फाइनल मतदाता सूची जारी होने के तुरंत बाद, अक्टूबर के पहले सप्ताह में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा हो सकती है। संकेत मिल रहे हैं कि विधानसभा चुनाव दिवाली और छठ पूजा के बाद कराये जा सकते हैं।

### अमरनाथ यात्रा की शुरूआत 3 जुलाई से

**जम्मू।** इस साल अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हो रही है, इसके मद्देनजर सुरक्षा के पूरे इंतजाम कर दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि अमरनाथ यात्रा 9 अगस्त को समाप्त होगी। इस बार बहु-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए 10 एसपी, 15 डिप्टी एसपी, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवान तैनात किए गए हैं।

# शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के लिए रवाना

**वाशिंगटन।** भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन और अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के लिए रवाना हो गए। फ्लोरिडा स्थित नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से बुधवार को भारतीय समयानुसार दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम मिशन-4 स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने चार अंतरिक्ष यात्रियों के साथ उड़ान भरी। इसे फाल्कन 9 रॉकेट के माध्यम से कक्षा में प्रक्षेपित किया जायेगा। यान को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में पहुंचने में 28 घंटे का समय लगेगा। अंतरिक्ष स्टेशन धरती से करीब 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर है। यह पृथ्वी के चारों ओर एक निश्चित कक्षा में 28 हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से घूमता है। अंतरिक्ष यात्री शुभांशु की इस मिशन में



पायलट की भूमिका है। उनके साथ इस मिशन में अनुभवी नासा अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन, पोलैंड से ईएसए अंतरिक्ष यात्री स्लावोज उज्नान्स्की विस्नीव्स्की और हंगरी से तिबोर कापू भी शामिल हैं। इस मिशन की अवधि 14 दिन है। नासा के अनुसार, लॉन्चिंग के अगले दिन 26 जून की शाम लगभग 4 बजकर 30 मिनट पर ड्रैगन कैप्सूल अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से डॉक करेगा।

नासा और स्पेसएक्स के सहयोग से एक्सिओम स्पेस ने इस मिशन को तैयार किया है। यह कमर्शियल और वैश्विक अंतरिक्ष एक्सप्लोरेशन में एक बड़ा कदम है। किसी भी भारतीय एस्ट्रोनॉट (शुभांशु शुक्ला) की आईएसएस के लिए ये पहली उड़ान है जबकि अंतरिक्ष में जाने वाले वे दूसरे भारतीय हैं। इससे पहले वर्ष 1984 में अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा ने अंतरिक्ष की यात्रा की थी।

## प्रभावितों के रोजगार और पुनर्वास का किया जायेगा समाधान

# संशोधित झरिया मास्टर प्लान को मंजूरी, ₹5940 करोड़ होगा खर्च

**केंद्रीय कैबिनेट**

**एजेंसी**



- सभी प्रभावित परिवारों को ₹1 लाख की आजीविका अनुदान राशि दी जायेगी, वे ₹3 लाख तक की संस्थागत ऋण सहायता भी प्राप्त कर सकेंगे

**नयी दिल्ली/धनबाद।** केंद्र सरकार ने बुधवार को झारखंड के धनबाद स्थित झरिया कोयलांचल के लिए संशोधित झरिया मास्टर प्लान को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत कुल 5,940.47 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। योजना का उद्देश्य वर्षों से चली आ रही आग, भूमि धंसान और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की गंभीर समस्याओं का समाधान करना है। संशोधित मास्टर प्लान चरणबद्ध तरीके से लागू होगा, जिसमें सबसे पहले आग और धंसान से सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में काम शुरू किया जाएगा। सरकार ने इस योजना में केवल पुनर्वास ही नहीं, बल्कि स्थायी आजीविका निर्माण को भी प्रमुखता दी है, ताकि विस्थापित परिवार केवल नए घरों में न रहें बल्कि आर्थिक रूप से भी आत्मनिर्भर बन सकें। वहीं पुनर्वास नीति के तहत, विस्थापित परिवारों को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़े।

**बुनियादी ढांचों का विकास :** इस योजना में पुनर्वास स्थलों पर बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के विकास पर भी ध्यान दिया जायेगा। इनमें सड़कें, बिजली, जल आपूर्ति, सीवरेज, अस्पताल, स्कूल, कौशल विकास केंद्र और सामुदायिक भवन शामिल हैं। यह सभी कार्य संशोधित झरिया मास्टर प्लान के कार्यान्वयन समिति की सिफारिशों के आधार पर किए जाएंगे।

केंद्रीय कैबिनेट के फैसले के अनुसार संशोधित मास्टर प्लान के तहत झरिया वैकल्पिक आजीविका पुनर्वास कोष की स्थापना की जाएगी, जो आजीविका से जुड़ी गतिविधियों और कौशल विकास प्रयासों को समर्थन देगा। इस कार्य में क्षेत्रीय बहु-कौशल विकास संस्थानों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। इस संशोधित योजना से न केवल झरिया की गंभीर पर्यावरणीय और मानवीय समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि यह स्थानीय निवासियों को दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक उन्नति की ओर भी अग्रसर करेगी।

# सिल्ली के एक घर में घुसा बाघ वन विभाग ने किया रेस्क्यू

## अंधेरे में अहले सुबह घर घुस गया था बंगाल टाइगर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सिल्ली/मुरी।** रांची जिले के सिल्ली प्रखंड के मारदू गांव में बुधवार को पूरण चंद महतो के घर में एक बाघ घुस गया। इससे लोगों में हडकंप मच गया। बाघ घुसने की सूचना सिल्ली थाना और मुरी ओपी को दी गयी। सूचना मिलते ही प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचा और वन विभाग को इसकी सूचना दी। अनुमंडल दण्डाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने मुरी ओपी क्षेत्र के मारदू गांव में घटनास्थल से 200 मीटर की परिधि में जान माल की सुरक्षा को देखते हुए निषेधाज्ञा लागू कर दी। घर में बाघ घुसने के मामले में पूरण चंद महतो ने बताया कि सुबह 4:30 बजे वह उठकर दरवाजा खोलकर बाहर निकले, इसी क्रम में बाघ अंधेरे का फायदा उठाते हुए



घर में घुस गया। जब वे घर के अंदर घुसे तो बाघ को देखकर घबरा गये। धैर्य और साहस जुटाकर घर में सो रहे अपने तीनों बच्चों को लेकर बाहर भाग खड़े हुए और बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। बाघ ने किसी को क्षति नहीं पहुंचायी। वन विभाग सिल्ली, पलामू और ओरमांझी की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर बाघ को सुरक्षित तरीके से रेस्क्यू कर अपने साथ ले गए। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### रांची मेन रोड दंगा के आरोपी महबूब को नहीं मिली अग्रिम बेल

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने वर्ष 2022 में रांची के मेन रोड पर हुए दंगा मामले में आरोपी महबूब आलम को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। बुधवार को सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति आनंद सेन की अदालत ने आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

गौरतलब है कि 10 जून 2022 को जुमे की नमाज के बाद रांची के मेन रोड इलाके में उपद्रव, पत्थरबाजी और गोलीबारी की घटना हुई थी। इस घटना के बाद डेली मार्केट थाना में बड़ी संख्या में लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में हजारों लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। महबूब आलम को भी इसी मामले में आरोपी बनाया गया है, जिसको लेकर उन्होंने अग्रिम जमानत की मांग की थी।, लेकिन हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के बाद उसे खारिज कर दिया।



## गैस एजेंसी के ग्राहकों को दूसरी एजेंसी में भेजे जाने के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगायी रोक

रांची। झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में गैस एजेंसी के ग्राहकों को दूसरी एजेंसी में भेजे जाने के खिलाफ दाखिल याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने गैस कंपनी के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसके तहत गैस एजेंसी के ग्राहकों को दूसरी गैस एजेंसी में स्थानांतरित किया जा रहा है। अदालत ने मामले में केंद्र सरकार और बीपीसीएल से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 29 जुलाई को होगी। इस संबंध में देवी गैस एजेंसी सहित 12 गैस एजेंसियों की ओर से याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान गैस एजेंसियों की ओर से अधिवक्ता रूपेश सिंह ने अदालत को बताया कि 21 फरवरी 2025 को गैस कंपनी इंडेन और बीपीसीएल एक संकल्प जारी कर ग्राहकों का स्थानांतरण कर रही थी। कंपनी की ओर से कहा गया था कि जो मजबूत गैस एजेंसी है और जहां ग्राहकों की संख्या अधिक है, वहां के ग्राहकों को कमजोर और कम ग्राहक वाली गैस एजेंसी को स्थानांतरित किया जाएगा। यह प्रक्रिया शुरू भी कर दी गई थी। प्रार्थियों की ओर से बताया गया कि ग्राहक उनकी वर्षों की गाढ़ी कमाई हैं, जिनके लिए एजेंसी ने खर्च भी किया है। अब इनकी मेहनत का फल किसी दूसरी एजेंसी को कैसे दिया जा सकता है। स्थानांतरण के लिए न तो ग्राहक और न ही एजेंसी से अनुमति ली जा रही है। एकतरफा कार्रवाई उचित नहीं है। कंपनियों की ओर से कहा गया कि कंपनी और गैस एजेंसी के समझौते के तहत उन्हें ऐसा करने का अधिकार है। ग्राहक कंपनी के होते हैं, गैस एजेंसी के नहीं। इसलिए उनका आदेश उचित है। सुनवाई के बाद अदालत ने कंपनी के आदेश पर रोक लगाते हुए केंद्र सरकार से जवाब मांगा है।


### नोटरी पब्लिक

शपथ पत्र सं.- 10837
मैं, मनोज उराँव, पिता- राजकुमार उराँव, निवासी- आदर चट्टी, थाना- घाघरा जिला- गुमला, झारखण्ड। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस (JH0820040039184) में मेरा नाम मनोज कुमार उराँव अंकित है। मेरे आधार (307765532790) में नाम मनोज उराँव और पिता का नाम राजकुमार उराँव दर्ज है जो सही है। मनोज उराँव एवं मनोज कुमार उराँव एक ही व्यक्ति हैं। मेरे जानकारी में उपरोक्त सभी कथन सत्य है। ये शपथ पत्र दिनांक 21.06.2025 को संपन्न हुआ।

### NAME CHANGE

I , Payal Jalan, W/o Rajesh Jalan, R/o - House No.76 Near Uma Shanti Apartment, P.O - Ranchi University, P.S - Gonda, Saraitand Hatma Ranchi that maiden name was Mala Kumari, D/O Ram Bhagat Agrawal. That After marriage my name is changed Vide Affidavit - 1238 Dated - 23.6.2025 since then I will be known as Payal Jalan for all purposes.

### BEFORE THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, RANCHI
5TH FLOOR, PRAGATI SADAN (RRDA BUILDING),
KUTCHERY CHOWK, RANCHI 834001

**O.A. No. 250 of 2024**

BETWEEN

BANK OF INDIA, SILLI BR., RANCHI ....APPLICANT BANK

VS.

MULTICHOICE CEMENT AND STEEL & ANOTHER ..............DEFENDANTS

SUMMONS ISSUED UNDER RULE 23 (VIII) OF THE DEBTS RECOVERY TRIBUNAL (PROCEDURE) RULES, 1993

| SR No | DEFENDANTS | ADDRESSES |
|---|---|---|
| 1. | MULTICHOICE CEMENT AND STEEL PROP: SANJAY KUMAR S/O HUKUM NATH MAHTO | AT-GONDLIPOKHAR, P.O. & P.S. - ANGARA, DIST.- RANCHI 835102 |
| 2. | SANJAY KUMAR S/O HUKUM NATH MAHTO | R/O VILLAGE PALASHDIH GORADIH, P.O. & P.S. - SILLI, DIST.- RANCHI 834002 |
| 3. | SANTOSH KUMAR MAHTO S/O HUKUM NATH MAHTO | |

Whereas, the Applicant has instituted an Application u/s 19 of the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act 1993 against the Defendants for Recovery of sum of **Rs. 22,36,902.00/- (Rupees Twenty Two Lakhs Thirty Six Thousand Nine Hundred Two Only) together with current and future interest, cost for other reliefs,** The above mentioned Defendants is/are therefore directed to appear before **Registrar in on 18th day of July, 2025 at 10.30 A.M.** as to why the relief's prayed for should not be granted and to file show-cause in the matter. The notice that in case of default, the application will be heard and determined in your absence.
Given under my hand and seal of this Tribunal on this the **19th day of May, 2025.**

REGISTRAR


## राज्य में जल जीवन मिशन की सीएस ने तमाम उपायुक्तों के साथ की समीक्षा

# जल जीवन मिशन की सफलता में सभी उपायुक्त लीडरशिप दें : मुख्य सचिव



### क्या है योजना की फैक्ट फाइल

| | |
|---|---|
| कुल योजनाए : | 97,535 |
| पूर्ण योजनाएं : | 56,332 |
| ग्राम समिति को सुपुर्द योजनाएं : | 24,781 |
| कुल गांव : | 29,398 |
| नल जल से जुड़े गांव : | 6,963 |
| कुल घर : | 62,54,059 |
| नल से पानी आपूर्ति वाले घर : | 34,42,332 |

लक्ष्य : दिसंबर 2028 तक सभी घरों में नल से जल पहुंचाना

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। हर घर नल से जल को लेकर चल रहे जल जीवन मिशन की झारखंड में वर्तमान स्थिति को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान मिशन के आड़े आ रही समस्याओं का समाधान निकालने की कोशिश की गई। वर्चुअल माध्यम से जुड़े तमाम जिले के उपायुक्तों को मुख्य सचिव ने मिशन के सुचारू क्रियान्वयन में लीडरशिप देने का निर्देश दिया। कहा कि मिशन के कार्यों में समन्वय स्थापित करने के लिए सक्रिय सहभागिता निभायें। इसकी नियमित समीक्षा करें।

**इलाके के मुखिया के साथ नियमित अंतराल पर बैठक करें**

मुख्य सचिव ने कहा कि इलाके के मुखिया के साथ नियमित अंतराल पर बैठक करें। इससे इलाके की अच्छी जमीनी जानकारी मिलेगी। इस फीडबैक का उचित उपयोग करें। अधूरा कार्य और पूरा भुगतान का मामला सामने आने पर उसे गंभीरता से लें। उसकी जांच कराएं और समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे जब भी किसी काम से फील्ड में जाएं, तो वहां के जल जीवन मिशन के कार्यों को जरूर देखें। उसका आकलन करें और जरूरत पड़ने पर मौके पर ही समस्या का समाधान करें।

**सभी उपायुक्तों को मिलेंगे दो इंजीनियर**

सीएस ने कहा कि जल जीवन मिशन की सफलता के लिए सभी उपायुक्तों को दो कमिटेड इंजीनियर दिये जा रहे हैं। वे उपायुक्तों के अधीन कार्य करेंगे। मुख्य सचिव ने कहा कि उनका टेक्निकल सेल बना कर पूरा काम लें। रोज उन्हें काम सौंपे और उसकी रिपोर्ट लें। मुख्य सचिव ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कार्यकारी एजेंसी को पांच साल तक रख-रखाव की जिम्मेदारी तय है। निर्देश दिया कि प्रशासनिक स्तर की बाधा को उपायुक्त प्राथमिकता के स्तर पर अपनी लीडरशिप में दूर कराएं। पूरी हो चुकी योजना को ग्राम समिति को सुपुर्द करने का निर्देश दिया।

## जेपी के आह्वान से भयभीत इंदिरा गांधी ने लगाया था आपातकाल : कर्मवीर सिंह



- **भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा कि 21 महीनों तक नहीं हुई थी कोई राजनीतिक जनसभा, भाजपा मुख्यालय में मना संविधान हत्या दिवस**

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री ने बुधवार को संविधान हत्या दिवस पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण को याद किया। पार्टी मुख्यालय में जेपी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। श्री सिंह ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले से इंदिरा गांधी की सांसद के रूप में सदस्यता समाप्त हो चुकी थी। उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिये था। लेकिन, इंदिरा गांधी ने न सिर्फ न्यायालय के आदेश की अवमानना की। बल्कि देश के संविधान को ही कुचल डाला। उन्होंने कहा कि 25 जून को दिल्ली के रामलीला मैदान में देश भर से जुटे लाखों लोकतंत्र सेनानियों को संबोधित करते हुये जेपी ने आह्वान किया था कि सिंहासन खाली करो कि जनता आती है। लेकिन, आधी रात को देश में एक काले अध्याय की शुरूआत हुई। उन्होंने कहा कि आज संविधान बचाने की दुहाई देने वाली कांग्रेस ने लोकतंत्र की सारी मर्यादाओं को तार-तार किया है। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को दिल्ली में ही ऐतिहासिक सभा के बाद 21 महीनों तक देश की जुबान को आपातकाल के माध्यम से कुचल दिया गया था। कोई राजनीतिक सभा इस दौरान नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा कि भारत की जनता प्राचीन काल से लोकतंत्र प्रेमी है। यह देश लोकतंत्र की जननी है। भारत की जनता लोकतंत्र को कुचलने वाले को सबक सिखाना जानती है।

## बंधु तिर्की ने दिल्ली में कांग्रेस नेताओं से की मुलाकात

### संगठन को नये तेवर और कलेवर में ढालने पर जोर



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने दिल्ली प्रवास के तीसरे दिन पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। बंधु तिर्की ने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा, कांग्रेस अल्प संख्यक मोर्चा के अध्यक्ष सह सांसद इमरान प्रतापगढ़ी और राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी से मुलाकात की। झारखंड में संगठन के काज-काज और विस्तार के लिहाज से ये मुलाकात खास रही। इस दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने राज्य में कांग्रेस के सांगठनिक कार्यकमों की विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत चल रहे अभियान से भी अवगत कराया। कांग्रेस झारखंड में संगठन को नये तेवर और कलेवर में ढालने में जुटी हुई है। संगठन के अंदर जातीय और सामाजिक संतुलन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। खासकर एसटी/ एससी/ ओबीसी के बीच से नेतृत्वकारी चेहरा को राजनीति के मैदान में मौका देने पर संगठन काम कर रही है।

## कांग्रेस की सत्ता की भूख का परिणाम था आपातकाल : सुदेश महतो



खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आपातकाल के 50 वर्ष होने पर आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि आपातकाल कांग्रेस की सत्ता की भूख का परिणाम था। 25 जून 1975 को भारत के इतिहास में एक काला अध्याय लिखा गया, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आपातकाल लागू कर लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों को कुचल दिया। आज जब राहुल गांधी संविधान बचाओ की बात करते हैं तो यह हास्यास्पद लगता है।

श्री महतो ने कहा कि आपातकाल वह दौर था जब नागरिकों के मौलिक अधिकारों को छीन लिया गया, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ताला लगा दिया गया और लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया गया। सुदेश महतो ने इस घटना को भारतीय लोकतंत्र पर एक गहरा आघात बताया, जिसने देश की जनता को मजबूर और असहाय बना दिया।

श्री महतो ने कहा कि तत्कालीन सरकार ने अपनी शक्ति को बनाए रखने के लिए लोकतंत्र की आत्मा को दबाने का प्रयास किया। प्रेस पर सेंसरशिप, विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी और संवैधानिक अधिकारों का हनन उस दौर की सबसे दुखद तस्वीर थी। उन्होंने कहा कि यह समय हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र कितना नाजुक हो सकता है, और इसे संरक्षित करने के लिए हमें सतर्क और संगठित रहना होगा।

**झारखंड में भी लोकतंत्र की रक्षा की आवश्यकता : डॉ भगत**

मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि आपातकाल ने देश के युवाओं और सामान्य नागरिकों को यह सिखाया कि सत्ता का दुरुपयोग कितना खतरनाक हो सकता है। झारखंड जैसे राज्य, जहां लोग अपनी पहचान और अधिकारों के लिए लंबे समय से संघर्ष करते रहे हैं, वहां लोकतंत्र की रक्षा करना और भी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आपातकाल के दौरान जेल में बंद उन नेताओं और कार्यकर्ताओं को याद किया, जिन्होंने लोकतंत्र की बहाली के लिए संघर्ष किया।

**जेपी आंदोलन ने संघर्ष के लिए प्रेरित किया : प्रभाकर**

झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि 1975 की थोड़ी बहुत यादें उनके जेहन में हैं, क्योंकि वह उस वक्त 7 वर्ष के थे और दुमका में आंदोलनकारियों का जुलूस निकलता देख प्रेरित होते थे। आपातकाल में उनके पिता को दुमका और मामा को रांची में बिना कारण गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने वर्तमान संदर्भ में आपातकाल से सीख लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज भी कई बार झारखंड में भी सत्ता पक्ष द्वारा जनता की आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है। ऐसी स्थिति में जनता को जागरूक और संगठित होकर अपने अधिकारों की रक्षा करनी होगी।

## साहिबगंज जलापूर्ति योजना में प्रार्थी को जवाब दाखिल करने का निर्देश

रांची। साहिबगंज में पेयजल उपलब्ध कराने के मामले की याचिका पर बुधवार को सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने प्रार्थी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अदालत को बताया जलापूर्ति योजना के लिए नयी कंपनी को काम दिया गया है। इस पर कुछ समय लगेगा। इसका प्रार्थी की ओर से विरोध किया गया और आरोप लगाया गया कि सरकार गलत जानकारी दे रही है। इसके बाद अदालत ने मामले की सुनवाई अगस्त के दूसरे सप्ताह में निर्धारित कर प्रार्थी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। इस संबंध में सिद्धेश्वर मंडल ने जनहित याचिका दायर की है। वर्ष 2016 में ही जलापूर्ति योजना पूरी करने के लिए जनहित याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट ने इस योजना को पूरा करने का निर्देश सरकार को दिया था और प्रार्थी को छूट देते हुए अदालत ने कहा था कि यदि कार्य पूरा नहीं हो तो वह दोबारा कोर्ट में आ सकते हैं। प्रार्थी ने अदालत को बताया कि योजना का काम अभी भी अधूरा है, इस कारण उन्हें दोबारा याचिका दायर करनी पड़ी।

## कोयलांचल विश्वविद्यालय में हो जनजातीय भाषा की पढ़ाई, खुले इसका विभाग : डॉ लंबोदर महतो

- **पूर्व विधायक ने राज्यपाल को लिखा पत्र, कुरमाली, संथाली खोरठा जैसी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई शुरू कराने के लिए पहल करने की मांग**

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर झारखंड की क्षेत्रीय तथा जनजातीय भाषा यथा कुरमाली, संथाली एवं खोरठा की पढ़ाई शुरू करने की मांग की है। उन्होंने राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया है कि इस विश्वविद्यालय के 2017 में स्थापना के बाद अब तक कुरमाली, संथाली खोरठा जैसी जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा की पढ़ाई यहां के अंगीभूत महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर तक आरंभ नहीं की गई है सिर्फ कुछ संबद्ध (एफिलिएटेड) महाविद्यालय में इसकी पढ़ाई की सामान्य व्यवस्था है। दूसरी तरफ स्नातकोतर पर टीआरएल का विभाग तक खोला नहीं गया है। इस कारण यहां के बहुत से छात्र- छात्राएं एवं शोधार्थी स्नातकोत्तर की पढ़ाई आरंभ नहीं होने से परेशान हैं, मायूस हैं और भटक रहे हैं। विशेष कर यहां की छात्राओं को इन भाषाओं की पढ़ाई छोड़ने को विवश होना पड़ रहा है। उन्होंने राज्यपाल को लिखे अपने पत्र में इस बात की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया है कि राज्य के रांची विश्वविद्यालय, कोल्हान विश्वविद्यालय, नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय आदि में क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषा की पढ़ाई स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर तक हो रही है पर बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय इन भाषाओं के अध्ययन अध्यापन से दूर है। उन्होंने कहा है कि बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय की ओर से पूर्व में इसके लिए शिक्षा निदेशालय को सूचित किया जा चुका है साथ ही जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषाओं की अध्यापन व्यवस्था शुरू करने एवं सुचारु रूप से संबंधित विषय में आवश्यकता अनुसार पद सृजित करते हुए पढ़ाई आरंभ करने के नियमित निवेदन किया जा चुका है किंतु अब तक इस आशय का कोई आदेश विश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं हुआ है।

## झारखंड में आठवीं बोर्ड से वंचित छात्रों के लिए होगी विशेष परीक्षा

खबर मन्त्र ब्यूरो


रांची। झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) की ओर से कक्षा आठ की विशेष परीक्षा 2025 को लेकर एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गयी है। यह परीक्षा उन छात्रों के लिए आयोजित की जा रही है, जो किसी कारणवश कक्षा आठ की बोर्ड परीक्षा 2025 में सम्मिलित नहीं हो पाए थे। परिषद् ने सभी अभिभावकों, विद्यालय प्रमुखों और संबंधित पदाधिकारियों को सूचित किया है कि ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भरा जाएगा। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया परिषद की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की जाएगी। जिन छात्रों ने पहले ही परीक्षा फॉर्म भरा था और परीक्षा में अनुपस्थित रहे, उन्हें दोबारा फॉर्म भरने की आवश्यकता नहीं है। उनका पुराना प्रवेश पत्र ही वैध माना जाएगा। वहीं, नए छात्रों के लिए सभी आवश्यक दिशा-निर्देश वेबसाइट पर उपलब्ध कराए गए हैं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा स्वीकृत विद्यालयों के वे छात्र ही इस विशेष परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे जिन्हें ऑनलाइन स्वीकृति प्रदान की गई हो। इसके लिए विद्यालयों को परिषद द्वारा पूर्व में प्रदान किए गए यूजर आईडी और पासवर्ड का प्रयोग करते हुए आवेदन भरना होगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 25 जून 2025 से 7 जुलाई 2025 तक तय की गई है। परीक्षा की तिथि व अन्य कार्यक्रम की घोषणा ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद की जाएगी।

## झारखंड में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने की बैठक, कहा

# राज्य के सभी जिलों में फीड मिल निर्माण का प्रस्ताव तैयार करें

- **प्रमंडल स्तरीय मत्स्य प्रभारी हर माह करेंगे 2 से 3 जिलों का दौरा**



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में नीली क्रांति का सपना साकार करने की दिशा में मत्स्य विभाग वृहद कार्य योजना के साथ मैदान में उतरने जा रही है । राज्य में मत्स्य बीज और फीड को लेकर राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की लंबी लकीर खींचने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जहां मत्स्य पालन को लेकर राज्य के तालाबों का जीर्णोद्धार करने की योजना है। वहीं राज्य के हर एक जिले में मत्स्य विभाग फीड मिल की स्थापना का प्रस्ताव तैयार करेगा। रांची के पशुपालन भवन में मत्स्य विभाग की आहुत महत्वपूर्ण बैठक में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने ये दिशा निर्देश दिया है। मत्स्य विभाग की बैठक में निदेशालय के अधिकारी से लेकर राज्य भर के जिला मत्स्य पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।

समीक्षा बैठक में सबसे ज्यादा जोर मत्स्य बीज को बढ़ावा देने पर रहा। इसके लिए हर एक जिला में वर्तमान मत्स्य बीज उत्पादन की समीक्षा की गयी। इस समीक्षा में जहां कई जिलों का प्रदर्शन बेहतर रहा, वहीं कई जिलों को अपने प्रदर्शन में सुधार करने का निर्देश दिया गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने समीक्षा बैठक के दौरान मिट्टी और गाद से भरे तालाबों की सूची जिला स्तर पर तैयार करने का निर्देश दिया। ऐसे तमाम तालाब का जीर्णोद्धार विभाग के स्तर पर किया जाएगा। अनुपूरक बजट में इसके लिए राशि का प्रावधान करने की तैयारी है। इतना ही नहीं, सरकारी फिश फॉर्म के तालाबों की वर्तमान स्थिति और उसके विकास को लेकर भविष्य की योजना तैयार करने को भी कहा गया है। समीक्षा बैठक के क्रम में राज्य के 6 फीड मिल की भी समीक्षा की गयी। फीड मिल की उत्पादन क्षमता और वर्तमान में उत्पादन का विस्तृत ब्यौरा रखा गया। इसके बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने राज्य में मत्स्य फीड की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राज्य के सभी जिलों में फीड मिल स्थापना का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। इतना ही नहीं, पहले से संचालित फीड मिल को अपग्रेड करने के लिए एक कमेटी का गठन करने को कहा गया है। ये कमेटी फीड मिल को अपग्रेड करने से संबंधित प्रस्ताव को तैयार कर विभाग को सौंपेगी।

राज्य के फीड मिल में तैयार हो रहे फीड की जांच हर तीन माह में कराने का निर्देश भी मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिया है। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निदेशालय के बजाये जिला भ्रमण पर जाने को कहा है। प्रमंडल स्तरीय प्रभारी हर महीने 2 से 3 जिलों का भ्रमण करेंगे। जिला भ्रमण से संबंधित रिपोर्ट को संबंधित वरीय अधिकारी को अग्रसारित की जाएगी। अधिकारियों को कलस्टर बना कर काम करने की सलाह दी गई है। इसके साथ स्पष्ट तौर पर निर्देश दिया गया है कि अधिकारी विभाग की योजनाओं की चर्चा स्थानीय विधायक और मुखिया से जरूर करेंगे। जन प्रतिनिधियों से योजना से संबंधित सहयोग और उनकी सलाह को प्राथमिकता में रखना है। इसके साथ ही योजना का लाभ हर बार किसी एक लाभुक के बजाय नये लाभुकों को देने का निर्देश गया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इस मौके पर दो टूक शब्दों में कहा कि ऐसा काम करें कि लोग आपका नाम लें और आपके काम को हमेशा याद करें। बैठक में मत्स्य निदेशक एचएन द्विवेदी, विशेष सचिव प्रदीप हजारी, विभाग के उप निदेशक, प्रमंडलीय प्रभारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी मौजूद थे।


### प्रपत्र VII
### झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

संख्या–412/भू0अ0 दिनांक–21/06/2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना–**तिलैया से बगढो भाया जयनगर पथ के पुर्ननिर्माण हेतु** ग्राम–**लोहाडन्डा** थाना–जयनगर, थाना सं0–83,अंचल–जयनगर,जिला–कोडरमा में कुल–1.0390 एकड़ यानि–0.4205 हे0 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप में कमोवेश–1.0390 एकड़ यानि–0.4205 हेक्टेयर है और जो ग्राम– **लोहाडन्डा** थाना–जयनगर, थाना सं0–83, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

**ग्राम–लोहाडन्डा** थाना–जयनगर, थाना सं0–83, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा।

| क्र0 सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 18 | 49 | रैयती | टांड़ तीन | 0.1610 | हसीना खातुन पति–सकुर मियां वगैरह | प्लॉट सं0–45 | प्लॉट सं0–49 अंश | प्लॉट सं0–45 | प्लॉट सं0–48 |
| 2 | 47 | 100 | रैयती | टांड़ तीन | 0.8780 | मंसुर खान वो मरगुब आलम वो महबूब आलम वो मंसुब आलम पिता–मुंशी खान वो मुमताज खान वो सरताज खान वो सरकार खान उर्फ दिलावर खान वो असगर खान वो अकबर खान पिता–मुख्तार खान | प्लॉट सं0–47 | प्लॉट सं0–150 | प्लॉट सं0–100 अंश | सिमाना मौजा–बेलकत्तरी |
| | | | | कुल– | 1.0390 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/3013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिह्नित किये गये है, जिसकी संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है:–ग्राम–लोहाडन्डा थाना–जयनगर, थाना सं0–83, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा कुल रकवा–1.0390 एकड़ यानि–0.4205 हेक्टेयर भूमि अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैं:–शून्य

ह0/–
समुचित सरकार–सह–
उपायुक्त, कोडरमा

PR 355933 (Land Reforms)25-26*D

कार्तिक उरांव चौक से एलपीएन शाहदेव चौक तक फ्लाई ओवर की निविदा शीघ्र

# सीएम हेमंत सोरेन के विजन पर राजधानी को मिलेगी कई फ्लाईओवरों की सौगात

हीनू ढलान से स्वर्णरेखा नदी के दोनों किनारों पर जगन्नाथपुर तक फ्लाईओवर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजधानी रांची की आधारभूत संचरना को सुदृढ़ करने की दिशा में तेजी से पहल की है। शहर को खूबसूरत बनाने और सुलभ यातायात प्रदान के लिए उन्होंने पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार को प्रोजेक्ट तैयार करने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर परामर्शी एजेंसियों और पथ निर्माण विभाग के फील्ड सर्वे डिवीजन एडवांस प्लानिंग सीडीओ द्वारा विभिन्न योजनाओं का खाका तैयार कर लिया है। इन योजनाओं के खाका के प्रारूप का जीवंत थ्रीडी प्रस्तुतिकरण प्रधान सचिव के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके निमित्त प्रधान सचिव ने योजनाओं का डीपीआर जल्द तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि हरमू फ्लाई ओवर का डीपीआर तैयार है। जल्द ही निविदा निकाली जायेगी।




### अरगोड़ा-कटहल मोड-चापू टोली फ्लाई ओवर

अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ होते हुए चापू टोली तक लगभग 1.75 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर का निर्माण किया जायेगा। फ्लाई ओवर की चौड़ाई, जहां 10 मीटर होगी। वहीं, पहले से नीचे जा रहे सड़क को भी 7 मीटर चौड़ा किया जायेगा। इससे इस मार्ग पर दोहरी सुविधा मिल जायेगी। सड़क की दोनों तरफ ड्रेन, यूटिलीटी डक्ट रहेगा। नीचे की सड़क का सौदर्यीकरण किया जायेगा। साथ ही उपर फ्लाईओवर पर पूरी तरह प्रकाश की व्यवस्था रहेगी। दोनों किनारों पर न्वॉयज कैरियर ( रेलिंग ) भी रहेगा।



### करमटोली चौक से साइंस सिटी तक बनेगा फ्लाईओवर, आगे रिंग रोड तक फोरलेन

राजधानी को व्यस्त यातायात से मुक्त कराने के लिए करमटोली चौक से मोरहाबादी होते हुए साइंस सिटी तक 2.2 किलोमीटर लंबा फ्लाई ओवर बनाया जायेगा। इसका खाका तैयार कर लिया गया है। इस फ्लाई ओवर की चौड़ाई ऊपर 10 मीटर एवं नीचे सड़क की भी चौड़ाई 10 मीटर होगी। साइंस सिटी के आगे रिंग रोड तक फोर लेन सड़क बनायी जायेगी। इसकी लंबाई 5 किलोमीटर से अधिक है।

### स्वर्णरेखा नदी के किनारों पर वन-वे फ्लाई ओवर

हरमू और स्वर्णरेखा नदी का विकास एवं सौन्दर्यीकरण किया जायेगा। नदी पूरी तरह से खुली रहेगी। नदी के किनारे की जमीन का उपयोग किया जायेगा। नदी के दोनों किनारों पर आकर्षक पेड़ पौधे लगाये जायेंगे। लाइट भी लगेगी। हीनू ढलान के पास होटल एमराल्ड पर गोलंबर बनेगा। उसी गोलंबर से दाहिनी ओर मेकॉन रोड गार्डेन, डीपीएस के पीछे जगन्नाथपुर मंदिर तक दोनों ओर फ्लाईओवर बनेगा। पेट्रोल पंप के पास रेलवे लाइन पर आरओबी भी बनाया जायेगा। फिर यह फ्लाई ओवर नया सराय जाने वाले रास्ते को जोड़ेगा, जो रिंग रोड में तक जाता है। लंबाई करीब 8 किमी होगी।

### कार्तिक उरांव चौक से एलपीएन शाहदेव चौक तक हरमू फ्लाई ओवर

इस फ्लाई ओवर की लंबाई लगभग 3 किलोमीटर होगी। यह फ्लाई ओवर एक साइड से कार्तिक उरांव चौक से शुरू होगा, जो विशाल मेगा मार्ट तक जायेगा। सहजानंद चौक से रातू रोड जाने वाले इस फ्लाईओवर से विशाल मेगा मार्ट से उतर कर नीचे की सड़क से जायेंगे। विशाल मेगा मार्ट से कांके रोड जाने वाले भी नीचे वाली सड़क का ही प्रयोग करेंगे, लेकिन एलपीएन शाहदेव चौक से कार्तिक उरांव चौक तक वन वे सीधा फ्लाई ओवर आयेगा। इस फ्लाई ओवर के नीचे वाले मार्ग पर बिजली, टेलीफोन के तार एवं केबल सभी अंडरग्राउंड रहेंगे। इस योजना में यूटिलीटी डक्ट, ड्रेन, फुटपाथ और सौंदर्यीकरण शामिल है। दोनों ओर फ्लाई ओवर की चौड़ाई 8.50 एवं 8.50 मीटर होगी। एलपीएन शाहदेव चौक से भी दोनों ओर से चढ़ने की सुविधा रहेगी।

### मुक्तिधाम हरमू से रेडिसन ब्लू तक दोनों किनारों पर वन-वे फ्लाई ओवर का होगा निर्माण

कडरू एवं अशोक नगर को यातायात के दबाव से मुक्त करने के लिए हरमू मुक्तिधाम से हरमू नदी के दोनों किनारों पर एलिवेटेड अप-डाउन वन-वे फ्लाईओवर बनेगा। इसकी लंबाई 2.2 किमी होगी। नदी के किनारे सौंदर्यीकरण भी होगा। पथ निर्माण विभाग के एफएसडी के अधीक्षण अभियंता विजय रंजन कुमार, कार्यपालक अभियंता मनोज चौधरी एवं आकाश कुमार बादल तथा डिजाइन कंस्लटेंट के निदेषक सुधीर कुमार ने प्रस्तुतिकरण किया।

खबर एक नजर में

### शिबू सोरेन से हॉस्पिटल में मिले राज्यपाल

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से दिल्ली स्थित गंगाराम अस्पताल में भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। राज्यपाल ने वहां उपस्थित चिकित्सकों से उनके उपचार की प्रगति के संबंध में चर्चा की। राज्यपाल ने ईश्वर से उनके शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की कामना की।

### आरोपी मोहित देवड़ा की अर्जी पर सुनवाई 7 को

**रांची।** जीएसटी घोटाला मामले में जेल में बंद कोलकाता कारोबारी मोहित देवड़ा की जमानत याचिका पर बुधवार को पीएमएलए कोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान जवाब दाखिल करने के लिये समय की मांग की गई। इस पर अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 7 जुलाई निर्धारित की है। आरोपी ने 22 मई को जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की है। वह 10 मई से जेल में है।

### 29 जून को शहर में लागू रहेगी निषेधाज्ञा

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से 29 जून 2025 को वन क्षेत्र पदाधिकारी (फोरेस्ट ऑफिसर) प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसे लेकर रांची जिला प्रशासन ने बड़ा फैसला लिया है। परीक्षा वाले दिन सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा (धारा-163 के तहत पाबंदी) लागू रहेगी। जो 29 जून को सुबह 7 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक लागू रहेगा। यदि उम्मीदवार हैं तो सेंटर पर समय से पहले पहुंचे और एडमिट कार्ड और वैध आइडी साथ रखें।

### फ्री हेल्थ कैंप में 52 लोगों ने करायी जांच

**रांची।** रांची के डीसी ऑफिस में अपोलो क्लिनिक की ओर से एक फ्री हेल्थ कैंप लगाया गया। इस कैंप में लोगों को मुफ्त में हेल्थ चेकअप और डॉक्टरी सलाह दी गई। कैंप में ईएनटी स्पेशलिस्ट डॉ. निभा निहारिका कुमार और डेंटल डॉक्टर डॉ. रवि रौशन मौजूद थे, जिन्होंने आने वालों को जरूरी सलाह दी। अपोलो की टीम ने मौके पर ही ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी जांच की और हेल्थ से जुड़ी जानकारी भी दी। इस हेल्थ कैंप में कुल 52 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कैंप का मकसद था लोगों को हेल्दी रहने का महत्व समझाना और उन्हें अच्छी मेडिकल सुविधा देना। अपोलो क्लिनिक ने इस सफल आयोजन के लिए डीसी मंजूनाथ भजन्त्री और एनडीसी डॉ. सुदेश महतो का खास शुक्रिया अदा किया।

### चार आरोपियों की एबीपी पर हुई सुनवाई

**रांची।** शराब घोटाले से जुड़े मामले में एसीबी के पकड़ से दूर चार आरोपियों की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर बुधवार को एसीबी के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने केस डायरी की मांग की। साथ ही, अगली सुनवाई की तारीख दो जुलाई निर्धारित की है। मामले में गुजरात की विजन हॉस्पिटैलिटी सर्विस एंड कंसल्टेंट से जुड़े बिपिन जादवभाई परमार, महेश शेडगेपरेश महाराष्ट्र की मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े अभेसिंह ठाकोर और बिक्रमसिंह अभीसिंह ठाकोर ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये 10 जून को याचिका दाखिल की है।

### सात आरोपियों की 8 जुलाई तक हिरासत अवधि बढ़ी

**रांची।** बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में जेल में बंद सात आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि अदालत ने 8 जुलाई तक बढ़ा दी है। इससे पूर्व आरोपियों को वीसी के माध्यम से पीएमएलए कोर्ट में पेश किया गया। मामले में पुलिस पेपर सौंप दिया गया है। आरोप गठन पर सुनवाई जारी है। जमानत पर चल रह आरोपियों की ओर से अधिवक्ता एवं सशरीर उपस्थित होकर हाजिरी दी। जबकि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत पर बाहर निकलें अंतु तिर्की समेत चार आरोपियों ने व्यक्तिगत रूप से उपस्थित दर्ज कराई। मामले में हेमंत सोरेन, निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, अंतु तिर्की, विनोद कुमार सिंह, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरशाद अख्तर, शेखर कुशवाहा, मो इरशाद, तापस घोष, चौकीदार संजीत कुमार समेत अन्य आरोपी हैं।

### जो भी निर्णय आयेगा, प्रमोशन प्रभावित होगा

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में इंस्पेक्टर से डीएसपी में प्रमोशन की सीनियरिटी लिस्ट को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने सभी प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं अदालत ने यह भी कहा है कि इस याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत का जो भी निर्णय आएगा उससे प्रमोशन प्रभावित होगा। दरअसल पंकज भूषण एवं अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा है कि जेपीएससी को भेजी गई सीनियरिटी लिस्ट सही नहीं है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता दिवाकर उपाध्याय ने बहस की। उल्लेखनीय है कि झारखंड पुलिस में जल्द 64 इंस्पेक्टर स्तर के पुलिस पदाधिकारियों को डीएसपी (उप पुलिस अधीक्षक) पद पर प्रोन्नति किया जाना है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने इस संबंध में फाइल जेपीएससी को भेज दी है। प्रोन्नति प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए जल्द ही बोर्ड की बैठक आयोजित की जाएगी।

### पोशाक आपूर्ति मामले में प्रार्थी को जवाब देने का निर्देश

**रांची।** हजारीबाग में स्कूली छात्रों के पोशाक आपूर्ति में गड़बड़ी को लेकर दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने प्रार्थी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि याचिका में लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। आरोपों की जांच सरकार ने करायी थी, जिसमें आरोप गलत साबित हुए हैं। इसका प्रार्थी की ओर से विरोध किया गया और सरकार के जवाब के दावे में अपना पक्ष रखने की बात कही गयी और इसके लिए कोर्ट से समय देने का आग्रह किया। कोर्ट ने मामले की सुनवाई नवंबर में निर्धारित करते हुए प्रार्थी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। बता दें कि 9 करोड़ के पोशाक की आपूर्ति इस संबंध में प्रार्थी दिलीप कुमार रविदास ने याचिका दाखिल की है। उन्होंने याचिका में आरोप लगाया है कि 1.76 लाख स्कूली बच्चों के पोशाक की आपूर्ति तीन सहायता समूहों को दी गई थी। आपूर्ति का काम बिना टेंडर के दिया गया था।

### पैनम कोल के खिलाफ पीआइएल पर हुई सुनवाई

**रांची।** पैनम कोल माइंस के द्वारा अवैध खनन किए जाने की सीबीआई जांच और विस्थापितों के पुनर्वास की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। बुधवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अधिवक्ता ने कोर्ट को यह बताया कि पैनम के विरुद्ध उठाए गए, अब तक की कानूनी कदमों की विस्तृत जानकारी कोर्ट को आज दे दी जाएगी। जिसके बाद हाईकोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 10 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। दरअसल पैनम माइंस नाम की कंपनी को वर्ष 2015 में सरकार ने पाकुड़ और दुमका जिले में कोयला खनन का लीज दिया था। लेकिन उसपर यह आरोप है कि उसने लीज से ज्यादा खनन किया, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुक्सान हुआ है। इस संबंध में हाईकोर्ट के अधिवक्ता राम सुभग सिंह ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है।

### बांग्लादेशी युवती ठोस साक्ष्य के अभाव में बरी

**रांची।** न्यायिक दंडाधिकारी पीके वर्मा की अदालत ने बुधवार को एक अहम फैसले में बांग्लादेशी युवती निपाह अख्तर उर्फ खुशी को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। निपाह अख्तर पर भारत में अवैध रूप से घुसपैठ करने और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रहने का आरोप था। सुनवाई के दौरान आरोपी निपाह को हजारीबाग से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। उसके बचाव में डालसा के एलएडीसी अधिवक्ता बीरेंद्र प्रताप ने अदालत में पक्ष रखा था। घटना को लेकर बरियातू थाने के तत्कालीन थाना प्रभारी सुरेश कुमार मंडल ने 31 मई 2024 को सीमा में बिना किसी कागजात के दाखिल होना तथा घुसपैठ कर फर्जी दस्तावेज के आधार पर भारत में रहने का आरोप लगाते हुये निपाह अख्तर उर्फ खुशी, पायल दास उर्फ निम्पी बरुआ एवं अनिका दत्ता उर्फ शर्मिन अख्तर के खिलाफ बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दो आरोपी फरार है। इसके कारण उसके रिकॉर्ड को अलग कर दिया गया है।

मेन रोड में जमकर हुआ हंगामा

## बाइक सवार ने किशोरी को बताया अपनी बेटी तो टोटो चालक ने पत्नी

**विवेक राज/समीर**

**रांची।** राजधानी रांची के मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास बुधवार को सड़क में जमकर हंगामा हुआ। एक बाइक सवार व्यक्ति टोटो में बैठी किशोरी का हाथ पकड़कर जबरन उतार कर अपने साथ ले जाने का प्रयास करने लगा। बीच सड़क पर किशोरी का हाथ पकड़ा देख आसपास के लोग हैरत में पड़ गये। सभी को लगा कि किशोरी का सरेआम अपहरण कर ले जाया जा रहा है। मौके पर यातायात पुलिस पहुंची और मामला जानने का प्रयास किया। बीच सड़क पर बाइक सवार व्यक्ति किशोरी को अपनी बेटी बता रहा था, वहीं टोटो चालक किशोरी को अपनी पत्नी।



पुलिस ने सभी को डेली मार्केट थाना ले गयी। डेली मार्केट थाना की पुलिस ने बताया कि किशोरी मंगलवार से लापता थी। जांच के बाद किशोरी को उसके पिता के साथ घर भेज दिया गया है। वहीं पुरानी रांची के रहनेवाले टोटो रिक्शा चालक ताबिस को पीआर बांड पर छोड़ा गया है। किशोरी के परिवार वालों ने किसी प्रकार की लिखित शिकायत नहीं की है। वहीं जानकारी के अनुसार किशोरी पूर्व में भी ताबिस के साथ घर से भाग चुकी है।

अपहरण केस

### थाना में ही सुलह कराने पर हाईकोर्ट ने एसएसपी और थाना प्रभारी को किया तलब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने नाबालिग युवक के अपहरण के मामले में थाना स्तर से सुलह कराए जाने पर कड़ी नाराजगी जतायी है। बुधवार को अदालत ने यह निर्देश दिया कि सोमवार की सुनवाई के दौरान रांची एसएसपी और टुपुदाना थाना के प्रभारी अदालत के समक्ष उपस्थित हों। दरअसल तुपुदाना थाना क्षेत्र के एक नाबालिग युवक के अपहरण की शिकायत उसके परिजनों ने की थी। जिसके बाद युवक को बरामद कर लिया गया था। युवक के बरामद होने के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच सुलह तो करा दिया, लेकिन अपहरण करने वाले लगातार युवक के परिजनों को धमकी दे रहे थे। जिसके बाद युवक के परिजन सूरज मनी उरांव ने हाईकोर्ट की शरण ली।

ऑपरेशन 'आहट' के अंतर्गत मानव तस्करी के विरुद्ध चेकिंग अभियान

## फर्जी आधार कार्ड बनाकर नाबालिगों को ले जा रहा था बेंगलुरु, तस्कर गिरफ्तार

दलाल के चंगुल से बचे पांच नाबालिग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आरपीएफ की ओर से इन दिनों मानव तस्करी के विरुद्ध सतर्कता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को हटिया रेलवे स्टेशन पर एएचटीयू टीम आरपीएफ पोस्ट हटिया, सीआईबी, आरपीएफ रांची एवं फ्लाइंग टीम रांची मंडल द्वारा बाल एवं मानव तस्करी के विरुद्ध एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस चेकिंग के दौरान शाम प्लेटफॉर्म संख्या एक, लिफ्ट के पास पर पांच नाबालिग लड़के व एक वयस्क व्यक्ति को ट्रेन संख्या 12835 एक्सप्रेस की प्रतीक्षा करते हुए संदेहास्पद स्थिति में देखा गया। पूछताछ पर उन्होंने अपनी पहचान सोमनाथ माझी (15 वर्ष), पिता- बनमाली माझी, थाना- अर्सा, जिला- पुरुलिया (प. बंगाल), दामोदर नायक (15 वर्ष), पिता- राजू नायक, थाना- कोटशिला, जिला- पुरुलिया, राहुल नायक (16 वर्ष), पिता- बिरन नायक, थाना- झालदा, जिला- पुरुलिय, रश्मि बिहारी नायक (17 वर्ष), पिता- पंकज नायक, थाना- झालदा, जिला- पुरुलिया, लक्ष्मीकांत नायक (16 वर्ष), पिता- शंकर नायक, थाना- झालदा, जिला- पुरुलिया और झूलन कुमार (24 वर्ष), पिता- हनुमान दास कुमार, थाना- कोटशिला, जिला- पुरुलिया के रूप में दिया। टीम द्वारा पूछताछ के दौरान नाबालिगों ने बताया कि जयंता कुमार (उम्र 33 वर्ष), पिता- गोकुल कुमार, निवासी- रघुनाथपुर, थाना- कोटशिला, जिला- पुरुलिया, उनके घर आया था और बेंगलुरु में मजदूरी का लालच देकर उन्हें ले जाने की योजना बनायी। जयंता कुमार ने उनके लिए फर्जी आधार कार्ड तैयार कराया। जिनमें उनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक दर्शायी गयी थी। उन्होंने बताया कि झूलन कुमार को वे पहले से नहीं जानते थे, लेकिन जयंता कुमार ने उन्हें झूलन कुमार से झालदा रेलवे स्टेशन पर मिलवाया और फर्जी आधार कार्ड सौंप दिए और बेंगलुरु ले जाकर काम दिलवाने का आश्वासन दिया। सभी यात्रा एवं खाने-पीने का खर्च झूलन कुमार ने उठाया। टीम के पूछताछ में झूलन कुमार ने भी बताया कि वह नाबालिग बच्चों या उनके परिवारों को नहीं जानता।




**बाल श्रम कराने ले जाया जा रहा था बेंगलुरु :** ठेकेदार जयंता कुमार के माध्यम से झूलन कुमार सभी नाबालिग बच्चों को एक राज्य से दूसरे राज्य में बाल श्रम के उद्देश्य से ले जा रहा था। तभी सभी को हिरासत में लेकर आरपीएफ पोस्ट हटिया लाया गया। झूलन कुमार से 02 रेलवे टिकट, 02 फर्जी आधार कार्ड, 02 आधार की छायाप्रति, मोबाइल व छह सौ नगद जब्त किए गए हैं। घटना की जानकारी एएचटीयू /कोतवाली, रांची को दी गई और विधिसम्मत कार्रवाई के बाद आरोपी झूलन कुमार को आरपीएफ रांची को सौंप दिया गया एवं नाबालिग बच्चों को बाल आश्रय को सुपुर्द किया गया।

## झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स और वियतनाम के बीएफआइई के बीच द्विपक्षीय बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधिमंडल ने वियतनाम की राजधानी हनोई में वियतनाम एसोसिएशन ऑफ फॉरेन इन्वेस्टेड इंटरप्राइजेज के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का उद्देश्य भारत और वियतनाम के बीच व्यापारिक संबंधों को सुदृढ़ करना तथा झारखंड राज्य में विदेशी निवेश को आकर्षित करना है। दोनों पक्षों के बीच झारखंड के प्राथमिक क्षेत्रों यथा खनिज, कृषि-प्रसंस्करण, मैन्युफैक्चिरिंग, एनर्जी और टूरिज्म क्षेत्र में निवेश पर चर्चा हुई।



चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि यह बैठक झारखंड के लिए वैश्विक व्यापारिक मंचों से जुड़ने और अंतर्राष्ट्रीय निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में बड़ा कदम है।

## नैरोबी में प्रवासी भारतीयों से संजय सेठ ने किया संवाद



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने केन्या प्रवास के दौरान नैरोबी में प्रवासी भारतीयों के साथ संवाद किया। श्री सेठ ने दुनिया भर में रह रहे भारतवंशियों के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को साझा किया। आतंकवाद को लेकर भारत की स्पष्ट नीति और अटूट प्रतिबद्धता से इन्हें अवगत कराया। प्रधानमंत्री के नये भारत के लक्ष्य और दृष्टिकोण को रेखांकित किया और भारत की परिवर्तनकारी विकास यात्रा और उपलब्धियों से इन्हें अवगत कराया। भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि और इसके उभरते वैश्विक नेतृत्व पर प्रकाश डाला। इस संवाद कार्यक्रम ने केन्या में भारतीय समुदाय ने स्थायी सांस्कृतिक और भावनात्मक संबंधों को भी जीवंतता प्रदान की। इस अवसर पर केन्या में भारत के कार्यवाहक उच्चायुक्त सुशील प्रसाद, उच्चायोग के अधिकारी, केन्या में प्रतिष्ठित भारतीय संगठनों के प्रतिनिधि थे।

केंद्र ने दी बधाई, पूरे देश में ग्रीनफील्ड सिटी के विस्तार को लेकर तैयार होगा ब्लू प्रिंट

## स्मार्ट सिटी मिशन के दस साल पूरे, रांची स्मार्ट सिटी के मॉडल की हुई सराहना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्मार्ट सिटी मिशन के दस वर्ष पूरे होने पर बुधवार को मिशन की दसवीं वर्षगांठ मनायी गयी। इस मौके पर भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव तथा स्मार्ट सिटी मिशन की निदेशक रूपा मिश्रा ने स्मार्ट शहरों के सीईओ और पदाधिकारियों से वीसी के माध्यम से बात की। दस वर्ष पूरे होने पर उन्होंने कहा कि मिशन ने देश के शहरीकरण में एक सकारात्मक बदलाव और गति लाया है और हमारी कोशिश होनी चाहिए कि ये गति आगे भी बरकरार रहे। उन्होंने कहा कि सभी 100 शहरों के विकास के लिए गठित एसपीवी आगे भी कार्य करेंगे और कोशिश होगी कि शहरीकरण की योजनाओं में आपके विशेषज्ञता का की मदद ली जाये।



रांची स्मार्ट सिटी की ओर से भी यहां हो रहे कार्यों की जानकारी केंद्र सरकार को दी गयी। रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक तकनीकी राकेश कुमार नंदक्योलियार ने बताया कि हम एक ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहे हैं, जिससे रांची शहर को एक नई दिशा मिली है। प्रदेश के दूसरे हिस्सों में भी ऐसे ग्रीनफील्ड डेवलपमेंट की योजना पर सरकार कार्य कर रही है। वहीं, स्मार्ट सिटी मिशन, भारत सरकार की निदेशक ने इस प्रोजेक्ट की सराहना करते हुए कहा कि देश के दूसरे शहरों में भी ऐसी परियोजना विकसित होनी चाहिए। इसके लिए केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय अंत्तर्गत स्मार्ट सिटी मिशन एक ब्लू प्रिंट बनाएगा, जो कि रांची स्मार्ट सिटी की तर्ज पर आधारित होगा। उन्होंने कहा कि इस मॉडल से न केवल एक शहर का सुनियोजित विकास होगा, बल्कि वहां के नागरिकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं भी मिलेगी। इस मौके पर रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के सीईओ सूरज कुमार ने भी स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन के पदाधिकारियों और कर्मियों को बधाई दी और कहा कि रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन आगे भी जनता की आकांक्षाओं के अनुरुप शहर के विकास में अपना योगदान देगी।

# अरगोड़ा इलाके से दो नशा कारोबारी गिरफ्तार

- **ब्राउन शुगर की चार सौ पुड़िया, 19 सौ रुपये नगद, मोबाइल व पर्स जब्त**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अरगोड़ा थाना की पुलिस ने नशा कारोबार में शामिल दो अभियुक्त दिनेश कुमार राम और शिवम कुमार को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। दोनों अभियुक्त अरगोड़ा स्थित नवनीत कुमार विश्वास के अशोक विहार प्लॉट नं. - 2074अ, अशोक कुंज कश्यप विहार घर में किरायेदार के रूप में रह रहे थे।

पुलिस ने गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्तों के पास से ब्राउन शुगर की चार सौ पुड़िया, 19 सौ रुपये नगद, मोबाइल और एक काले रंग का पर्स जब्त की है।

इस सबंध में डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि अरगोड़ा थाना क्षेत्र में अशोक कुंज, कश्यप विहार में किराये के मकान से संदिग्ध लड़कों के द्वारा नाशीले पदार्थों की खरीद बिक्री की जा रही है।

इस संबंध में डीएसपी, हटिया के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन कर नवनीत कुमार विश्वास के घर पर विधिवत छापामारी करने पर दिनेश कुमार राम और शिवम कुमार के पास से क्रमशः ब्राउन शुगर का 220 व 180 पुड़िया बरामद कर विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं तीन अन्य नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की गिरफ्त में आये दिनेश कुमार राम का पूर्व आपराधिक इतिहास रहा है।

पुलिस टीम में पी के मिश्रा, पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, पुअनि सत्यम कुमार, पुअनि अभिषेक कुमार, पुअनि मुकेश कुमार उपाध्याय, पुअनि पिंटु कुमार, सअनि पवन कुमार यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## कोतवाली इलाके से ब्राउन शुगर सहित युवक गिरफ्तार



**रांची।** कोतवाली थाना की पुलिस ने ब्राउन शुगर कारोबार में शामिल अभियुक्त मोनु कुमार रजक को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त मैकी रोड, महावीर चौक का रहनेवाला है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 2.51 ग्राम ब्राउन शुगर, मोबाइल, चार हजार 670 रुपये नगद और एक स्कूटी (जेएच01एएम-5546) जब्त की है। इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर नागा बाबा खटाल के पास न्यू फलाई ओवर के नीचे छापामारी करने पहुंची तो पुलिस गाड़ी को देखकर एक लड़का भागने लगा। मौके पर सशस्त्र बल के सहयोग से घेराबंदी कर युवक को पकड़ा गया। पकड़ाये अभियुक्त ने पुलिस पूछताछ में अपनी पहचान मोनु कुमार रजक के रूप में दी। मौके पर तलाशी के दौरान मोनु कुमार रजक के पैंट के बाएं पैकेट से एक हरा रंग के प्लास्टिक डब्बा के अंदर 2.51 ग्राम ब्राउन सुगर, दाहिने पैकेट से मोबाईल व शर्ट के ऊपर पैकेट से 4,670 रुपया नगद बरामद किया गया। मोनु कुमार रजक से ब्राउन सुगर एवं बरामद पैसा के बारे में पूछने पर उसके द्वारा बताया गया कि यह ब्राउन सुगर गांधी नगर, थाना- गोन्दा के रहने वाले रंजन यादव एवं धर्मेन्द्र यादव जो नागा बाबा खटाल के पास रहता है, उससे खरीद कर बिक्री करता है। पुलिस टीम में पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली, पुनि सह-थाना प्रभारी कोतवाली थाना, पुअनि लाल बिहारी पाण्डेय सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## झाप्रसे के 10 अधिकारियों को अपर सचिव में प्रमोशन

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के 9 अधिकारियों को संयुक्त सचिव से अपर सचिव रैंक में प्रोन्नति दी है। विभागीय प्रोन्नति समिति की अनुशंसा के आलोक में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग की ओर से इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी गयी है। मालूम हो कि इसमें कुछ अधिकारी जल्द ही रिटायर होने वाले हैं। रिटायरमेंट से पूर्व मिली प्रोन्नति से वे काफी खुश बताए जा रहे हैं, क्योंकि प्रोन्नति के कारण होनेवाली वेतन बढ़ोतरी का लाभ उन्हें पेंशन में भी मिल सकेगा। **इन्हें मिली अपर सचिव रैंक में प्रोन्नति** : संध्या गुप्ता, नंदकिशोर लाल, दिलेश्वर महतो, इश्तियाक अहमद, विद्यानंद शर्मा पंकज, मो. शाब्बीर अहमद, संगीता लाल, अलोक शिकारी कच्छप और अनिलसन लकड़ा को राज्य सरकार ने अपर सचिव रैंक में प्रोन्नति देते हुए उनके वर्तमान पद को उत्क्रमित कर दिया है। वहीं मो. शाब्बीर अहमद के मामले में कहा गया है कि प्रोन्नति का लाभ उन्हें पदस्थापन के बाद मिलेगा।

## डीपीएस में झारखंड शिक्षा परियोजना और सिनी की मदद से नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**रांची।** स्वस्थ और जागरूक भावी पीढ़ी के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल ने झारखंड शिक्षा परियोजना, रांची एवं चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट (सिनी) के सहयोग से नशा और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया। यह कार्यक्रम छात्रों को नशे के मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और तंत्रिका संबंधी प्रभावों तथा समझदारी से जीवन के निर्णय लेने के महत्व को समझाने का एक सशक्त मंच बना। कार्यक्रम में दो विशिष्ट विशेषज्ञों शुभदीप अधिकारी और सुश्री संगीता ने विषय पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम मे भावनात्मक नाटक नशा छोड़ो, जीवन अपनाओ का मंचन किया गया। जिसे वार्ड संख्या 28 मधुकम के स्लम क्षेत्र के बच्चों ने प्रस्तुत किया। इस नाटक में नशे की विनाशकारी राह और उद्देश्यपूर्ण जीवन के चयन की महत्ता को दर्शाया गया, जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। इसके पश्चात एक क्विज सेशन आयोजित किया गया, जिसने छात्रों की नशे से संबंधित जानकारी को परखा और बढ़ाया। इस अवसर पर डीपीएस रांची की प्राचार्या डॉ. जया चौहान ने कहा शिक्षा केवल अकादमिक उत्कृष्टता नहीं है-यह जिम्मेदार नागरिकों का निर्माण है जो समझदारी से निर्णय ले सकें। यह जागरूकता कार्यक्रम इस बात की याद दिलाता है कि हर विद्यार्थी नशे को 'ना' कहकर जीवन को हां कहने की शक्ति रखता है। हमें मिलकर अपने छात्रों को उनके जीवन और समाज में परिवर्तन लाने के लिए सक्षम बनाना है।

## एसबीयू और यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना में हुआ शैक्षणिक करार



**रांची।** सरला बिरला यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना (अमेरिका) के बीच शैक्षणिक करार पर सहमति बनी है। इस आशय से संबंधित एमओयू पर एसबीयू के डायरेक्टर जनरल प्रो गोपाल पाठक और यूनिवर्सिटी ऑफ एरिजोना की वाइस प्रेसिडेंट जेनी ली ने हस्ताक्षर किया। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच अब शोध, परामर्श, शैक्षणिक तथा अन्यान्य क्रियाकलापों से संबंधित गतिविधियों का आदान-प्रदान होगा। इस एमओयू से दोनों विवि के छात्रों को वृहत शैक्षणिक परिवेश में अध्ययन करने का अवसर मिल सकेगा। साथ ही दोनों विवि के विभिन्न विशेषज्ञों के सान्निध्य में छात्रों को नवीनतम और शोधपरक जानकारियां भी उपलब्ध हो पाएंगी। सरला बिरला विश्वविद्यालय की कुलपति जयश्री मोहता, प्रतिकुलाधिपति शिबजय कुमार दलान, विवि के शासी निकाय के माननीय सदस्य अनंत जाटिया, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने दोनों विश्वविद्यालयों के बीच हुए एमओयू पर हर्ष व्यक्त किया है।

# नशे को ना, जिंदगी को हां- नशामुक्ति की ओर एक प्रभावशाली पहल

- **निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से नशे को ना, जिंदगी को हां, विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल एदलहातू में किया गया। इसमें 8वीं से 10वीं तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें एक स्वस्थ, सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा तथा सचिव सीमा शर्मा ने विशिष्ट अतिथियों का स्वागत कर की। प्राचार्य श्री शर्मा ने नशा मुक्त समाज की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि आज के युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन देना हम सभी शिक्षकों और अभिभावकों की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी सदर जेजे बेसरा, बरियातू थाना प्रभारी मनोज कुमार और पूजा विभूति थीं। इस दौरान अतिथियों ने छात्रों को नशे के बढ़ते प्रभाव और उससे होने वाले सामाजिक व मानसिक नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों और घटनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे नशे से दूर रहें और अपने जीवन में सकारात्मक लक्ष्य निर्धारित करें।

**कार्यक्रम की मुख्य झलकियां** : विद्यार्थियों ने नशे के खिलाफ पोस्टर, भाषण और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता फैलाई। स्कूल परिसर में नशे को ना थीम पर एक रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। अतिथियों ने छात्रों के साथ संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। इस आयोजन ने छात्रों एवं अभिभावकों दोनों को गहराई से प्रभावित किया और नशामुक्त समाज की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हुआ। विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि वे निरंतर ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से समाज को जागरूक करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की सचिव ने झारखंड सरकार और पुलिस प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज में जागरूकता फैलाने का माध्यम बनते हैं और विद्यार्थियों को जीवन के सही निर्णय लेने में मदद करते हैं। मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका आशुतोष कुमार किरण कुमारी सुधीर कुमार अनामिका छेत्री निधि कुमारी इत्यादि के साथ विद्यार्थी भी उपस्थित थे

# दूसरा धर्म अपनाने वाले आदिवासी ही सरकार की योजनाओं का उठा रहे हैं फायदा : सत्यनारायण लकड़ा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् की बैठक बुधवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद् के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा ने कहा कि पूरे विश्व विशेष कर भारत में आदिवासी सबसे पहला निवासी रहे हैं। इस बात को बुद्धिजीवियों, मानवशास्त्रियों एवं इतिहासकारों ने भी स्वीकारा है। भारत के उच्चतम न्यायालय ने भी माना है कि आदिवासी ही देश की धरती का प्रथम निवासी हैं। एक तरफ कुछ आदिवासी धर्म परिवर्तन करके विदेशी धर्म अपना लिए हैं और उनकी संस्कृति, परम्परा, मान्यतायें, रीति रिवाज, रहन सहन एवं खान-पान को अपना चुके हैं। संविधान में आदिवासी शब्द की परिभाषित मूल्य तत्व को ही सरकार ने खत्म कर दिया है और दूसरा धर्म अपनाने वाले आदिवासी ही सरकार की योजनाओं का 90% फायदा उठा रहे हैं। महासचिव जादो उरांव ने इस संबंध में कहा कि सरकार की ऐसी चापलूसी नीति कब तक चलेगी? सरकार की गलत नीति के कारण आदिवासी समाज राष्ट्र की मुख्यधारा से कोसों दूर है।

बैठक में मुख्य रूप से परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष बाना मुंडा, महासचिव जादो उराव, संयुक्त सचिव विमल कच्छप, अजय लिंडा, दीपक जायसवाल, जय बक्शी, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

## डायन कह कर प्रताड़ित करने वाली को नहीं मिली जमानत

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने बुधवार को डायन का आरोप लगाकर लोहे की रॉड से प्रहार कर महिला की हत्या करने के मामले में जेल में बंद बासो देवी उर्फ बसंती देवी ओर से दायर जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने अभियुक्त को जमानत देने से इनकार किया। उक्त आरोप में वह 24 जुलाई 2022 से जेल में है। महिला की हत्या 23 अप्रैल 2022 को कर दी गई थी। घटना को लेकर मृतक का पति ने नामकुम थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि सूचक के चचेरे भाई की पत्नी बसंती देवी ने संपत्ति हड़पने के लिये साजिश रचकर उसकी पत्नी की हत्या कर दी।

# आरएसएस सर्विसेस ने नहीं दिया किराया, छात्र संगठनों ने की तालाबंदी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** छात्र संघ कार्यालय को खाली करने एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में छात्र संघ कार्यालय के किराये के भुगतान के संबंध में बुधवार को आदिवासी छात्र संघ और झारखंड छात्र मोर्चा ने मिलकर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में तालाबंदी की। साथ ही छात्र संघ का कहना है कि विश्वविद्यालय के छात्र संघ कार्यालय को आरएसएस सर्विसेस ने विश्वविद्यालय प्राधिकरण की पूर्व अनुमति के बिना एक फरवरी से 25 फरवरी तक सुरक्षा गार्डों के आवास के लिए छात्र संघ कार्यालय पर कब्जा कर लिया था। इसका विरोध आदिवासी छात्र संघ और झारखंड छात्र मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पूरे जोर-शोर से किया था और विश्वविद्यालय में तालाबंदी भी की थी। इसके बाद विवि प्रशासन ने आरएसएस सर्विसेस से पांच माह का किराया के रूप में 6.25 लाख रुपये जमा करने का निर्देश दिया था। परंतु एजेंसी की ओर से अब तक किराया जमा नहीं किया गया है। छात्र संगठनों ने विवि प्रशासन से किराया जमा न किए जाने पर मासिक भुगतान रोकने की मांग की है। साथ ही डीएसपीएमयू में भी मैनपावर का मासिक वेतन भुगतान रोकने की मांग की है। मौके पर झारखंड छात्र मोर्चा की ओर से निवर्तमान अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज, सचित रंजन, अध्यक्ष मनीष राणा, आनन्द यादव, अल्ताफ राजा, शामी अहमद, साहिल खान और आदिवासी छात्र संघ के कार्यकारी अध्यक्ष दया राम, बादल भोक्ता, वसीम अंसारी, सुनील सोरेन, अमृत मुंडा, बजरंग सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सैटेलाइट और फेनोकैम तकनीक के माध्यम से झारखंड के वनों की मौसमी निगरानी को मिलेगी नयी दिशा

- **बीआईटी मेसरा, एनआरएससी हैदराबाद और झारखंड वन विभाग के बीच फॉरेस्ट फेनोलॉजी मॉनिटरिंग को लेकर हुआ त्रिपक्षीय समझौता**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** वन पारिस्थितिकी तंत्र में मौसमी बदलावों की निगरानी को वैज्ञानिक आधार पर सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर हैदराबाद, बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मेसरा और झारखंड वन विभाग के बीच मंगलवार को एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत झारखंड में फेनोकैम-आधारित वन फेनोलॉजी मॉनिटरिंग प्रोग्राम की शुरूआत की जाएगी, जिसमें उपग्रह डेटा और ग्राउंड-बेस्ड फेनोकैम तकनीक का समन्वय किया जाएगा। समारोह का आयोजन बीआईटी मेसरा परिसर में किया गया, जिसकी शुरूआत डॉ वीएस राठौड़, विभागाध्यक्ष, रिमोट सेंसिंग और जियोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई। उन्होंने पर्यावरणीय अनुसंधान में शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी एजेंसियों के बीच सहयोग की भूमिका को रेखांकित किया। परियोजना का तकनीकी खाका डॉ नीरज प्रियदर्शी, वैज्ञानिक, एनआरएससी कोलकाता द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि फेनोकैम सेंसर और सैटेलाइट डेटा के एकीकृत उपयोग से झारखंड के वनों में मौसमी परिवर्तनों की सटीक और सतत निगरानी संभव होगी। इसके साथ ही डॉ। गिरीश पुजार, वैज्ञानिक, इसरो मुख्यालय, बेंगलुरु ने इस परियोजना के महत्व और वैज्ञानिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. इंद्रनील मन्ना, कुलपति, बीआईटी मेसरा ने कहा कि पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए अनुसंधान-आधारित सहयोग अत्यंत आवश्यक है। डॉ प्रकाश चौहान, निदेशक, एनआरएससी हैदराबाद ने कहा कि फेनोलॉजिकल निगरानी वनस्पति की जलवायु प्रतिक्रिया को समझने में अहम भूमिका निभाती है। परितोष उपाध्याय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), झारखंड सरकार ने वन प्रबंधन में वैज्ञानिक तकनीकों के उपयोग की आवश्यकता को रेखांकित किया। वहीं डॉ एसके श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक, क्षेत्रीय रिमोट सेंसिंग केंद्र ने उपग्रह डेटा के व्यावहारिक उपयोग और उसके स्थानीय व क्षेत्रीय स्तर पर प्रभावशीलता को समझाया। समझौते का औपचारिक आदान-प्रदान सूरज सिंह, जिला वन पदाधिकारी हजारीबाग, एनआरएससी वैज्ञानिकों और डॉ सुदीप दास, कुलसचिव, बीआईटी मेसरा के बीच हुआ। इस अवसर पर कई प्रमुख हस्तियों में डॉ सी जेगनाथन, प्रोफेसर, रिमोट सेंसिंग और जियोइन्फॉर्मेटिक्स विभाग एवं वर्तमान कुलपति सरला बिरला विश्वविद्यालय, रवि रंजन, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक झारखंड और एसआर नटेश, मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव), झारखंड प्रमुख रूप से शामिल थे। कार्यक्रम में विभिन्न डीन, संकाय सदस्य और वन विभाग से जुड़े अधिकारी भी उपस्थित थे।

फेनोकैम एक स्थायी डिजिटल कैमरा प्रणाली है, जिसे वनों में स्थापित किया जाता है। यह वनस्पति की लगातार छवियां कैप्चर करता है और पत्तों का उगना, फूलों का खिलना व झड़ना जैसे मौसमी बदलाव दर्ज करता है। जब इसे उपग्रह रिमोट सेंसिंग डेटा के साथ जोड़ा जाता है, तो यह वन स्वास्थ्य का सटीक आकलन करने, उपग्रह डेटा का स्थलीय सत्यापन करने और वन क्षेत्र में जलवायु से जुड़ी प्रारंभिक चेतावनी संकेतों की पहचान में सहायक होता है। इस परियोजना के माध्यम से वन फेनोलॉजी की निगरानी, जलवायु अनुसंधान, कार्बन उत्सर्जन विश्लेषण और जैव विविधता संरक्षण जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण डेटा उपलब्ध कराया जाएगा। यह पहल झारखंड में पारिस्थितिकी संरक्षण और स्थिरता की दिशा में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के प्रभावशाली उपयोग का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

## खबर एक नजर में

### संत जेवियर्स कॉलेज और सीआईआई यंग इंडियंस के बीच हुआ समझौता करार



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज और सीआईआई यंग इंडियंस (वाईआई) रांची चैप्टर के बीच बुधवार को समझौता करार हुआ। इसके साथ ही कॉलेज कैंपस में युवा चैप्टर को आधिकारिक तरीके से लॉन्च किया। इस करार का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता को विकसित करना, उद्यमिता के क्षेत्र में, सामाजिक प्रभाव और राष्ट्र निर्माण के अवसरों के साथ सशक्त बनाना है। युवा के माध्यम से छात्र नवाचार और सड़क सुरक्षा से लेकर स्वास्थ्य, पर्यावरण और कौशल विकास तक की विभिन्न पहलों में शामिल होंगे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे, उप-प्राचार्य डॉ. फादर अजय अरुण मिंज, एसजे, बीबीए विभागाध्यक्ष डॉ. अभिजीत दे, यी रॉची चैप्टर के चेयरपर्सन राहुल मारू, आदित्य कुमार, युवराज रिशव राजगढ़िया, स्नेहा नारायण पर उपस्थित थे।

### बार कौंसिल के उपाध्यक्ष ने राज्यपाल से मुलाकात की

**रांची।** झारखंड बार कौंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल ने बुधवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की और राज्य के वकीलों की समस्याओं से अवगत कराया। शुक्ल ने राज्य के सभी स्तर के बार एसोसिएशन भवनों में आधारभूत संरचना बढ़ाने तथा बरसात में बेहतर व्यवस्था सुलभ कराने का आग्रह किया। शुक्ल ने राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से हो रहे सुधार की प्रशंसा करते हुए राज्य में विधि शिक्षा को भी बढ़ावा देने का राज्यपाल से आग्रह किया। विधि शिक्षा के लिए बेहतर आधारभूत संरचना सुलभ कराने का आग्रह किया। इंटर में छात्रों को नामांकन में हो रही असुविधा को देखते हुए इस वर्ष सभी महाविद्यालय में नामांकन की सुविधा दिलाने का भी आदेश देने की मांग की।

### एपीपी और क्लैट परीक्षा के लिए विशेष बैच



**रांची।** शहीद चौक स्थित सुबोध लॉ क्लासेस में एपीपी और क्लैट परीक्षा के लिए 4 जुलाई से विशेष बैच शुरू हो रहा है। एपीपी की परीक्षा के लिए पीटी, मेन्स और साक्षात्कार का पूरा सिलेबस कवर किया जाएगा। एपीपी के क्षेत्रीय भाषा के पेपर को भी अच्छी तरह से कवर किया जाएगा। संस्थान के निदेशक सुबोध कुमार ने छात्रों को एपीपी परीक्षा के लिए पीटी के लिए वस्तुनिष्ठ और मुख्य परीक्षा के लिए सब्जेक्टिव दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। उन्होंने झारखंड न्यायिक मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों को अंतिम समय में चयनात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी। निदेशक ने यह भी बताया कि 4 जुलाई से क्लैट के लिए नया बैच भी शुरू हो रहा है। निदेशक ने यह भी सलाह दी कि जुलाई में निर्धारित छोटानागपुर लॉ प्रवेश परीक्षा को पास करने के लिए छात्रों को भारतीय संविधान का अच्छी तरह से अध्ययन करना चाहिए। परीक्षा से संबंधित जानकारी के लिए छात्र कार्य समय के दौरान संस्थान के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### नशे के प्रयोग से बचना चाहिए : निर्मला बहन



**रांची।** ब्रहमाकुमारी संस्थान हरमू रोड में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने विचार अभिव्यक्त करते हुए केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने के पीछे का उद्देश्य लोगों को नशे की बुरी आदत से छुटकारा दिलाना तथा उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभाव से बचाना है। इसके लिए जागरूकता बहुत आवश्यक है। जागरूकता ही नशामुक्ति का सबसे बड़ा इलाज है। डॉ सुबोध ने कहा कि भारत में बहुत से लोग किसी न किसी रूप में शराब या मदिरा का सेवन करते हैं। अधिकतर लोगों में यह अंधविश्वास है कि थोड़ी सी मात्रा में रोजाना उच्च स्तर की शराब पीने से स्वास्थ्य ठीक रहता है। वास्तव में इस तरह की भ्रांत व्याख्याओं का उदय, भारत जैसे पवित्र आध्यात्मिक देश में, पश्चिमी देशों के कारण हुआ है। श्रीकृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा वास्तव में अधिक और निरंतर शराब पीने का असर प्रारंभ में शरीर के प्रमुख अंगों पर कम दिखता है। अग्रवाल सभा के उपमंत्री निर्मल बुधिया ने कहा आजकल लोग अच्छी निद्रा लाने के लिए भ्रम में शराब का अधिक से अधिक सेवन करते हैं और अंत में शारीरिक दुर्बलता, बीमारी आदि के कारण उन्हें निद्रा भी नहीं आती।

### आरडीबीए के महासचिव ने सादगी से मनाया जन्म दिन

**रांची।** जिला बार एसोसिएशन के महासचिव संजय कुमार विद्रोही ने बुधवार को अपने जन्मदिन का जश्न सादगी से मनाया। उन्होंने बार भवन के तीसरे तल्ले पर पूरे उल्लास के साथ मनाया। इस खास मौके पर 62 पाउंड का केक काटा गया और कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने गीत संगीत के माध्यम से उन्हें जन्मदिन की बधाइयां दीं। बधाई देने वालों में बार एसोसिएशन के कई प्रमुख पदाधिकारी और सदस्य शामिल थे। इनमें प्रशासनिक सचिव अभिषेक कुमार भारती, संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार चौरसिया, सहायक कोषागार दीनदयाल सिंह, सदस्य शंकर कुमार शर्मा, सोसन नाग, बीरेन्द्र प्रताप, दीपक कुमार, स्वरूप सिन्हा, अनिल कुमार सिंह महाराणा, सुनील पांडेय, मुकेश कुमार, उमेश सिंह, रतीश कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार वर्मा, जय प्रकाश, पीयूष मिश्रा, बरुण कुमार, उदय कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, मनोज कुमार, जितेंद्र कुमार, अमर सिंह महतो, सौरभ पांडे समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

### सैंटेविटा में रमेश लाल वर्मा की स्मृति में चैरिटी इवेंट आयोजित



**रांची।** सैंटेविटा अस्पताल में बुधवार को एक विशेष चैरिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वर्गीय रमेश लाल वर्मा की पुण्य स्मृति मे आयोजित इस कार्यक्रम में कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। को समर्पित था। इस मौके पर रेशमा साहू ने अस्पताल के कर्मचारियों के बच्चों को स्कूल बैग, पेंसिल बॉक्स, लंच बॉक्स, पानी की बोतलें एवं शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। इसके अतिरिक्त बच्चों को मनोरंजक खेल सामग्री जैसे शतरंज और लूडो भी उपहार स्वरूप दी गई, ताकि उनका झुकाव मोबाइल गेम्स से हटकर रचनात्मक और मानसिक विकास की ओर हो।

### देश की स्थिति 1975 से ज्यादा खतरनाक : कैलाश यादव

**रांची।** प्रदेश राजद कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. विश्वनाथ प्रताप सिंह का जन्म जयंती मनाया गया। इस दौरान प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। यादव ने इस अवसर पर कहा कि आज का दिन काफी ऐतिहासिक है, क्योंकि तत्कालीन जनता दल पार्टी की विचारधारा को अक्षरशः पालन करने वाले देश के सबसे वचनबद्ध नेता वीपी सिंह का जन्म जयंती है, जिन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के लिए 50 फीसदी आरक्षण लागू कर संवैधानिक हस्ताक्षर करने का साहसिक निर्णय लिया था और वह देश के एकमात्र वचनबद्ध नेता साबित हुए। यादव ने कहा कि देश में बढ़ते राजनीतिक तानाशाह, अपराध, भ्रष्टाचार के खिलाफ आज ही के दिन 25 जून 1975 को देश में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के कार्यकाल के दौरान इमरजेंसी घोषित हुई थी। जिस कारण यह देश के लोकतांत्रिक ढांचा को कलंकित करने वाला माना जाता है।

# आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन



महोत्सव का उद्घाटन करते डीडीसी व मौजूद पदाधिकारी समेत अन्य।



प्रदर्शनी के दौरान आमों का अवलोकन करते डीडीसी व मौजूद अतिथि।



महिला को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते डीडीसी व मौजूद अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

## ➲ आम बागवानी रोजगार सृजन का प्रमुख साधन है : डीडीसी सौरभ कुमार भुमानिया

**बेड़ो।** आम बागवानी रोजगार का प्रमुख साधन बन गया है। यह बातें रांची के डीडीसी सौरभ कुमार भुमानिया ने बेड़ो प्रखंड के मनरेगा पार्क ईंटाचिल्दरी गांव के समीप बुधवार को बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आयोजित आम महोत्सव सह बागवानी मेला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने संयुक्त रूप से दीप मेला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित विषयों पर प्रखंड स्तर पर लाभुकों को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। जिससे इसमें व्यापक प्रगति हो सके। साथ ही शेष लाभुकों को इसे रोजगार के रूप में आत्मसात करना चाहिए। पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा ने कहा कि इस पार्क में करीब दो सौ एकड़ में आम की बागवानी की गई है। जिससे ग्रामीणों को रोजगार का साधन मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि हमलोग एक एकड़ में 112 आम का पौधा लगाते हैं। एक पेड़ दस पुत्र के समान होता है। इससे रोजगार सृजन के अवसर मिलते हैं। साथ ही पर्यावरण की रक्षा होती है। बीडीओ राहुल उरांव ने कहा कि आम बागवानी रोजगार के क्षेत्र में मील का पत्थर बनेगा। यह लाभुकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाता है। जिससे सालभर लाभुकों को घर परिवार के भरण पोषण में सहयोग मिलता है। सीओ प्रताप मिंज ने कहा कि आम बागवानी ग्रामीण क्षेत्रों में कालान्तर में लाभुकों के लिए वरदान बनेगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रो करमा उरांव, मुखिया अनीता बाड़ा, तंजीर हुसैन व जिपस बेरोनिका उरांव आदि ने अपने विचार रखे। महोत्सव में डीडीसी ने मनरेगा के कार्य पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले ग्रामीणों में अफसाना परवीन, दिलीप भगत, रकीब खान, गुड्डू मीर,वाहिद अंसारी, लीली बाड़ा, पूनम देवी, रूखसाना परवीन, बागवानी सखियों में कृपा लकड़ा, अनिता उरांव, नमिता देवी, कृष्णा उरांव, करमु गोप, शांति टोप्पो, रूथ खेस, आनन्द साहू व अंजू कच्छप आदि को प्रशस्त पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत महिला लाभुकों के बीच उन्नत चूल्हे का वितरण किया गया। वहीं डीडीसी ने स्टालों में प्रदर्शनी पर लगे विभिन्न प्रकार के आमों का मुआयना किया। साथ ही मनरेगा पार्क में आम पौधों का रोपण किया। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनीय अभियंता सद्दाम हुसैन, दुर्गा टाना भगत, मुकेश सिन्हा, पंचायत सचिव करमु कंडिर, निरोज लकड़ा,सखी मंडल की दीदी, किसान सहित ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बुधराम बाड़ा, लाल नागेंद्र नाथ शाहदेव, राजेश सहाय, कलिंद्र सिंह, रवि उरांव, अरूण उरांव, जावेद आलम, दीपक कुमार, वसीम अकरम, अश्विनी सिंह, किरण देवी व नमिता देवी आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

# राजकिला : पूजा की परंपराओं में जीवंत है अतीत

**रथयात्रा पर विशेष**


➲ 126 वर्षों से यहां हो रही रथयात्रा पूजा

➲ वक्त के साथ गहरी हुई आस्था की जड़ें

शेख मुजिबुल

**रातू।** राजकिला में राजवंशी व्यवस्था गुजरे जमाने की बात हो गयी। किंतु, स्वर्णिम अतीत की झांकी आज भी विद्यमान है। वक्त के साथ आस्था की जड़ें गहरी होती चली गयी। किले का गौरवशाली इतिहास है। 125 वर्षों से यहां रथयात्रा हो रही है। हालांकि, प्रथम महाराजा फणिमुकुट राय ने सन 64 ई में पिठोरिया के सुतियाम्बे गढ़ से इसकी शुरूआत की थी। सिंहासन संभालने के बाद उन्होंने दूत भेजकर उड़ीसा के जगरनाथपुरी से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की प्रतिमा मंगायी। 61 वें महाराजा प्रताप उदय नाथ शाहदेव ने अपने कार्यकाल के दौरान वर्तमान राजमहल के मुख्य द्वार के ठीक सामने जगरनाथ मंदिर का निर्माण कराया, जहां भगवान जगन्नाथ समेत अन्य विग्रहों की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती है।

## किले का ऐतिहासिक महत्त्व



राजकिले का परंपरागत रथ।

छोटानागपुर राज के 50 वें महाराजा रघुनाथ शाह के पुत्र युवराज यदुनाथ की शादी भोजपुर में तय हुयी थी। बारात जाने के दौरान बक्सर के समीप उनकी मृत्यू हो गयी। महाराजा शोक में डूब गये। वहां के लोगों की सलाह पर नदी किनारे अवस्थित बाबा चेतनाथ मठ गये। उन्होंने बाबा से मिल यदुनाथ शाह को पुनर्जीवित करने का आग्रह किया। बाबा ने मृत युवराज को जीवित कर दिया।

### महाराजा ने दान कर दी गद्दी

महाराजा ने खुश होकर उन्हें राज गद्दी दान कर दी थी। लेकिन, चेतनाथ ने लेने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि फकीरों को इसकी जरूरत नहीं है। फिर भी आपने दान कर ही दिया है, तो सिंहासन मेरी होगी और स्वामित्व आप के हाथ में रहेगा। बसंत पंचमी को उनके उत्तराधिकारी यहां आकर देवी-देवताओं का दर्शन-पूजन के बाद राजपरिवार को आशीर्वाद देते हैं।

## नक्सली के घर पुलिस ने चस्पा किया इश्तेहार



**तमाड़।** कराईकेला थाना (चाईबासा) पुलिस ने नक्सली अमित मुंडा के खिलाफ ढ़ोल-नगाड़े के साथ इश्तेहार चस्पा किया। अमित मुंडा, पिता सुखराम मुंडा तमाड़ थाना क्षेत्र तामराना गांव निवासी है और उसके खिलाफ कराईकेला थाना कांड संख्या 13/2023 और 21/2023 के तहत मामला दर्ज है। पुलिस टीम ने परिजनो से आग्रह किया की अमित को जल्द आत्मसमर्पण करने के लिये प्रेरित करे।

## पुलिस ने किया नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान



**राहे।** रांची पुलिस के सौजन्य से एसडीपीओ बुंडू ओमप्रकाश के नेतृत्व में नशा मुक्ति जन जागरण अभियान के तहत राहे गांव के सर्वोदय स्कूल ओर सुभाष चौक में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान एसडीपीओ बुंडू ओमप्रकाश ने लोगों ओर बच्चों से कहा कि गंजा, अफीम, चरस, शराब, गुटका, सिगरेट, तंबाकू आदि नशा छोड़ें और अपने परिवार को बर्बाद होने से बचाए ,साथ ही क्षेत्र में अफीम की खेती करने की सूचना पुलिस को अवश्य दें। इस दौरान डायन बिसाही ओर सड़क सुरक्षा के संबंध में भी लोगों को जागरूक किया गया।इस क्रम में ग्रामीणों ओर स्कूली बच्चों को नशा मुक्ति करने के शपथ दिलाई गई। मौके पर राहे थाना से एसआई शैलेन्द्र टुडू, एम सोरेन, कुलदीप सिंह, सर्वोदय स्कूल से सुनील महतो, ज्ञान महतो, संजय शेखर, आदि मौजूद थे।

## दुघर्टना को आमंत्रित कर रहा टूटा पोल



रांची टाटारोड पर दुघर्टना को आमंत्रित करता सड़क किनारे टुटा पोल।

**नामकुम।** रांची टाटारोड पर पतराटोली में सडक किनारे टुटे और आधा झूके हुए बिजली के खंभे से हो रही विद्युतआपूर्ति से कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह ने मामले को लेकर विद्युत कार्यपालक अभियंता को पत्र लिखकर अविलंब टुटे पोल को बदलने की मांग की है। श्री सिंह ने कार्यपालक अभियंता को बताया है कि उक्त टुए पोल से अभी भी विद्युत आपूर्ति हो रही है तथा उसके ठीक उपर तैंतीस हजार वोल्ट का तार गुजरा है। इस बरसात के मौसम में कभी भी टुटा लटका पोल गिर सकता है जिससे बडी घटना हो सकती हैं,जिसका जिम्मेवार विद्युत विभाग होगा।

## डिप्लोमा अभियंता संघ ने पूर्व महामंत्री को दी श्रद्धांजलि

नामकुम। डिप्लोमा अभियंता संघ के केन्द्रीय कार्यालय अंबेडकरनगर में एक श्रद्धांजलि सभी का आयोजन किया गया। इस दौरान अवर अभियंता संघ बिहार के पूर्व महामंत्री ई एसएन झा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी। संघ के अध्यक्ष ई गुप्तेश्वर राम ने कहा कि स्व. झा का निधन समस्तीपूर में हो गया है उनके निधन से संघ को अर्पूणिय क्षति हुई है। मौके पर मुख्य रूप से इंजिनियर रामलखन सिंह, उपाध्यक्ष राजेश भगत, गिरेन्द्र कुमार शर्मा, श्यामदास सिंह, विजय कुमार शर्मा, अमरजीत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रातू: सुब्रतो मुखर्जी और लिटिल चैंप्स कप प्रतियोगिता में पाली के बच्चों ने बाजी मारी



विजेता टीम के साथ अतिथि।

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ चितरकोटा स्कूल की टीम बनी उप विजेता

➲ प्रेममंजरी की बच्चियों ने दिखाया दमखम

**रातू।** छोटानागपुर राज उवि मैदान में लिटिल चैंप्स व प्रखंड स्तरीय 64 वीं सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लिटिल चैंप्स के तहत अंडर 8 से 12 तथा सुब्रतो मुखर्जी में 15 बालक व 17 आयु वर्ग के बालक- बालिकाओं ने हिस्सा लिया। लिटिल चैंप्स में राजकीकृत उउवि पाली के बच्चों ने बाजी मारी। वहीं, राजकीयकृत मवि चित्तरकोटा छोटकाटोली उप विजेता रही। जबकि, प्री सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता में अंडर 15 बालक वर्ग में राजकीयकृत उउवि पाली विजेता बनी। वहीं, राजकीयकृत उमवि चित्तरकोटा छोटकाटोली के बच्चे दूसरे स्थान पर रहे। अंडर 17 आयु वर्ग में राजकीयकृत उमवि चितरकोटा की टीम विजेता बनी। महारानी प्रेम मंजरी प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की बच्चियों ने भी दमखम दिखाया। कार्यक्रम में प्रमुख संगीता तिर्की खास मेहमान थीं। जबकि, उप प्रमुख रियाजुल अंसारी, मुखिया ज्योति भगत, नीलम तिग्गा, प्रभा तिर्की, जयश्री उरांव, सरपंच सलगी देवी व राकेश कुमार विशिष्ट अतिथि थे। संचालन तैयब अंसारी ने किया।

### इन्होंने निभायी भूमिका

बीआरसी के शालिनी आईंद, हैदर रजा,तैयब, प्रसिद्ध नारायण, मनीष मिश्र, माला मिश्र, सुबोध प्रसाद, नवीन किशोर, विजय रंजन पाठक, हीना नाज, सुनीता कच्छप, बरखा काफी, शारीरिक शिक्षक आशीषचंद्र उरांव, जगजीत सिंह, अनीता तिग्गा व वेदप्रकाश उरांव आदि। मैच में मुख्य उदघोषक के रूप में शिवकुमार पाठक और रेफरी सुशील उरांव व सहायक रेफरी ए उरांव व अशोक उरांव।


रजिस्ट्री सं. डी. एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र

The Gazette of India

सी.जी.डी.एल. अ.— 14062025—263804

CG-DL-E- 14062025-263804

असाधारण EXTRAORDINARY

भाग II —खण्ड 3— उप खण्ड—II

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 3110] नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 13, 2025/ज्येष्ठ 23, 1947

No. 3110] NEW DELHI, FRIDAY 13, 2025/JYAISTHA 23, 1947

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय अधिसूचना नई दिल्ली, 13 जून, 2025**

का.आ. 2600(अ)— केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) के अधिन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 3572(अ) तारीख 22.08.2024, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग (ii) खण्ड 3, उपखण्ड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखण्ड राज्य के खूंटी जिले के NH-75E(New NH-20) के कि0मी0 21.340 से कि.मी. 47.700 तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचलन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "26.09.2024" को "हिन्दुस्तान, दैनिक जागरण, प्रभात खबरए दैनिक भास्कर, रॉची एक्सप्रेस, आजाद सिपाही, तानीम न्यूज" और "झारखण्ड जागरण" दोनों में प्रकाशित किया गया था ; जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3-ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है; अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

3833 GI/2025 (1)

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसारण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप में केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

**अनुसूची**

**झारखण्ड राज्य के खूंटी जिले में NH-75E(New NH-20) के कि.मी. 21.340 से कि.मी. 47.700 तक के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।**

| राज्य का नाम :— झारखण्ड | | | जिले का नाम :— खूंटी | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रमिक संख्या | सर्वेक्षण संख्या | भूमि का प्रकार | भूमि की प्रकृति | भूमि का क्षेत्रफल (हेक्टेयर में) | भूस्वामी/हितबद्ध व्यक्तियों का नाम |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | तालुक का नाम : मुरहू | | |
| | | | गांव का नाम : कुजला | | |
| 72 | 102 | निजी | टाड़ दो | 0.0016188 | छोटा पडहा मुंडा वो बन्दु मुंडा, पिता लादुवा मुंडा |
| 73 | 1491 | निजी | परती कदम | 0.1667341 | गैरमजरूआ खास |
| 74 | 1492 | निजी | नाला | 0.0768919 | बकस्त लोदरा पाहन |
| 75 | 1493 | निजी | दोन दो | 0.1027924 | बकस्त कोएली मुंदैन |
| 76 | 1494 | निजी | दोन दो | 0.0242817 | बकस्त छोटा बागुन पहन |
| 77 | 1495 | निजी | दोन दो | 0.014569 | बकस्त शमिलात मालिक बाराका बागुन पहन |
| 78 | 1514 | निजी | परती गड़हा | 0.0012141 | बकस्त लोदरा पाहन |
| 79 | 1515 | निजी | दोन दो | 0.0242817 | बकस्त लोदारा पाहन |
| 80 | 1516 | निजी | परती कदम | 0.0161878 | तुरी महतो, फादर शिवदयाल महतो. |
| 81 | 1517 | निजी | परती कदम | 0.0522056 | गैरमजरूआ खास |
| 82 | 1518 | निजी | गड़हा | 0.2893565 | गैरमजरूआ खास |
| 83 | 1519 | निजी | परती कदम | 0.116552 | श्री सोमा पहान वो रेसा पाहन, पिता धनु पहान |
| 84 | 1520 | निजी | टाड़ दो | 0.1214083 | बकस्त कोएली मुंदैन |
| 85 | 1521 | निजी | टाड़ दो | 0.0841764 | बकस्त धनु पाहन |
| 86 | 1546 | निजी | टाड़ दो | 0.0829624 | बकस्त लोदरा पाहन |
| 87 | 1548 | निजी | टाड़ दो | 0.0420882 | श्री महावीर महतो वो शखन महतो, पिता करमा महतो श्री महावीर महतो वो शखन महतो पिता करमा महतो, गहनु तांती बल्द टीक तांती |
| 88 | 1549 | निजी | टाड़ दो | 0.3002833 | रगड़राय मुंडा, पिता सुखराम मुंडा |
| 89 | 1550 | निजी | गड़हा | 0.0566572 | गैरमजरूआ खास |
| 90 | 1551 | निजी | परती नाला | 0.4706597 | गैरमजरूआ खास |
| 91 | 1553 | निजी | टाड़ दो | 0.0117361 | गैरमजरूआ खास सोमा पहान वो रेसा पहान, पिता धानु मुण्डा एवं राम पहान पिता लोहरा मुण्डा एवं मोहरा पिता लोहरा मुण्डा |
| 92 | 1554 | निजी | टाड़ दो | 1.1541886 | छोटा मुण्डा पंडरा मुंडा वो वन्दु मुंडा पिता लादुवा मुंडा |
| 93 | 1555 | निजी | परती नाला | 0.0975314 | गैरमजरूआ खास |
| 94 | 1556 | निजी | टाड़ तीन | 1.466208 | रगड़राय मुंडा, पिता सुखराम मुंडा |
| 95 | 1562 | निजी | टाड़ तीन | 1.2209632 | लल भूपेन्द्रनाथ साहदेव, पिता लाल राजेन्द्रनाथ साहदेव |
| 96 | 1570 | निजी | नाला | 0.0772966 | गैरमजरूआ खास |
| 97 | 1642 | निजी | नदी | 0.1942533 | गैरमजरूआ खास |
| 98 | 1646 | निजी | टाड़ दो | 0.0149737 | छोटा पडहा मुंडा वो वन्दु मुंडा, पिता लादुवा मुंडा |
| 99 | 1647 | निजी | परती गड़हा | 0.1384055 | गैरमजरूआ खास |
| 100 | 1648 | निजी | परती कदम | 0.1100769 | गैरमजरूआ खास |
| 101 | 1649 | निजी | टाड़ तीन | 0.1881829 | श्री राधो पहान पिता विसराम पहान |
| 102 | 1666 | निजी | टाड़ दो | 0.5495751 | सेमा पहान वो रेसा पहान, पिता धानु मुण्डा एवं राम पहान पिता लोहरा मुण्डा एवं मोहरा पिता लोहरा मुण्डा |
| 103 | 1670 | निजी | टाड़ दो | 0.1027924 | सेमा पहान वो रेसा पहान, पिता धानु मुण्डा एवं राम पहान पिता लोहरा मुण्डा एवं मोहरा पिता लोहरा मुण्डा |
| 104 | 1672 | निजी | टाड़ दो | 0.0509915 | सेमा पहान वो रेसा पहान, पिता धानु मुण्डा एवं राम पहान पिता लोहरा मुण्डा एवं मोहरा पिता लोहरा मुण्डा |
| 105 | 1673 | निजी | टाड़ दो | 0.4844193 | छोटा पंडार मुण्डा वो बन्दु मुण्डा पिता लादुवा मुण्डा |
| 106 | 1679 | निजी | दोन दो | 0.0008094 | बंधना नाकु जेठुआ, महतो सिदु महतो बुधु महतो, सुखुवा रामु महतो, पिता सोहराय महतो और रंजीत महतो, पिता धुरा महतो तुरी महतो पिता शिवदयाल महतो |
| 107 | 1680 | निजी | दोन दो | 0.0279239 | मेहन तेली वल्द-वल्द तेली. |
| 108 | 1681 | निजी | दोन दो | 0.014569 | सोमनाथ प्रधान वो कमल प्रधान पिता हरखु प्रधान एवं जगरनाथ प्रधान, पिता सुखराम प्रधान |
| 109 | 1682 | निजी | दोन एक | 0.0149737 | सोमनाथ प्रधान वो कमल प्रधान, पिता हरखु प्रधान एवं जगरनाथ प्रधान पिता सुखराम प्रधान |
| 110 | 1683 | निजी | दोन दो | 0.0607042 | श्री राधो पहार, पिता विसराम पहान |
| 111 | 1684 | निजी | दोन दो | 0.0242817 | श्री राधो पहार, पिता विसराम पहान |
| 112 | 1685 | निजी | दोन तीन | 0.2525293 | श्री राधो पहार, पिता विसराम पहान |
| 113 | 1686 | निजी | टाड़ दो | 0.1011736 | श्री राधो पहार, पिता विसराम पहान |
| 114 | 1688 | निजी | नाला | 0.0234723 | गैरमजरूआ खास |
| 115 | 1702 | निजी | दोन दो | 0.0724403 | बकस्त छोटा बागुन पहन |
| 116 | 1703 | निजी | दोन एक | 0.0024282 | बकस्त छोटा बागुन पहन |
| 117 | 1704 | निजी | दोन एक | 0.2173209 | चाणो मुंडा वो बधरोय या लेया मुंडा सुखुवा छोटका वो सोहराय मुंडा |
| 118 | 1705 | निजी | दोन एक | 0.0396601 | मेहन तेली वो मंगरा तेली वो लक्ष्मन तेली, पेशरान अन्दु तेली. |
| 119 | 1706 | निजी | दोन एक | 0.0449211 | श्री शिवदयाल महतो वो नारायण महतो पिता मोहरा एवं घसिया महतो पिता मंगरा महतो |
| 120 | 1707 | निजी | दोन एक | 0.0566572 | श्री शिवदयाल महतो वो नारायण महतो पिता मोहरा एवं घसिया महतो पिता मंगरा महतो |
| 121 | 1708 | निजी | दोन एक | 0.1121004 | श्री शिवदयाल महतो वो नारायण महतो पिता मोहरा एवं घसिया महतो पिता मंगरा महतो |
| 122 | 1715 | निजी | दोन दो | 0.0032376 | श्री फौदा महतो पिता स्व0 शिवदा महतो |
| 123 | 1716 | निजी | दोन दो | 0.0008094 | रूपन तेलिन जोजे कमाल तेली वो गणपत तेली वाल्द दशाई तेली |
| 124 | 1717 | निजी | दोन एक | 0.2221773 | रूपन तेलिन जोजे कमाल तेली वो गणपत तेली वाल्द दशाई तेली |
| 125 | 1718 | निजी | दोन एक | 0.0404694 | रूपन तेलिन जोजे कमाल तेली वो गणपत तेली वाल्द दशाई तेली |
| 126 | 1719 | निजी | दोन एक | 0.0894375 | रूपन तेलिन जोजे कमाल तेली वो गणपत तेली वाल्द दशाई तेली |
| 127 | 1720 | निजी | दोन एक | 0.0772966 | रूपन तेलिन जोजे कमाल तेली वो गणपत तेली वाल्द दशाई तेली |
| 128 | 1721 | निजी | दोन एक | 0.0655605 | रूपन तेलिन जोजे कमाल तेली वो गणपत तेली वाल्द दशाई तेली |
| 129 | 1726 | निजी | दोन एक | 0.0105221 | रूपन तेलिन जोजे कमाल तेली वो गणपत तेली वाल्द दशाई तेली |
| 130 | 1732 | निजी | दोन तीन | 0.0161878 | लगंडु तेली, वल्द लादु तेली चरण महतो पिता लागु महतो |
| 131 | 1733 | निजी | दोन दो | 0.0356131 | चरण महतो पिता लागु महतो |
| 132 | 1736 | निजी | दोन दो | 0.0424929 | बकस्त विसराम पहन |
| 133 | 1737 | निजी | दोन दो | 0.0566572 | लदुवा पाहन वल्द गरजा पाहन वो मगरा पाहन वल्द जेठो पाहन |
| 134 | 1738 | निजी | दोन एक | 0.0141643 | बकस्त शमिलात मालिक बाराक बागुन पहन |
| 135 | 1739 | निजी | दोन एक | 0.0647511 | बकस्त छोटा पंडारा मुंडा बंदु मुंडा |
| 136 | 1740 | निजी | दोन एक | 0.0408741 | बकस्त शमिलात मालिक बाराक बागुन पहन |
| 137 | 1744 | निजी | दोन दो | 0.0036423 | मेहना तेली वल्द अन्दु तेली. |
| 138 | 1745 | निजी | दोन दो | 0.0080939 | श्री पडरा पहान वो बड़ा लोहरा पाहन, बड़ा बगनु वो छोटा बगनु पिता लोहरा एवं छोटा लोहरा पिता गंगा पाहन |
| 139 | 1746 | निजी | दोन दो | 0.14569 | श्री राधो पहान पिता विसराम पहान |
| 140 | 1747 | निजी | दोन तीन | 0.0566572 | श्री राधो पहान पिता विसराम पहान |
| 141 | 1748 | निजी | दोन दो | 0.1100769 | मोहना तेली वल्द अन्दु तेली |
| 142 | 1749 | निजी | परती कदीम | 0.053015 | श्री कुधनाथ उरांव वो दया उरांव पिता चोगी उरांव |
| 143 | 1750 | निजी | दोन दो | 0.0930797 | मोहना तेली वो मंगरा तेली वो लक्ष्मन तेली, पेशरान अन्दु तेली. |
| 144 | 1751 | निजी | टाड़ दो | 0.009308 | चरण महतो, पिता लागु महतो |
| 145 | 1752 | निजी | रास्ता | 0.0416835 | गैरमजरूआ आम |
| 146 | 1753 | निजी | दोन दो | 0.0360178 | मोहना तेली वो मंगरा तेली वो लक्ष्मन तेली, पेशरान अन्दु तेली. |
| 147 | 1754 | निजी | टाड़ दो | 0.1752327 | जलेश्वरी देवी पिता स्वर्गी सोमरा महतो, बलिन्द महतो, पिता स्वर्गीय सोमना महतो |
| 148 | 1784 | निजी | रास्ता | 0.0837718 | गैरमजरूआ आम |
| 149 | 1785 | निजी | दोन तीन | 0.0473493 | मगरी तिडु पति स्व0 सिगरे तिडु नीलम टोपनो पति कुशल एनेम टोपनो सुमन मींज पति बुधु मींज दाउद कंडुलना पिता इसाक कंडुलना मार्था हेम्ब्रोम पति गेलजन हेम्ब्रोम प्रभु सहाय मेंगरा पिता स्वर्गीय मार्टिन मेंगरा नीलम टोपनो पिता अमरेन पूर्ति स्नोहलता आइंद पिता स्व0 अब्राहम और सोमा पहन वो रेसा पहन पिता धनु मुंडा और राम पहन पिता लोहरा और मोहरा पिता लोहरा मुण्डा |
| 150 | 1786 | निजी | दोन दो | 0.0752732 | चरण महतो पिता लागु महतो |
| 151 | 1787 | निजी | दोन दो | 0.0522056 | बानी मुंडा वा बधरोय वो लेया मुंडा सुखुवा छोटका वो सोहराई मुंडा |
| 152 | 1788 | निजी | दोन एक | 0.5600971 | बकस्त शमिलात मालिक बाराका बागुन पहन |
| 153 | 1789 | निजी | टाड़ दो | 0.0991501 | श्री करमा महतो पिता भोला महतो एवं दसरू महतो वो कुधनाथ महतो पिता अकला महतो एवं फागु महतो पिता झरिया महतो एवं हरखु महतो पिता डिबरा महतो |
| 154 | 1790 | निजी | टाड़ दो | 0.6989073 | सोमनाथ प्रधान वो कमल प्रधान, पिता हरखु प्रधान एवं जगरनाथ प्रधान पिता सुखराम, सबल प्रधान पिता सोमनाथ प्रधान |
| 155 | 1794 | निजी | टाड़ दो | 0.0461352 | एमडी. उमापति देवी, सिस्टर-लेट पना लाल वर्मा, श्री राम प्रवेश ठाकुर एंड रामनरेश ठाकुर एंड उमेश ठाकुर, फादर-सरजू ठाकुर, एमआरएस एस. मनोमनित मुंडु, हसबैंड-एमआरएस जोन्सन दहंगा, एमआरएस फ्रेडरिक लकरा, फादर-हेलो लकरा, एमआरए जुआल एआईएनडी फादर-मिखाइल एआईएनडी, एमआरएस कैलाश महतो, फादर-भौवा महतो, एमआरएस . खेदू महतो एंड रावण महतो, फादर-तुरी महतो, एमआरएस लखीचरण महतो, फादर-एमआरएस. तुरी महतो, एमआरएस सुबोध महतो, फादर-लेट मनसाखान महतो, एमआरएसकिरण दहंगा हसबैंड- एमआरएस पैकेसियस दहंगा, एमआरएस शारदा अगरवाल, हसबैंड-अरुण अगरवाल, बिशप रिवर्ड स्टीफन एस टिडु वाउ ओएफ कैथोलिक डायोसीज, एमआरएस पुनिता साक्षी एआईएनडी, हसबैंड-एमआरएस जुनु एआईएनडी, एमआरएस मुक्ता होरो फादर- बिरसा होरो, एमआरएस अनिता देवी, हसबैंड-एमआरएस कैलाश महतो, एमआरएस इंदु देवी, हसबैंड-एमआरएस राम कृष्णाकार, लाल राजेन्द नाथ सहदेव, फादर-लाल उपेंद्र नाथ सहदेव, प्रभात कुमार गुप्ता, फादर-जगपति साहु, एमआरएस शारदे अगरवाल, फादर-अरुण अगरवाल, एमआरएस सालेन लकड़ा, हसबैंड-चंद्र हंस लकड़ा, एमआरएस क्रिस्टोफर मेंगरा, फादर-लेट मसीह दास मेंगरा एंड एमडी. मारिया होरो, हसबैंड-लेट मसीह दास मेंगरा, श्री लाल अमरेंद्र शाहदेव, फादर-लेट लाल राजेन्द्र नाथ सहदेव, श्री हसन कंडुलना, फादर-इसाक कंडुलना, श्री देवप्रताप सिंहा, फादर-कुधनाथ सिंहा, एमआरएस श्वेती देवी हसबैंड-देव प्रताप सिंहा, एमआरएस जगतारिणी देवी, हसबैंड-राजेन्द्र प्रसाद सिंहा, एमआरएस श्वेती देवी हसबैंड-लेट तपेश्वर सिंहा, एमआरएस निराशा देवी हसबैंड- रामेश्वर गोप, एमआरएस संतोषी देवी, हसबैंड- धनेश्वर साहु, सुकरा पढ़ी, फादर- चिंतामणी पढ़ी, एमआरएस शकुन्तला देवी, हसबैंड- सुरेंद्र महतो, सुकुमार चौटर्जी, फादर-लेट. रामपति चौटर्जी, सुकुमार चौटर्जी फादर-लेट रामपति चौटर्जी, लाल समरेंद्रनाथ शाहदेव, फादर-लाल राजेन्द्र नाथ शाहदेव, लाल मृगेन्द्र नाथ शाहदेव, फादर-लाल राजेन्द नाथ शाहदेव, एमआरएस उषा शाह, हसबैंड-केशव शाह, एमआरएस . सरस्वती देवी हसबैंड-राम लाल साहु, राजीव कुमार, फादर-नरेंद्र कुमार, एमआरएस ज्योत्सना सिंह, हसबैंड-भूपेंद्र सिंह, श्री विपिंद्र नाथ शाहदेव, फादर-सोन प्रेमनाथ शाहदेव, श्री राघवेंद्र नाथ शाहदेव, फादर-मिथिउल लाल विरेंद्र नाथ शाहदेव, जगदीश कांसी, फादर-रामधन कांसी, एमआरएस सरस्वती देवी, हसबैंड-कृष्णा कुमार नाग, राजकुमारी हसबैंड देवेन्द्र कुमार, कंचन सिंह-जयंत कुमार ओहदार, एमआरएस . विरेंद्र दास अधिकारी एंड सच्चिदानंद अधिकारी फादर-गुणु एमआरएस अधिकार,रावन महतो,फादर-तुरी महतो,शम्भु शरण त्रिपाठी फादर-राधेश्याम त्रिपाठी,मंजू देवी,हसबैंड-मुरलू बरैक,श्रीमती जिरवंती देवी,हसबैंड-श्री झगरू महतो,शांती देवी,हसबैंड-लुरका महतो,आनंद कश्यप,फादर-लेट जेरका कश्यप, बरूनेंद्र नाथ शाहदेओ, फादर-समरेंद्र नाथ शाहदेओ, श्रीमती लीला देवी, हसबैंड-खेदू महतो, अरविंद कुमार बिसी, फादर-सनातन बिसी, आशा बिसी, हसबैंड-अरविंद कुमार बिसी, प्रभावती कुमारी, हसबैंड-बिशेश्वर सिंह, एमआरएस कलावती देवी, हसबैंड-देयाल गौड़ु, शांति देवी हसबैंड सुजान लोहार. |
| 156 | 1795 | निजी | टाड़ दो | 0.9983812 | मानसिंह मुंडा, वह दशरथ मुंडा, पिता-कुधुवा मुंडा, लाल भूपेन्द्रनाथ सहदेव, पिता-लाल राजेंद्र नाथ सहदेव, श्रीमती बिमला देवी, पति-श्रीकृष्ण महतो, महावीर मिश्रा, वह आनंद मिश्रा, पिता-रवि मिश्रा, श्रीमती मार्था शांति सांगा, पिता-मसीदास सांगा, श्री सैमसन संजय तिडु, पिता-जोसेफ तिडु, श्रीमती सुशीला नाग, पति-जगन्नाथ नाग, दिनेश मांझी, पिता-स्व. लखन मांझी, और सुनीता मांझी, पति-दिनेश मांझी, महादेव तिरू, पिता-सामु मुंडा, अलीना प्रिका तिडु, पिता-सैमसन संजय तिडु, प्रसाद गुरिया, पिता-स्वर्गीय याकूब गुरिया. |
| 157 | 1796 | निजी | सड़क | 0.0833671 | डिस्ट्रिक बोर्ड |
| 158 | 1798 | निजी | टाड़ दो | 0.1278834 | श्री कर्मा महतो, पिता-भोला महतो एवं दसरू महतो एवं कुधनाथ महतो, पिता-अकला महतो एवं फागु महतो, पिता-झरिया महतो एवं हरखु महतो, पिता-डिबरा महतो, अनुराधा कुमारी, पति-किस्टो महतो, श्री राजेश कुमार नायक, पिता-श्री. अखिल चंद्र नायक, सावित्री देवी, पति-कुलदीप महतो, तारा देवी, पति-भरत नाग, बिंदु देवी, पति-गुलाब महतो, सीमा देवी, पति-पारसनाथ नाग |
| 159 | 1799 | निजी | टाड़ तीन | 0.5058681 | भूपनाथ महतो विश्वनाथ डीओ श्रीनाथ, फादर- गोदुरा महतो, एंड घसिया महतो डीओ मलार महतो, फादर- बैजनाथ महतो, फगु महतो, फादर- लेट बुरिया महतो एंड रघु महतो डीओ लुड़का महतो, फादर- लेट ओमना महतो, एमआर काशी नाथ महतो, फादर- जगजीत महतो, एमआरएस सावित्री देवी हसबैंड-काशीनाथ महतो, काशी नाथ महतो, फादर-जगदीश महतो, एमआरएस सविता देवी, हसबैंड-दुलार महतो, एमआरएस संगीता देवी, हसबैंड-सुरेश महतो, अंजली देवी, हसबैंड-देविन्दु महतो, लक्ष्मी महतो, फादर-लेट धाशी महतो |
| 160 | 1800 | निजी | टाड़ दो | 0.4872521 | गहनु तांती, टीम तांती |
| 161 | 1801 | निजी | परती नाला | 0.0902469 | गैरमजरूआ खास |
| 162 | 1802 | निजी | टाड़ तीन | 0.0542291 | सैमुएल बसंत बजराय, सैमुएल बसंत बजराय, फादर-जोहान बजराय एमआरएस जिरवंती देवी, हसबैंड-एमआर झगरू महतो, काशीनाथ महतो, फादर-एमआर जगजीत महतो, एमआरएस डोमानी देवी, हसबैंड-शिवनारायण राम,भागीरथी महतो, फादर-जेठुआ महतो, एमआरएस एग्निस बजराई, हसबैंड-विलियम सिंह, मकड़ा महतो एंड महावीर महतो, फादर-हरी महतो एंड फगु महतो फादर-लेट बुटिया महतो एंड रघु महतो एंड लुरका महतो फादर-डोमन महतो, एमआरएस . तिजो देवी, हसबैंड-एमआर. रण्घु महतो, एमआरएस प्रेम शीला देवी, हसबैंड-हरी कश्यप, एमआर लुव नग, कुश नग, कमाल नग, सुरेश नग, हरिश्चंद्र नग, फनिंदु नग, फादर-लक्ष्मी नाथ नग, श्री गुंजन कुमार फादर-श्री धरम चंद्र, सुमिता देवी, वाइफ-अमनु महतो, श्रीमती प्रियंका देवी, हसबैंड-श्री अशोक एमआरएस असातोरा देवी, हसबैंड-वामरू महतो, सुधा कुमारी, फादर-लेट शिवचरण एमआरएस – अनिमा कुमारी, राधिका कुमारी, फादर-लेट शिवनारायण एमआरएस – रिता देवी, फादर-लेट शिवनारायण एमआरएस – सीमा देवी , फादर-लेट शिवनारायण एमआरएसएंड करिस्मा कुमारी , फादर-शिवनारायण एमआरएस एमआरएस रिता देवी फादर लेट शिवनारायण आरएमएस – सीमा देवी फादर लेट शिवनारायण आरएमएस एंड करिस्मा कुमारी फादर शिवनारायण आरएसएण |
| 163 | 664 | निजी | टाड़ दो | 0.0024282 | सोमरा गौझू पिता लक्ष्मीनाथ गौझू वह लक्ष्मण वह दिलू गौझू पिता हीरू गौझू वह रघु महतो वह लुरका महतो, पिता-ओमना महतो, श्रीमती कामिन देवी, पिता-श्री. किरन तांती, रघु महतो वह लुरका महतो, पिता-स्वर्गीय ओमन महतो, जिरवंती देवी पति-झगरू महतो, और वह श्रीमती दुलारी देवी पति-लंगरू महतो, प्रकाश कुमार, पिता-आनंद साहू नाग, निरामणि देवी, पति-शशि कांत नाग, मुन्नी देवी, पति-संजय स्वांसी, गहनु तांती, पिता-चिमु तांती |
| 164 | 750 | निजी | दोन तीन | 0.0044516 | श्री करमा महतो , पिता-भोला महतो एवं दसरू महतो वो कुधनाथ महतो , पिता-अकला महतो एवं फागु महतो पिता-झरिया महतो एवं हरखु महतो , पिता-डिबरा महतो |
| 165 | 92 | सरकारी | नाला | 0.0182113 | गैरमजरूआ खास |
| 166 | 93 | निजी | टाड़ दो | 0.4431404 | चरण महतो, पिता लागु महतो |
| 167 | 94 | निजी | टाड़ तीन | 0.0465399 | गहनु तांती,वल्द टीमु तांती |
| 168 | 95 | निजी | टाड़ तीन | 0.0004047 | चरण महतो, पिता लागु महतो |

फा.सं. RW/Ranchi/LA/Km 16.400 to Km 47.700/NH-75E/3D]

शेख अमीनखान, निदेशक

PR 355941 (District)25-26*D

# रियल स्टेट में तेजी

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक परिस्थितियों और राजनीतिक अनिश्चितताओं का असर रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश पर दिखा और 2025 की पहली छमाही में इस निवेश में गिरावट दर्ज की गई है। निवेश संबंधी निर्णयों की समयसीमा बढ़ाई जा सकती है और ये संभवतः 2026 तक स्थानांतरित हो सकती हैं। हालांकि इन हालात के बाद भी संस्थागत निवेश का प्रदर्शन बहुत बुरा नहीं रहा। संस्थागत निवेश में अब अमेरिका पिछड़ रहा है और एशिया प्रशांत रीजन बढ़त हासिल करने लगा है। संपत्ति सलाहकार फर्म जेएलएल की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में 30 सौदों के जरिए संस्थागत निवेश 306.8 करोड़ डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें साल-दर-साल 37 फीसदी गिरावट दर्ज की गई। पिछले साल की इसी अवधि में 40 सौदों के माध्यम से 489.3 करोड़ डॉलर का निवेश हुआ था। चुनौतीपूर्ण अंतरराष्ट्रीय आर्थिक स्थितियों और राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण निवेश सुस्त पड़ा है। हालांकि इस मंदी के बावजूद रियल एस्टेट बाजार ने मजबूत प्रदर्शन किया है। यह मंदी एक असाधारण कैलेंडर वर्ष 2024 के बाद आई है, जिसमें निवेश ऐतिहासिक शिखर पर पहुंच गया था, जो 2007 में 8.4 अरब डॉलर के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया था। संस्थागत निवेशकों ने आरईआईटी, क्यूआईपी और सूचीबद्ध संस्थाओं में निवेश सहित सार्वजनिक बाजार चैनलों के माध्यम से भाग लेना जारी रखा। वर्ष 2025 का सबसे उल्लेखनीय लेनदेन ब्लैक स्टोन का भारत के आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र में रहा। ब्लैकस्टोन ने कोल्टे-पाटिल डेवलपर्स में 66 फीसदी तक हिस्सेदारी हासिल करने के लिए लगभग 21.40 करोड़ डॉलर का निवेश किया। भारत का रियल एस्टेट क्षेत्र घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों तरह के आत्मविश्वास से प्रेरित निवेश में तेजी बनी रहेगी।

## आज का राशिफल

**मेष :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शुभांक-5-7-8

**वृष :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। एकाकी प्रवृति का त्याग करें। यात्रा न करें। शुभांक-4-6-7

**मिथुन :** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-4-6-8

**कर्क :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-3-6-9

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अतः आलस्य का त्याग करें। शुभांक-4-6-8

**कन्या :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। धार्मिक कार्य शुभ रहेगा। शुभांक-2-4-6

**तुला :** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। सफलता मिलेगी। सुनियोजित तरीके से कार्यारम्भ करें। शुभांक-3-6-7

**वृश्चिक :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंग। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। मनोरथ सिद्धि का योग है। शुभांक-2-5-7

**धनु :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है। शुभांक-2-5-7

**मकर :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। शुद्ध गोचर का लाभ। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा। शुभांक-3-6-8

**कुंभ :** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-6-8-9

**मीन :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। शुभांक-5-8-9

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# आपातकाल एक त्रासदी किसी हाल में इसे भूलें नहीं

**अंग्रेजों** से आजाद होने के बाद भारत लोकतांत्रिक देश तो बन गया, लेकिन ठीक 25 साल बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से थोपी गई इमरजेंसी में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ गई थी। 25 जून, 1975 की आधी रात अपनी सत्ता बनाए रखने के लिए इंदिरा ने तानाशाही का ऐसा नमूना पेश किया, जो उस पीढ़ी के लोग अब भी नहीं भूल पाए हैं।

बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के तुरंत बाद ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को 'प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला' बताया गया। इस कदम के बाद सदन में कांग्रेस सांसदों ने विरोध किया। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए। संयोगवश, इंडिया ब्लॉक के सदस्यों ने एक दिन पूर्व 24 जून को सदस्य के रूप में शपथ लेते समय संविधान की प्रतियां उठाई थीं।

ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है या फिर यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए? क्या कांग्रेस कांग्रेस चाहती है कि आपातकाल पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। लेकिन आपातकाल के भुगतभोगी आम लोगों और नेताओं का मानना है कि अतीत की भूलों को विस्मृत करने से उनके दोहराए जाने का खतरा बढ़ जाता है।

वास्तव में कांग्रेस और उसके नेता आपातकाल की गलती को स्वीकार नहीं करते। अगर वह अपनी गलती स्वीकार करते तो वह यह कहने की हिम्मत जुटाते कि 49 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से देश पर आपातकाल थोपने और राजनीतिक विरोधियों, मीडिया एवं जनता के खिलाफ दमन का चक्र चलाना एक भूल थी।

कांग्रेस को आपातकाल की याद दिलाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि पिछले कुछ समय से वह संविधान के खतरे में होने का फर्जी हौवा खड़ा कर उसके प्रति प्रतिबद्धता जताने में लगी हुई है। यह ठीक है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का संख्या बल बढ़ा है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वह दबे-छिपे स्वर में आपातकाल को सही ठहराने की कोशिश करती दिखने लगे। उसकी यह कोशिश तो आपातकाल के स्मरण को और अधिक आवश्यक ठहराती है।


यदि वह संविधान के प्रति इतनी ही




अधिक प्रतिबद्ध है तो फिर यह क्यों नहीं स्वीकार करना चाहती कि इंदिरा गांधी ने अपनी संसद सदस्यता खारिज किए जाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को निष्प्रभावी करने के लिए आपातकाल का सहारा लिया और इस क्रम में इसी संविधान को कुचला और उसकी प्रस्तावना को मनमाने तरीके से बदल दिया।

नयी पीढ़ी तो आपातकाल की विभीषिका से बिल्कुल अपरिचित है। बातचीत के क्रम में इस पीढ़ी ने आपातकात शब्द जरूर सुना होगा लेकिन 25-26 जून, 1975 की रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल के दंश की कई पीढ़ियां भुक्तभोगी हैं। आपातकाल के दौरान पूरा देश कारागार में परिवर्तित हो गया था। विपक्ष के सभी नेताओं को रात में ही जगा कर नजदीकी जेल में जबरन उन्हें डाल दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस और जमात-ए-इस्लामी सहित 26 संगठनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया।

आपातकाल के मुखर आलोचक रहे फिल्मी कलाकारों को भी इसका दंश झेलना पड़ा। किशोर कुमार के गानों को रेडियो और दूरदर्शन पर बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। देव आनंद को भी अनौपचारिक प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था।



- डॉ आशीष

**तत्कालीन अटार्नी जनरल नीरेन डे ने तब सुप्रीम कोर्ट में यह कुबूल किया था कि जीने का अधिकार स्थगित है। यदि स्टेट आज किसी की जान भी ले ले तो भी उसके खिलाफ कोई व्यक्ति कोर्ट की में नहीं जा सकता। ऐसे मामलों को सुनने के कोर्ट के अधिकार खत्म कर दिए गए हैं। ऐसा तो अंग्रेजों के राज में भी नहीं था। विलायती शासन में भी कम से कम जनता को कोर्ट में जाने की छूट तो मिली हुई थी।**

आपातकाल की कहानी को बार-बार दोहराना इसलिए भी जरूरी है कि आज की युवा पीढ़ी कम से कम यह जान ले कि जो आजादी और स्वतंत्रता उसे अनायास मिली है, सहज सुलभ है, वह दरअसल कितने बलिदानों से मिली है और उसे कायम रखने के लिए कितनी लड़ाइयां हुई हैं! लोगों को पता चलना चाहिए कि संविधान की हत्या किसे कहते हैं।

पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के शब्दों में, "आपातकाल की घोषणा ने देश की लोकतांत्रिक संरचना को हिला कर रख दिया। लोकतांत्रिक व्यवस्था के कमजोर पक्षों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ और देश ने दोबारा कभी भी इसे नहीं लगाए जाने का प्रण किया। यह प्रतिज्ञा तभी बनी रहेगी जब देश बार बार उस आपातकाल से मिलने वाले सबक को याद करता रहेगा। खास कर, युवाओं को आजाद भारत के उस काले अध्याय की जानकारी और उससे मिले सबक को जानना होगा।"

देश में आपातकाल लागू होने के बाद कई त्रासद घटनाएं हुईं। दिल्ली का तुर्कमान गेट कांड भी इनमें एक था। मुस्लिम बहुल उस इलाके को संजय गांधी ने दिल्ली के सौंदर्यीकरण के नाम पर खाली करा दिया। यह काम लोगों की सहमति से नहीं, बल्कि जबरन किया गया गया। बुल्डोजर से लोगों के घर ढहाए गए। जिन्होंने विरोध किया, उन्हें जेलों में ठूंस दिया गया। विरोध के दौरान पुलिस ने लाठियां बरसाईं और आंसू गैस के गोले छोड़े। पुलिस ने गोलियां भी चलाईं। चार लोगों की जान चली गई।

संजय गांधी ने तब तक परिवार नियोजन का अभियान छेड़ दिया था। सड़क से भिखारियों, झोपड़पट्टी के लोगों और राहगीरों को पकड़ कर जबरन नसबंदी के टार्गेट पूरे किए जाने लगे। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 18 अक्टूबर 1976 को नसबंदी अभियान का विरोध कर रहे आंदोलकारियों पर पुलिस ने सीधी फायरिंग कर दी थी। जिसमें 42 बेगुनाहों की मौत हो गई थी। मृतकों की स्मृति में यहां शहीद चौक बना हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी के दौरान देशभर में 1 करोड़ 10 लाख से ज्यादा लोगों की नसबंदी कर दी गई थी।

तत्कालीन अटार्नी जनरल नीरेन डे ने तब सुप्रीम कोर्ट में यह कुबूल किया था कि जीने का अधिकार स्थगित है। यदि स्टेट आज किसी की जान भी ले ले तो भी उसके खिलाफ कोई व्यक्ति कोर्ट की में नहीं जा सकता। ऐसे मामलों को सुनने के कोर्ट के अधिकार खत्म कर दिए गए हैं। ऐसा तो अंग्रेजों के राज में भी नहीं था। विलायती शासन में भी कम से कम जनता को कोर्ट में जाने की छूट तो मिली हुई थी।

आपातकाल की अवधि के दौरान सत्ता के दुरुपयोग, कदाचार और ज्यादतियों के विभिन्न पहलुओं की जांच के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेसी शाह की अध्यक्षता में शाह आयोग का गठन किया था। आयोग द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि आपातकाल के दौरान एक लाख से ज्यादा लोगों को निवारक हिरासत कानूनों के तहत गिरफ्तार किया गया था।

## लेटर टू एडिटर

### कड़ी कार्रवाई हो

**विदेशी** महिला पर्यटकों के साथ यौन शोषण और लूट की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की गई है, जिनसे भारत की छवि पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। निश्चित तौर पर यह सब नैतिक मूल्यों के क्षरण, सोशल मीडिया द्वारा अश्लील सामग्री परोसे जाने तथा नैतिक शिक्षा की कमी के कारण हुआ है। उपर्युक्त घटनाओं को देखते हुए संभव है कि कुछ सरकारें अपने नागरिकों को कोई नकारात्मक एडवाइजरी भी जारी करें। कर्नाटक के हंपी तथा दिल्ली की घटनाएं निंदनीय तथा शर्मिंदा करने वाली हैं।

**-श्यामलाल सिंह रांची**

### सवालिया निशान

**राहुल गांधी** ने गुजरात दौरे में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की निष्ठा को लेकर सवाल उठाए, जो पार्टी की नकारात्मकता को दर्शाता है। कांग्रेस की गुटबाजी, नेताओं की जी-हुजूरी और विश्वास की कमी से पार्टी कमजोर हो रही है। कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने की बजाय, उन्हें शक की नजरों से देखते हैं। **– हरिहर सिंह रांची**

## ट्वीट

**जीवन** से संसार से परिवार से व्यापार से धर्म अलग हुआ तो धर्म एक बोझिल ड्यूटी मात्र रह जाती है और उसका पालन कुछ अनहोनी क्षति का भय या सामाजिक भय या झूठा दिखावा या आंतरिक लोभ के कारण किया जाता है। निष्कर्ष धर्म आनंदित प्रेमपूर्ण जीवन की विशुद्ध कला ही है जो इनविल्ट रहती है , वैसा जीवन जिसमें ज्ञान बोध युक्त होना प्रमुख होता है इसका श्रोत सद्गुरु की वाणी शास्त्र आत्मचिंतन एवं आचरण अभ्यास है इसी को धार्मिक आध्यात्मिक जीवन होना समझें और इसका परिणाम प्रेम शांति आनंद से भरपूर जीवन है।

जीवन से धर्म की मृत्यु हो जाएगी जीवन निरस बोझ बन जाएगा। **– दास ऋतेश्वर**

# भारत का विनिर्माण क्षेत्र में कमजोर होना, यह कांग्रेस का गलत तर्क है

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

आर्थिक

**कांग्रेस** ने इन दिनों अपने युवराज राहुल गांधी के जरिए लगातार केंद्र सरकार की आलोचना के लिए जो रास्ता चुना है, वह सही नजर नहीं आ रहा। क्योंकि उनके द्वारा उठाया गया ये मुद्दा सत्य से बहुत दूर दिखता है। उनका तर्क है कि मोबाइल फोन एवं विनिर्माण क्षेत्र के सभी उत्पाद भारत में असेंबल किए जा रहे हैं और उनके पुर्जे विदेश से आयात किए जा रहे। वे केंद्र सरकार को यह कहकर घेरते दिखे कि मेक इन इंडिया ने फैक्टरी बूम का वादा किया था। तो फिर विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर क्यों है, युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड ऊंचाई पर क्यों है और चीन से आयात दोगुने से अधिक क्यों हो गया है राहुल यह भी समझाते हैं कि ञ्हमें दूसरों के लिए बाजार बनना बंद करना होगा। अगर हम यहां निर्माण नहीं करते हैं, तो हम उन लोगों से खरीदते रहेंगे जो निर्माण करते हैं। किंतु क्या राहुल यहां जो बता रहे हैं, वह उतना ही सच है, जैसा कि कहा जा रहा है भारत क्या विनिर्माण क्षेत्र में लगातार कमजोर हुआ है या फिर जैसा कांग्रेस कह रही है कि हम दूसरों के लिए बाजार बन गए हैं, वह पूरा सच है

वस्तुतः जैसा कि अर्थ, वाणिज्य और उद्योग जगत के जानकार जानते हैं, बाजार में हर कुछ एक दूसरे पर निर्भर है। यह हो सकता है कि कभी कोई आगे तो कभी कोई कुछ या अधिक पीछे दिखाई दे, लेकिन हमेशा परिणाम सकारात्मक या नकारात्मक ही होंगे, यह बाजार में कभी स्थायी रूप से होता नहीं है। जहां तक भारत के विनिर्माण क्षेत्र में कार्य करने एवं विकास का प्रश्न है तो आंकड़े जो कहते हैं, वह ऐसे वक्त में जब दुनिया के तमाम देशों के बीच जहां परस्पर युद्ध का साया मंडरा रहा है तो कहीं सीधे युद्ध जैसी स्थितियां हैं, फिर भी बहुत आशावादी और उत्साहवर्धक कहे जा सकते हैं।

ये कुछ आंकड़े हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब केंद्र में सरकार बनी तब देश की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी। ग्यारह साल में अर्थव्यवस्था को ग्यारहवें नंबर से चौथे नंबर पर आ गई। आज भारत दुनिया की टॉप पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था रहा है। प्रति व्यक्ति आय में 67 प्रतिशत, विदेशी मुद्रा भंडार में 135 प्रतिशत, निर्यात में 825 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड स्तर, एफडीआई में 106 प्रतिशत, टैक्सपेयर्स की संख्या में 127 प्रतिशत और डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 238 प्रतिशत की वृद्धि भारत के संदर्भ में आज दिखाई देती है। पिछले 11 वर्षों में 27 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आए हैं। विचार करें; क्या यह सरकार के बिना सही प्रयास वगैर संभव होता

यह तो सभी जानते हैं कि सरकारी नौकरियां कुल जनसंख्या में अधिकतम ीन प्रतिशत लोगों को ही दी जा सकती है, ऐसे में शेष 97 प्रतिशत के लिए रोजगार, श्रम एवं कृषि ही वह उपाय है, जहां से वे अपने लिए आय प्राप्त कर सकते हैं। स्वभाविक तौर पर इसमें सबसे बड़ा हिस्सा वर्तमान में उद्योग-धंधे से होनेवाली आय का है। यदि देश में विनिर्माण क्षेत्र कमजोर होता तब फिर 27 करोड़ लोगों का गरीबी की रेखा से बाहर निकलना कभी संभव ही नहीं होता! यानी भारत के विनिर्माण क्षेत्र में अच्छा कार्य हो रहा है ञ इसी जून माह के प्रारंभ में भारत के मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई के संबंध में रिपोर्ट देखने को मिली। जो कहती है कि मई में भारत का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई मई में 57.6 रहा। मजबूत मांग और रिकॉर्ड हायरिंग दर्ज की जा रही है। हालांकि मई में पीएमआई अप्रैल के 58.2 से मामूली रूप से कम रहा है, फिर भी ध्यान देने योग्य है कि पीएमआई 50 से ऊपर होता है तो यह वृद्धि को दिखाता है। यानी भारत वर्तमान में वृद्धि करते हुए साफ दिखाई देता है। स्वभाविक है कि यह मजबूत वृद्धि घरेलू और विदेशी मांग के साथ-साथ सफल मार्केटिंग प्रयासों के कारण हुई है, जिसने निर्यात ऑर्डर को पिछले तीन वर्षों के सबसे उच्च स्तर पर पहुंचा दिया। एचएसबीसी की ओर से किए गए पीएमआई सर्वेक्षण में देश भर की फर्मों ने एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका के प्रमुख बाजारों से बढ़ती रुचि के बारे में भी बताया है।

वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक बाजारों में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत का माल और सेवा निर्यात वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 820 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 778 बिलियन डॉलर के इसी आंकड़े से करीब 6 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ता है। देश की जीडीपी पिछली तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 7.4% बढ़ी, जो 2024 की शुरूआत के बाद से इसकी सबसे तेज गति है।

# त्रेता और द्वापर युग से चिरंजीवी हैं भगवान परशुराम

परशुराम जयंती

धर्म

**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**

भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम चिरंजीवी हैं। वे भगवान श्रीराम के समय भी थे और भगवान श्रीकृष्ण के समय भी मौजूद रहे, आज भी उन्हें साक्षात जीवित देव माना जाता है। भगवान परशुराम ने ही श्रीकृष्ण को सुदर्शन चक्र उपलब्ध कराया था। किदवदन्ति है कि महेंद्रगिरि पर्वत भगवान परशुराम की तपस्या स्थली रही है और उसी पर्वत को कल्पांत तक तपस्या के लिए उन्होंने चुना। कहते है, एक बार भगवान गणेश ने परशुराम को शिव दर्शन करने से रोक दिया था, जिससे रुष्ट होकर परशुराम ने उन पर अपने फरसे से प्रहार किया, जिससे उनका एक दांत टूट हो गया और तभी से वे एकदंत हो गए। त्रेतायुग में सीता स्वयंवर में शिव धनुष टूटने पर वे पहले बहुत नाराज हुए और फिर क्रोध शांत होने पर श्रीराम का सम्मान भी किया। द्वापर युग में उन्होंने असत्य वचन के लिए दंड स्वरूप कर्ण को सारी विद्या विस्मृत होने का श्राप दिया था, साथ ही भीष्म, द्रोण व कर्ण को शस्त्र विद्या प्रदान की थी।

भगवान परशुराम को विष्णु का छठा 'अवतार' माना जाता है। जबकि श्रीराम सातवें अवतार थे। भगवान परशुराम का जन्म 5142 वि.पू. वैशाख शुक्ल तृतीया के प्रथम प्रहर में हुआ था। इनका जन्म सतयुग और त्रेता का संधिकाल भी माना जाता है। भगवान परशुराम का जन्म 6 उच्च ग्रहों के योग के समय में हुआ। जन्म तिथि अक्षय तृतीया होने कारण इसी दिन परशुराम जयंती मनाई जाती है। साहित्यकार शिवकुमार सिंह कौशिकेय द्वारा किये गए एक शोध के तहत परशुराम का जन्म वर्तमान बलिया के खैराडीह में बताया गया है। एक किंवदंती में मध्य प्रदेश के इंदौर के पास स्थित महू से कुछ ही दूरी पर स्थित जानापाव की पहाड़ी पर भगवान परशुराम का जन्म होना बताया गया है। यहां पर परशुराम के पिता ऋषि जमदग्नि का आश्रम है। कहते हैं कि प्राचीन काल में इंदौर के पास ही मुंडी गांव स्थित रेणुका पर्वत पर माता रेणुका रहती थीं।

एक अन्य मान्यता में छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में घने जंगलों के बीच कलचा गांव में एक शतमहला है। जमदग्नि ऋषि की पत्नी रेणुका इसी महल में रहती थीं और भगवान परशुराम को उन्होंने यहीं जन्म दिया था।

शाहजहांपुर के जलालाबाद में जमदग्नि आश्रम से करीब दो किलोमीटर पूर्व दिशा में हजारों साल पुराने मन्दिर के अवशेष मिलते हैं जिसे भगवान परशुराम की जन्मस्थली कहा जाता है। महर्षि ऋचीक ने महर्षि अगत्स्य के अनुरोध पर जमदग्नि को महर्षि अगत्स्य के साथ दक्षिण में कोंकण प्रदेश में धर्म प्रचार का कार्य करने लगे। कोंकण प्रदेश का राजा जमदग्नि की विद्वता पर इतना मोहित हुआ कि उसने अपनी पुत्री रेणुका का विवाह इनसे कर दिया। इन्ही रेणुका के पांचवें गर्भ से भगवान परशुराम का जन्म हुआ। जमदग्नि ने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के बाद धर्म प्रचार का कार्य बन्द कर दिया और राजा गाधि की स्वीकृति लेकर इन्होंने अपना जमदग्नि आश्रम स्थापित किया और अपनी पत्नी रेणुका के साथ वहीं रहने लगे। राजा गाधि ने वर्तमान जलालाबाद के निकट की भूमि जमदग्नि के आश्रम के लिए चुनी थी। जमदग्नि ने आश्रम के निकट ही रेणुका के लिए कुटी बनवाई थी आज उस कुटी के स्थान पर एक अति प्राचीन मन्दिर बना हुआ है जो आज 'ढकियाइन देवी' के नाम से सुप्रसिद्ध है।

भगवान परशुराम के लिए जहां अपने पिता की आज्ञा सर्वोपरि रही वहीं वे अपने क्रोध व शिव भक्ति के लिए भी जाने जाते हैं। कहा जाता है कि एक बार उन्होंने अपने पराक्रम से नदियों तक की दिशा मोड़ दी थी। वास्तव में भगवान परशुराम ऐसे देव हैं जिन्हें चिरंजीवी होने का गौरव प्राप्त है। **(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**



झारखंड का एक विश्व प्रसिद्ध मंदिर जहां आदि शंकराचार्य और चैतन्य महाप्रभु ने भ्रमण किया था। मलूटी स्थित यह प्रसिद्ध स्थल पर्यटकों के लिए आर्कषण का केन्द्र है। फोटो- अजय सानी

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### संयुक्त मोर्चा सेल समिति की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा लोकल सेल में विस्थापितों की भागीदारी को लेकर बुधवार को सुंदरनगर पंचायत भवन में विस्थापित-प्रभावित ग्रामीण एवं शहरी संयुक्त मोर्चा सेल समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद एवं सेल समिति के वरिष्ठ सदस्य मनोज राम, सुंदर पंचायत के मुखिया ब्यास पांडेय एवं झामुमो नेता मुकेश राउत ने संयुक्त रूप से की। सभी ने एक स्वर में कहा कि यदि भुरकुंडा में लोकल सेल चालू होता है तो प्रबंधन को विस्थापितों की भागीदारी हर हाल में सुनिश्चित करनी होगी। महिलाओं ने कहा कि यदि उन्हें नजरअंदाज किया गया, तो संयुक्त मोर्चा सेल समिति किसी भी हद तक जाने को बाध्य होगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि गुरुवार को भुरकुंडा पीओ कार्यालय के समक्ष एक ऐतिहासिक धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर किरण देवी, सुषमा देवी, पानो देवी, लक्ष्मी देवी, सुलेखा देवी, अर्चना देवी, मधु देवी, शिप्रा देवी, गुड़िया देवी, सुशीला देवी, रानी देवी, सीता देवी, सरिता देवी, मीना देवी, मालती देवी, गीता देवी, बसंती देवी, शीला देवी, नीलम देवी, पिंकी देवी, शबाना खातून, प्रवीण हजरा, नूर बेगम, शाहिदा सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

### राज नर्सिंग होम में रक्तदान शिविर 30 को

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब भुरकुंडा 30 जून को राज नर्सिंग होम में रक्तदान शिविर लगाएगा। लायंस क्लब ने समाजसेवी एवं इच्छुक नागरिकों से अपील की है कि वे समाज कल्याण हेतु स्वेच्छा से रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में भागीदार बनें। इच्छुक व्यक्ति राज नर्सिंग होम में आकर पंजीकरण कर सकते हैं और अपना रक्तदान कर मानवता की सेवा कर सकते हैं। जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ. राजेंद्र महतो ने बताया कि रक्तदान महादान है इससे बड़ा कोई भी दान नहीं है जिसे कोई व्यक्ति अपने जीवनकाल में कर सकता है।

### अंचल ऑफिस में आजसू जड़ेगा ताला



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आजसू के पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने पतरातू अंचलाधिकारी को पत्र सौंपा है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि जनता के द्वारा दिए गए आवेदनों का 48 घंटों के अंदर निपटारा नहीं होने की स्थिति में अंचल कार्यालय में क्रमवार आंदोलन को बाध्य होना पड़ेगा। इसके तहत अंचल कार्यालय में तालाबंदी, धरना, भूख-हड़ताल किया जायेगा। विश्वरंजन सिन्हा ने पत्र में कहा है कि अंचल के कर्मचारी एवं सीआई के द्वारा किसी निजी व्यक्ति को अपना आईडी पासवर्ड दिया गया है, नियमसंवत नहीं है। निर्धारित समयावधि से अधिक समय तक जनता के आवेदन लंबित हैं। अगर अंचल कार्यालय में ठीक तरह से कार्य नहीं किया जायेगा तो उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

### भुरकुंडा : एनसीओइए (सीटू) की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** एनसीओईए (सीटू) भुरकुंडा शाखा की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को शाखा कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष किरण कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष बासुदेव साव और क्षेत्रीय सचिव राम नरेश सिंह उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य 9 जुलाई को हड़ताल को सफल बनाने एवं संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना रहा। शाखा सचिव संतोष यादव ने कहा कि वर्ष 2025 में संगठन की सदस्यता बढ़ाकर संगठन को अधिक सशक्त बनाया जाएगा। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी मजदूर या कर्मचारी को कंपनी से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में किरण कुमार, असगर अंसारी, गणेश उरांव, सुशील सिंह, एतवा मुंडा, प्रमोद कुमार सिंह, सन्यासन घोष सहित कई सदस्य मौजूद थे।

### नकारी कॉलोनी में अखंड-कीर्तन कल

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रथयात्रा महापर्व के पावन अवसर पर 27 जून 2025 को नकारी कॉलोनी में 24 घंटे का अखंड-कीर्तन आयोजन किया गया है। इस धार्मिक आयोजन को सुव्यवस्थित और भव्य रूप से संपन्न कराने हेतु सर्वसम्मति से पूजा कमेटी का गठन किया गया। इसमें पिंटू कुमार सोनी को अध्यक्ष, अमित कुमार को सचिव, नीरज यादव को सह-सचिव तथा रितेश कुमार चौधरी को कोषाध्यक्ष चुना गया। साथ ही स्वागत अध्यक्ष के रूप में कोल माइंस वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय सचिव डॉ. आशीष कुमार को नामित किया गया। पूजा अनुष्ठान को संपन्न कराने हेतु पुरोहित अखिल मंडल, भरत ठाकुर, मुन्मुन सिंह, जय राम शर्मा, तरुण सिंह, शुभ नारायण सिंह, जय कुमार मिश्रा, अशोक कुमार दुबे, धनंजय सिंह आदि को प्रमुख पूजा सदस्य नियुक्त किया गया है। वहीं, अखंड कीर्तन गान के लिए राजेश कुमार सिंह, कमलेश कुमार सिंह, शंभु सिंह, सुधीर गिरी आदि को चुना गया है। डॉ. आशीष कुमार ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन 28 जून को भंडारे के साथ संपन्न होगा।

### श्री श्याम परिवार ने किया कीर्तन



**कुजू।** बलिहारी बाबा का भावपूर्ण कीर्तन श्री श्याम परिवार कुजू द्वारा कुजू निवासी मुकेश अग्रवाल के आवास में आयोजित की गयी। इस दौरान श्याम प्रभु का के चित्र के समक्ष दरबार सजाया गया। योगिनी एकादशी पर श्री खाटू वाले श्याम प्रभु का कीर्तन का शुभारंभ हुआ। कीर्तन के दौरान श्याम परिवार द्वारा एक से बढ़कर बाबा श्याम का कीर्तन करते हुए जमकर झूमे। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर निक्कू केशरी, कुणाल केशरी, पवन केशरी, अंकित केशरी, अनुज केशरी, प्रिंस केशरी, गुड्डू केशरी, लल्लू केशरी, पंकज मोदी, हिमांशु गुप्ता, ओम केशरी, शन्नी केशरी, राजा केशरी आदि शामिल थे।

### पोना पर्वत धाम में रथयात्रा 27 को

**रजरप्पा।** चितरपुर प्रखंड के बड़कीपोना पंचायत स्थित पोना पर्वत धाम में 27 जून को निकलेगी रथयात्रा। श्री जगन्नाथ मंदिर का रंगरोगन पूरी कर ली गई है। शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ महाप्रभु रथ पर सवार होंगे और लोग उनका दर्शन कर सकेंगे। उमेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष भी यहां भव्य तरीके से रथ यात्रा निकाली जाएगी।

# इचाक में खुलेआम चल रहे हैं जुए

**जेवर, जमीन और मोटरसाइकिल, कार और हाईवा गिरवी रख कर लगा रहे है बाजी**



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**इचाक/हजारीबाग।** झारखंड का इचाक अब खेतों और खलिहानों के लिए नहीं, बल्कि खुलेआम चल रहे जुए के स्याह कारोबार के लिए बदनाम हो रहा है। दरिया, गिरही, मंगुरा, बोंगा, डांगी कारीमाटी ,डुमरौन और इचाक मोड़, ये इलाके अब ताश की गड्डियों और कैश के बंडलों से सजे काले कैसिनो में तब्दील हो चुके हैं, जहां हर दिन करोड़ों की बाजी लगाई जाती है। एक-एक सेंटर पर 40 से 50 लाख रुपये का लेन-देन आम बात हो चुकी है। चौंकाने वाली बात यह है कि जुए के इन केंद्रों को जातिगत आधार पर अलग-अलग चला कर सामाजिक इंजीनियरिंग का भी गंदा खेल खेला जा रहा है। 5 से 6 घंटे तक चलने वाले इन जुए के सत्रों में हर दिन 10 से 20 हजार रुपये की कमाई करने वाले खिलाड़ी तो मौज में हैं, लेकिन ग्रामीणों की जिंदगी दांव पर है। ग्रामीण अपनी मेहनत की कमाई, यहां तक कि घर, जेवर, जमीन और मोटरसाइकिल, कार हाईवा, तक गिरवी रख कर इस चक्की में पिसते जा रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई, परिवार का खर्च और बुढ़ापे का सहारा सब कुछ जुए की आग में स्वाहा हो रहा है। लेकिन हैरानी की बात ये है कि स्थानीय प्रशासन की आंखें इस पर बंद हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस कारोबार के पीछे सफेदपोश और कुछ पुलिसकर्मियों की मिलीभगत है।

### अपने क्षेत्रों में गैरकानूनी धंधों को रोकें जनप्रतिनिधि : सकेंद्र



इचाक मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सकेंद्र प्रसाद मेहता ने कहा कि नशा और जुआ इस क्षेत्र को खा जाएगा। लोग बर्बाद हो रहे हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से कहा कि अपने क्षेत्रों में गैरकानूनी धंधों को रोकें। साथ ही चेताया कि अगर प्रशासन ने अब भी कार्रवाई नहीं की, तो वे सीधे डीजीपी और मुख्यमंत्री से शिकायत करेंगे।

### जन-जागरण अभियान चलाया जायेगा : गौतम



समाजसेवी गौतम कुमार ने कहा कि जो मुखिया और पंचायत समिति सदस्य अपने क्षेत्र में जुए और नशे को रोक नहीं पा रहे है, उनके खिलाफ जन-जागरण अभियान चलाया जाएगा। पंचायत-पंचायत जाकर ग्रामीणों से अपील की जाएगी कि अगली बार ऐसे नेताओं को वोट न दें। ये जनप्रतिनिधियों का दायित्व है की ऐसी कुकर्मो को रोकें।

# केरेडारी में दिनदहाड़े गोलीबारी दो युवक गंभीर रूप से घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**केरेडारी।** सीकरी ओपी क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब 10 बजे दिनदहाड़े गोलीबारी से सनसनी फैल गई। केरेडारी-बड़कागांव मुख्य पथ पर पतरा पुल के पास बाइक सवार दो युवकों पर अज्ञात अपराधियों ने गोली चला दी। अपराधी 6 की संख्या में बताये जा रहे है। तीन राउंड गोली चलायी गयी। इस हमले में लुरुंगा गांव के रहने वाले कोलेश्वर बेदिआ और बैजू बेदिआ गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों युवक बीजीआर कंपनी के कैंप से बचा-खुचा खाना उठाकर अपने सुअर फार्म में इस्तेमाल करते थे। कुछ दिन पूर्व उनसे अपराधियों ने पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। पैसे नहीं देने पर बुधवार को इस हमले को अंजाम दिया गया। गोली कोलेश्वर के सीने के पास लगी है, वहीं बैजू भी गंभीर रूप से घायल है। मौके पर जेएलकेएम नेता बालेश्वर कुमार और थाना प्रभारी विवेक कुमार पहुंचे। ओपी एसआई संजीव पांडेय की मदद से दोनों घायलों को तुरंत केरेडारी सीएचसी पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद एक को हजारीबाग रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और हमलावरों की तलाश की जा रही है। इलाके में दहशत का माहौल है।

### श्री ज्वेलर्स में फायरिंग के विरोध में व्यापारियों का हजारीबाग बंद सफल



**हजारीबाग।** श्री ज्वेलर्स पर हुई गोलीबारी के विरोध में बुधवार को हजारीबाग शहर पूरी तरह बंद रहा। हजारीबाग स्वर्णकार व्यवसायी संघ और फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संयुक्त आह्वान पर यह बंदी आयोजित की गई, जिसे शहर के सभी व्यापारियों का व्यापक समर्थन मिला। गोलीबारी की इस वारदात से व्यापारी वर्ग में भारी आक्रोश है और वे खुद की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित हैं। इस बंदी से शहर का व्यावसायिक जीवन पूरी तरह ठप रहा। सभी दुकानों, प्रतिष्ठानों और व्यावसायिक संस्थानों ने बंद में हिस्सा लिया। व्यापारियों ने इसे सुरक्षा और न्याय की लड़ाई बताया। उनका कहना है कि जब तक अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होती और ठोस सुरक्षा इंतजाम नहीं किए जाते, तब तक चुप नहीं बैठा जाएगा। पुलिस और जिला प्रशासन ने बंद को देखते हुए शहर में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिया है और कहा है कि अपराधियों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। व्यापारियों ने प्रशासन से शहर में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बहाल करने की अपील की है।

### बोकारो आस्था ज्वेलर्स में लूटपाट मामले में एक युवक गिरफ्तार

**बरही ।** सोमवार को बोकारो के आस्था ज्वेलर्स दुकान से लूट पाट मामले में मंगलवार को बरही जीटी रोड पर एक युवक को बरही एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल ने दबोचा। युवक लाल रंग के एक पल्सर बाइक से अकेले बरही होकर बिहार की ओर जा रहा था। बोकारो थाने पुलिस की सूचना पर बरही जीटी रोड के बिलौतिया मोड़ के पास बरही एसडीपीओ ने बाइक चेकिंग के दौरान युवक को दबोचा। एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल से पूछे जाने पर बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सोमवार को बोकारो के आस्था ज्वेलर्स से सोने की ज्वैलरी लूट पाट करने वाला एक अभियुक्त बाइक से बरही से गुजरने वाला है। त्वरित रूप से जीटी रोड पर चेकिंग शुरू किया और उसे बाइक के साथ पकड़ा गया। पकड़ा गया युवक औरंगाबाद दाउदनगर निवासी पुलेंद्र कुमार है। पकड़ने के बाद युवक को बोकारो पुलिस को सूचना देकर सौंप दिया गया। बोकारो पुलिस ने बाइक सवार की जांच की, लेकिन उसके पास से लूट का ज्वैलर्स बरामद नहीं हुआ। अभियुक्त के व्हाट्सएप्प मैसेज और कॉल से उसकी संलिप्तता लूट कांड में होने की बात की जा रही है।

### सांसद तीर्थ दर्शन को लेकर बैठक



**कुजू।** सांसद तीर्थ दर्शन को लेकर रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के दिगवार वार्ड नंबर चार और पांच में बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद के उपाध्यक्ष अर्जुन यादव व संचालन मंत्री सुनीता देवी ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ नगर परिषद मंडल भाजपा अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी उपस्थित हुए। मौके पर उन्होंने लोगों को जानकारी दिया कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों और वार्डों से 65 सीटर बस के माध्यम से तीर्थ स्थानों का दर्शन कराया जाएगा। जिसमें श्रद्धालु बनारस, विंध्याचल, प्रयागराज, अयोध्या जैसे धार्मिक तीर्थ स्थलों का दर्शन कर पायेंगे। इसके लिए इस यात्रा का शुभारंभ 29 जून को हजारीबाग के नरसिंह स्थान से किया जा रहा है। बाद में सभी को सांसद द्वारा भेजे गए निमंत्रण पत्र को भी वितरित किया गया। बैठक का धन्यवाद ज्ञापन संगीता देवी ने किया। बैठक में विनोद प्रसाद, मंगल मुंडा, शंकर करमाली, सुनीता देवी, शान्ति देवी, सीमा देवी, कुसुम देवी, जितनी देवी, बसंती देवी, रूबी देवी, ललिता देवी, मीना देवी, निरसु देवी, ज्योति देवी, सुमित्रा देवी, किरण देवी, राखी देवी सल्लू देवी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कुजू में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर कमिटि का गठन

**कुजू।** नमो फुटबॉल टूर्नामेंट को लेकर एमआर काम्प्लेक्स में बैठक हुई। बैठक में खेल से जुड़े प्रतिनिधि और भाजपा के कार्यकर्ता शामिल हुए। टूर्नामेंट को लेकर कमिटि का गठन किया गया।

अध्यक्ष- तोकेश सिंह, उपाध्यक्ष- रवि साहू, रामदेव प्रसाद, सचिव- राजेश प्रसाद, सहसचिव -आशीष कुमार, पंचित महतो, कोषाध्यक्ष- रतन प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष- डिंपल प्रजापति, प्रवेशकर्ता सुधान सिंह, सूरज महतो, जफर खान, संरक्षक प्रवीण मेहता, जगेश्वर प्रजापति, नरेश महतो, धनेश्वर प्रसाद, राजेश्वर प्रसाद, अरविंद वर्मा, अशोक कुमार, निर्मल करमाली, विवेक गुप्ता, लखन प्रसाद, अखिलेश्वर प्रसाद शामिल है। बैठक में सांसद खेल प्रतिनिधि बंटी तिवारी व जयप्रकाश शामिल हुए। उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट का शुभारंभ 5 अगस्त और समापन 15 अगस्त को होगा। साथ ही टूर्नामेंट मुकेश प्रसाद साहू के देख रेख में संपन्न होगा।

### बिजली को लेकर डीवीसी के रेजिडेंट डायरेक्टर व जीएम से मिली अंबा प्रसाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने पतरातु, बड़कागांव व केरेडारी समेत हजारीबाग लोकसभा और चतरा जिले में अघोषित बिजली कटौती को लेकर रांची में डीवीसी के रेजिडेंट डायरेक्टर एवं सीनियर जीएम (एनर्जी) संजय कुमार से मुलाकात की। अंबा प्रसाद ने कहा कि डीवीसी अब केंद्र सरकार के इशारों पर काम करने वाली संस्था बनकर रह गई है, जिसकी वजह से राज्यहित की उपेक्षा हो रही है। अंबा प्रसाद ने कहा कि निरंतर प्रयासों से जिस 220/33 केवीए पावर ग्रिड की आधारशिला राज्य के मुख्यमंत्री व मेरे द्वारा रखी गई थी, उसका निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है। यही एकमात्र उपाय है, जिससे बड़कागांव के साथ-साथ हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र और चतरा जिले में बिजली की समस्या का स्थायी समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि केंद्र सरकार की लापरवाही और राजनीतिक भेदभाव के चलते गैर-भाजपा शासित राज्यों में जानबूझकर बिजली संकट पैदा किया जा रहा है। जिसके कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# आनंद साईं दरबार के स्थापना दिवस पर विशेष पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार के 15वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन विशेष पूजन और हवन हुआ। दौरान पुजारी राजेश पांडे ने यजमान अमित कुमार सिन्हा, नंदकिशोर गुप्ता और शैलेन्द्र ठाकुर सपत्नीक के हाथों विशेष पूजन और हवन का अनुष्ठान संपन्न करवाया। यजमानों द्वारा साईं बाबा से रामगढ़ जिले में अमन चैन और खुशहाली की कामना की गई। पूजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे जिनके बीच पूजन के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। पूजन और हवन के दौरान स्कॉन की ओर से आनंद साईं दरबार में भजन और कीर्तन की विशेष प्रस्तुती की गई। वहीं, भजन संध्या में शाम को चिंटू मिश्रा और ध्रुव कुमार द्वारा साईं बाबा के आकर्षक भजनों की प्रस्तुती की गई। इस दौरान साईं भक्त झूमते रहे। रामगढ़ विधायक ममता देवी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अरूण कुमार सिन्हा, खोगेन्द्र साव, रजरप्पा थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष सिंह, जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिक चंद जैन, जानू कालरा, साहू समाज के अध्यक्ष उपेंद्र साव, अजीत कुमार, आनंद प्रताप सिंह, सुरेश सिंह, अधिवक्ता आनंद सिन्हा, जीतू अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, अजीत जायसवाल, विमल शर्मा, दिव्या कुमारी, अनिता पाठक, सोनी कुमारी, रंजन फौजी, सुबोध सिन्हा,

### भव्य भंडारा आज

अरूण महतो, रोहित कुमार महतो, रोहित वर्मा, रोहित गुप्ता, संजय सिन्हा विनोद साव, बसंत कुमार, पंकज ठाकुर, विरेंद्र कुमार, अनिल साव, उमेश कुमार, अविनाश कुमार, राजू कैथ, अजीत कुमार सोनी, शीतल सिंह, विनोद जायसवाल मल्लिका दत्ता, रीता, सुनीता, संगीता, रूपा, अमिता सोनी, रानी देवी, रेखा देवी, आशा कुमारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। गुरूवार को 12:30 बजे भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आनंद साईं दरबार प्रबंधन समिति की ओर से दी गई है। समिति की ओर से बताया गया कि भंडारे में हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। जिसकी तैयारी की जा रही है। भंडारे से पूर्व साईं बाबा का पूजन होगा। इसके उपरांत भंडारा आरंभ होगा।

## एक नजर में

### दुबई में फंसे झारखंड के 15 मजदूर



**विष्णुगढ़।** झारखंड के हजारीबाग, गिरिडीह और धनबाद जिलों के 15 प्रवासी मजदूर दुबई में गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। मसाई कॉन्ट्रैक्टिंग एलएलसी कंपनी में कार्यरत ये मजदूर बीते तीन महीनों से बिना वेतन के फंसे हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में मजदूरों ने खाने-पीने की किल्लत और कंपनी द्वारा मजदूरी नहीं दिए जाने की बात बताई है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से अपनी सुरक्षित वतन वापसी के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली ने भी मजदूरों की दुर्दशा को देखते हुए सरकार से अपील की है कि विदेशों में फंसे झारखंडी मजदूरों को सकुशल वापस लाया जाए। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कई प्रवासी मजदूरों को ऐसे ही हालात का सामना करना पड़ा था, लेकिन सरकारी प्रयासों से उनकी वापसी संभव हो सकी थी। फिलहाल विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के जोबार पंचायत के दो प्रवासी मजदूरों के शव सऊदी अरब और कुवैत में पड़े हैं, जबकि गिरिडीह के बगोदर के पांच मजदूर नाइजर में दो महीने से अगवा हैं। दुबई में फंसे मजदूरों में हजारीबाग के चुरामन, चंद्रिका, कैलाश, बिशुन, जगन्नाथ, लखन, सुखदेव, अर्जुन, त्रिलोकी, बालेश्वर; गिरिडीह के बैजनाथ, महेंद्र, सीताराम, मूरत और धनबाद के संजय कुमार महतो शामिल हैं। ये सभी मजदूर अब अपनी जिंदगी बचाने की उम्मीद में सरकार की ओर देख रहे हैं।

### अडाणी फॉउंडेशन ने लगाया रक्तदान शिविर



**हजारीबाग।** अडाणी फाउंडेशन ने वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के सहयोग से रक्तदान शिविर लगाया। शिविर में 35 से ज्यादा यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। अडाणी समूह चेयरमैन गौतम अदाणी के जन्मदिवस 24 जून को अडाणी दिवस के रूप में मनाता है। हजारीबाग स्थित शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल में आयोजित इस कैंप में अदाणी समूह के सभी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों ने रक्तदान किया। कैंप में संग्रहित यह रक्त जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में अहम भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ गोंदुलपारा खनन परियोजना के प्रमुख पुंडरीक मिश्रा ने रक्तदान करके किया। सुबह दस बजे से ही ग्रामीणों और कर्मियों समेत सभी रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे यह अभियान एक सामाजिक उत्सव में बदल गया।

### बड़कागांव पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

**बड़कागांव।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी धारी रजक के आदेशानुसार सह इंस्पेक्टर सावित्री कश्यप के नेतृत्व में जीडीएम चौक और थाना के बीच एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें संदिग्ध सभी मोटरसाइकिल व फोर व्हीलर का आरसी ड्राइविंग लाइसेंस हेलमेट सहित अन्य कागजात का जांच किया गया। इस संबंध में सावित्री कश्यप ने बताया कि आए दिन अपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही है जिसको लेकर आला अधिकारियों के आदेश अनुसार जांच पड़ताल की जा रही है ताकि क्राइम पर अंकुश लगाया जा सके। आगे उन्होंने बताया कि इसके अलावा सभी दोपहिया वाहन चालक को हेलमेट लगाकर चलने का हिदायत दिया जा रहा है इसके साथ-साथ फोर व्हीलर चालकों को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है। इस एंटी क्राइम चेकिंग में दर्जनों फोर व्हीलर और सैकड़ो टू व्हीलर की जांच पड़ताल किया गया मौके पर सब इंस्पेक्टर सावित्री कश्यप के अलावा एएसआई सुदेश कुमार सहित कई सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

### बरही प्रखंड कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर



**बरही।** प्रखंड कार्यालय इन दिनों लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। विकास योजनाओं की वजह से नहीं बल्कि लगातार बढ़ रहे भ्रष्टाचार की वजह से। जिस कार्यालय में आम लोगों की समस्याओं का समाधान होना चाहिए, वहां अब समाधान से पहले सुविधा शुल्क लेना अनिवार्य होता जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के अनुसार मनरेगा, अबुवा आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना और अभिलेख खोलने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में रिश्वत मांगना आम बात हो गई है। आरोप है कि बिना पैसे दिए कोई भी सरकारी काम समय पर नहीं होता है। सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार की शिकायतें मनरेगा योजना में सामने आ रही हैं। बरही विधानसभा के युवा नेता सह कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी प्रयाग प्रसाद ने कहा कि प्रखंड कार्यालय को भ्रष्टाचार का अड्डा बताते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं के नाम पर जनता को लूटा जा रहा है। जब तक अधिकारी और कर्मचारी अपनी जेब नहीं भरते, आम आदमी का कोई काम नहीं होता।

### सड़क हादसे में महिला की मौत, पति व बच्चे घायल

**बरही।** धरगुली मोड़ के समीप तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक संख्या जेएच02बीए 3940 को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार महिला की मौत हो गयी। बाइक चालक व बच्चे घायल हो गये। इनका इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। गोरहर थाना क्षेत्र के धरगुली मोड़ के समीप पीछे से आ रही हाइवा वाहन संख्या एडब्ल्यूआर6ई 8950 ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। महिला का पति व बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से इन्हें बरकट्ठा के सामुदायिक स्वास्थ्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। बच्चे व पति का इलाज चल रहा है। मृतक महिला और उसका पति अपने बच्चे का इलाज कराने बनासो विष्णुगढ़ जा रहे थे। इसी दौरान यह घटना घटी। मृतक महिला चौपारण थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के मो अरशद की पत्नी खतीजा खातून (उम्र करीब 27 वर्ष) है। घायलों में मोहम्मद अंसारी और मो अरहम अली शामिल हैं।

### बस और बाइक की टक्कर, एक घायल


**दारु।** जबरा दारू चौक पर बुधवार दोपहर बस और बाइक में सीधी टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस से शेख बिहारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेज दिया गया। घटना के सम्बन्ध मे मिली जानकारी के अनुसार शिवम बस संख्या जेएच 13 डी 1408 बिष्णुगढ़ से हजारीबाग जा रही थी जबकी बजाज बाइक मे सवार चिरवां इरगा निवासी गिरधारी साव धान का बिज लेकर अपने घर जा रहे थे वह जबरा मोड के पास जैसे ही अपने घर जाने के लिए मुडे सामने से आ रहे बस ने अपनी चपेट मे ले लिया। इस घटना मे गिरधारी साव गंभीर रूप से घायल हो गये।

### सांसद तीर्थ दर्शन योजना 29 जून से होगी शुरू



**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल ने एक अनूठी पहल करते हुए 'सांसद तीर्थ दर्शन-2025' योजना की शुरुआत की है, जिसके तहत क्षेत्र के 180 बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा पर भेजा जाएगा। यह यात्रा 29 जून को हजारीबाग के नृसिंह मंदिर प्रांगण से विधिवत रवाना होगी। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के गांवों और शहरों में एक लाख से अधिक निमंत्रण पत्र भेजे जा चुके हैं। बुधवार को सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी और इवेंट प्रभारी सोनू कुमार ने नृसिंह मंदिर प्रांगण का निरीक्षण किया और तैयारियों का जायजा लिया।

# मानवाधिकार, सबसे बड़ा अधिकार इसकी रक्षा जरूरी



सोनाली भट्टाचार्या



**मानव अधिकार क्या हैं?**

मानवाधिकार हम सभी में अंतर्निहित हैं, चाहे हमारी राष्ट्रीयता, लिंग, राष्ट्रीय या जातीय मूल, रंग, धर्म, भाषा या कोई अन्य स्थिति कुछ भी हो...

मानवाधिकार वे अधिकार हैं जो हमें सिर्फ. इसलिए मिले हैं क्योंकि हम मनुष्य के रूप में मौजूद हैं - ये किसी राज्य द्वारा प्रदान नहीं किए जाते हैं। ये सार्वभौमिक अधिकार हम सभी में निहित हैं , चाहे हमारी राष्ट्रीयता, लिंग, राष्ट्रीय या जातीय मूल, रंग, धर्म, भाषा या कोई अन्य स्थिति कुछ भी हो। ये सबसे बुनियादी अधिकार -

**जीवन के अधिकार - से लेकर उन अधिकारों तक हैं जो जीवन को जीने लायक बनाते हैं, जैसे भोजन, शिक्षा, काम, स्वास्थ्य और स्वतंत्रता के अधिकार।**

**1948 में संयुक्त राष्ट्र महासभा**

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक स्वायत्त विधिक संस्था है। इसकी स्थापना 12 अक्टूबर 1993 को हुई थी। इसकी स्थापना मानवाधिकार सरक्षण इसके ऐतिहासिक स्रोत का विवरण हमे पेरिस सम्मेलन अधिनियम, 1993 के अन्तर्गत की गयी। यह आयोग देश में मानवाधिकारों का प्रहरी है। यह सविंधान द्वारा अभिनिश्चित तथा अन्तरराष्ट्रीय सन्धियों में निर्मित व्यक्तिगत अधिकारों का संरक्षक है। यह एक बहु सदस्यीय निकाय है। इसके प्रथम अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्र थे। वर्तमान में (2024) न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यन इसके वर्तमान अध्यक्ष के पद पर आसीन है। इसके अध्यक्ष व सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष या 70 वर्ष (2019 से परिवर्तित पहले 5वर्ष था)(जो भी पहले पूर्ण हो जाए)। इसके अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक गठित समिति की सिफारिश पर होती है।

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन पेरिस सिद्धान्तों के अनुरूप है जिन्हें अक्तूबर, 1991 में पेरिस में मानव अधिकार संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए राष्ट्रीय संस्थानों पर आयोजित पहली अन्तरराष्ट्रीय कार्यशाला में अंगीकृत किया गया था तथा 20 दिसम्बर, 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा संकल्प 48/134 के रूप में समर्थित किया गया था।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के कार्य व शक्तियाँ

मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों पर सरकार को परामर्श देना। यह परामर्श दात्री निकाय है इसलिए दण्ड देने का अधिकार नहीं है।

**1 वर्ष से अधिक पुराने मामलों को सरकार की सहमति से सुनवाई कर सकता है**

**इसे लोक न्यायालय की शक्तियाँ प्राप्त होती हैं**

यह अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपता है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष एचएल दत्तू ने इस आयोग को दन्त-विहीन बाघ कहा है हर साल मानवाधिकार आयोग दिवस के रूप में 10 दिसंबर को मनाया जाता है'

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्यों की योग्यताएँ:

**अध्यक्षः भारत के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश या उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश.**

**एक सदस्यः उच्चतम न्यायालय में कार्यरत या सेवानिवृत्त न्यायाधीश, या किसी उच्च न्यायालय का कार्यरत या सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश.**

**दो अन्य सदस्यः मानवाधिकार से**

**भारत में मानवाधिकारों से संबंधित प्रावधान क्या हैं?**

**परिभाषाः**

भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अनुसार, संविधान द्वारा गारंटीकृत व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता और सम्मान से संबंधित अधिकारों के रूप में मानवाधिकार या अंतर्राष्ट्रीय अनुबंधों में सन्निहित तथा भारत में अदालतों द्वारा लागू किये जाने योग्य हैं।

**राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोगः**

भारत में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना वर्ष 1993 में की गई थी। जिस कानून के तहत इसे स्थापित किया गया है वह है- मानवाधिकार अधिनियम 1993 का संरक्षण।

अधिनियम राज्य मानवाधिकार आयोगों की स्थापना का प्रावधान करता है।

**भारतीय कानूनों में शामिल मानवाधिकार :** भारतीय संविधान में मानवाधिकारों के कई प्रावधानों को शामिल किया गया है। मौलिक अधिकारों का भाग III अनुच्छेद 14 से 32 तक। संविधान के अनुच्छेद 14 से 18 तक।

**मानव अधिकार के विभिन्न अर्थ :** मावन अधिकारों की सार्वभौम घोषणा

**दासता या गुलामी में न रखे जाने का अधिकार**

**मनमाने ढंग से गिरफ्तार, निरुद्ध या निर्वासन के विरुद्ध अधिकार**

**एकांतता, कुटुंब घर या पत्र-व्यवहार में मनमाना हस्तक्षेप के विरुद्ध अधिकार**

**अपने देश की लोक सेवा में समान सुरक्षा का अधिकार**

**मानव अधिकारों पर अभिसमय और प्रसंविदाएं**

अंतरराष्ट्रीय आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार :

मानव अधिकार विश्व भर में मान्य व्यक्तियों के वे अधिकार हैं जो उनके पूर्ण शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए अत्यावश्यक हैं इन अधिकारों का उदभव मानव की अंतर्निहित गरिमा से हुआ है। विश्व निकाय ने 1948 में मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा को अंगीकार और उदघोषित किया। इस उदघोषणा में अनुसार प्रत्येक व्यक्ति और समाज का प्रत्येक अंग इन अधिकारों और स्वतंत्रताओं के प्रति सम्मान जागृत करेगा और अधिकारों की विश्वव्यापी एवं प्रभावी मान्यता और उनके पालन को सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।

मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा के पश्चात मानव अधिकारों की अभिवृद्धि और पालन के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने अंतर्राष्ट्रीय सिविल और राजनैतिक प्रसंविदा, अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक, सामाजिक और सास्कृतिक अधिकार प्रसंविदा 1966 और अंतर्राष्ट्रीय सिविल और राजनैतिक अधिकार पर प्रसंविदा के वैकल्पिक प्रोटोकॉल को अंगीकार किया।

मानव अधिकारों के अतिक्रमण के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उपचारों के भी प्रावधान हैं। मानव अधिकार आयोग, मानव अधिकारों के मानकों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। अतः शान्ति बनाए रखने, अन्तर्राष्ट्रीय स्थिरता को बढ़ाने, आर्थिक व सामाजिक विकास में सहायता करने के लिए इन अधिकारों को महत्वपूर्ण बनाने पर दृढ़तापूर्वक कार्य करना आवश्यक है।

**मानव अधिकार के विभिन्न अर्थ :** मानव अधिकारों का शब्दकोशीय अर्थ है, दृढ़तापूर्वक रखे गये दावे, अथवा वे जो होने चाहिए, अथवा कभी-कभी उनको भी कहा जाता है जिनकी विधिक रूप से मान्यता है और उन्हें संरक्षित किया गया है जिनका प्रयोजन प्रत्येक व्यक्ति के लिए व्यक्तित्व आध्यात्मिक, नैतिक और अन्य स्वतंत्रता का अधिक से अधिक पूर्ण और स्वंतंत्र विकास सुनिश्चित करने को है। मानव अधिकार का संरक्षण अधिनियम, 1993 मानव अधिकार को निम्न प्रकार से परिभाषित करता है-

मानव अधिकार से प्राण, स्वतंत्रता, समानता और व्यक्ति की गरिमा से संबंधित ऐसे अधिकार अभिप्रेत हैं जो संविधान द्वारा प्रत्याभूत किये गए हों या अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदाओं में सन्निविष्ट और भारत में न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय हैं

संक्षेप में, मानव अधिकार विश्व भर में मान्य व्यक्तियों के वे अधिकार हैं जो उनके पूर्ण शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए बहुत बुनियादी माने गये हैं। ये अधिकार मानव शरीर में अंतर्निहित गरिमा और महत्व से निकाले गये हैं।

इन अधिकारों की मान्यता मानव मूल्यों को चरितार्थ करने के लिए मनुष्य के लंबे संघर्ष के बाद हुई है। मानव अधिकार का विचार अनेक विधिक प्रणालियों में पाया जा सकता है। प्राचीन भारतीय विधिक प्रणाली, जो विश्व की सबसे प्राचीन विधिक प्रणाली है, इन अधिकारों की संकल्पना नहीं थी, केवल कर्तव्यों को ही अधिकथित किया गया था। यहाँ के विधि शास्त्रियों की मान्यता थी कि यदि सभी व्यक्ति अपने कर्तव्यों का पालन करने तो सभी के अधिकार संरक्षित रहेंगे। प्राचीन भारत के धर्मसूत्रों एवं धर्शास्त्रों की विशाल संख्या में लोगों के कर्तव्यों का ही उल्लेख है। धर्म एक ऐसा शब्द है जिसका अर्थ बहुत विस्तृत है किन्तु उसका एक अर्थ कर्तव्य भी है। इस प्रकार सारे धर्मशास्त्र धर्मसंहिताएँ हैं, अर्थात कर्तव्य संहिताएँ हैं। इसलिए मनुस्मृति को मनु की संहिता भी कहा गया है। मनुस्मृति के अध्यायों के शीर्षकों को देखने से ही ज्ञात हो जाएगा कि वे राजा को सम्मिलित करते हुए समाज के विभिन वर्गों एवं व्यक्तियों के कर्तव्यों का उल्लेख करते हैं।

इस प्रकार प्राचीन भारतीय विधिनिमार्ताओं ने केवल कर्तव्यों की ही बात सोची और अधिकार के बारे में उन्होंने कदाचित ही कुछ कहा। उन्होंने कर्तव्य पालन को स्वयं के विकास के लिए अनिवार्य बनाकर, कर्तव्य की कठोरता को समाप्त कर दिया।

अधिकार के दावे का, अंतिम विश्लेषण में यह अर्थ होगा कि ऐसा कार्य जो किसी अन्य के हित के अनुरूप न होगा।

इस बात पर प्राचीन भारतीय विधि शास्त्रियों और कतिपय आधुनिक विधिशास्त्रियों की विचारों में बड़ी समानता पायी जाती है। विधि की समाजशास्त्रियों विचारधारा के एक बड़े पश्चात चिंतक ड्यूगिट महोदय प्राइवेट अधिकारों के अस्तित्व को अस्वीकार करते हैं। कॉमटे की तरह उनका भी यह कथन है-

एकमात्र अधिकार जो किसी मनुष्य का हो सकता है, वह सदैव अपना कर्तव्य करने का अधिकार है। किसी भी हैसियत में कार्य करने वाले व्यक्ति एक ही सामाजिक संगठन के भाग हैं और प्रत्येक को उसी लक्ष्य अर्थात सामजिक समेकता की पूर्ति के लिए अपनी भूमिका निभानी होती है।

उसी प्रकार विधि के विशुद्ध सिद्धांत के प्रवर्तक के महान विधिशास्त्री केल्सन ने भी यह मत व्यक्त किया है, यद्यपि वे एक भिन्न आधार- भूमि से इस निष्कर्ष पर पहुंचते है। केल्स के अनुसार भी विधि में व्यक्तिगत अधिकार जैसी कोई वस्तु नहीं ही। विधिक कर्तव्य ही विधि का सारह्र है। विधि सर्वदा होना चाहिए की एक प्रणाली है। अधिकार की संकल्पना किसी विधिक प्रणाली के लिए मूलतः अनिवार्य नहीं है। विधिक अधिकार उसकी पूर्ति की अपेक्षा करने के हकदार व्यक्ति की दृष्टि, में केवल कर्तव्य के रूप में है।

पश्चिम में मनुष्यों के अधिकार का विचार प्राकृतिक विधि की संकल्पना से उदभूत हुआ। यूनान के लघु नगर राज्यों में राजनीतिक संस्थाओं के अस्थिरता और सरकारों का जल्दी-जल्दी परिवर्तन और विधि में मनमानापन तथा निरंकुश्ता से दार्शनिकों को कुछ अपरिवर्तणीय और सार्वदेशिक सिद्धांतों के बारे में सोचने और उसकी बात करने को प्रेरित किया। उन्होंने सामाजिक यथास्थिति को व्यवस्थित रूप से चलाने और सामाजिक संस्थाओं की सुरक्षा की आवश्यकता की बात कही और राजनितिक रूप से संगठित एक आर्दश समाज में किसी प्रमाणिक सिद्धांत को निकालने का प्रयत्न किया। उनहोंने के आदर्श प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया जो संबंधों के तालमेल का और नियमों एवं सिद्धांतों द्वार आचरण करने को व्यवस्थित करने का प्रयोजन पूरा करने और उनके ऊपर जो नियमों को लागू करेंगे और उनके ऊपर जो उनके अधीन थे, युक्ति का एक बंधन लगाए। उनके द्वारा कल्पित अपरिवर्तनीय और सार्वदेशिक सिद्धांत जिसे उन्होंने राज्य की वही ऊपर माना प्राकृतिक विधि कहलाए। बाद में रोम के और अन्यंत्र दार्शनिकों ने प्राकृतिक विधि का भिन्नप्रकार से अर्थ निकाला। तथापि, राज्य की विधि की ऊपर एक विधि मान्य की गई। परवर्ती काल के राजनितिक दार्शनिकों के हाथों में प्राकृतिक विधि मनुष्यों के अधिकारों का मुख्य आधार बनी।

धर्म ने भी मनुष्यों के अधिकारों के विकास में योगदान किया। यहूदी दर्शन ने व्यक्ति के महत्व के विचार को विकसित किया। इसने मनुष्य को एक ऐसे व्यक्ति एक रूप में माना जिसे पूरा करने के लिए जीवन में उसका अपना एक लक्ष्य है।

**(एडवोकेट झारखंड हाई कोर्ट रांची)**

# झारखंड में क्यों बंद हुई कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई

सुधीर सिंह की रिपोर्ट

**राज्य सरकार** ने उच्च न्यायालय के निदेशों और यूजीसी के आदेशों का हवाला देते हुए अंगीभूत कॉलेजों से इंटर की पढ़ाई चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने का निर्णय लिया है। यूजीसी ने वर्ष 2010 में ही पत्र जारी कर कहा था कि कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई उच्च शिक्षा की परिभाषा के अनुरूप नहीं है। वहीं 2023 में परीक्षा में इस बार रिकॉर्ड संख्या में छात्र-छात्राएं पास हुए हैं। लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या राज्य में उपलब्ध प्लस टू स्कूलों में इन सभी विद्यार्थियों का नामांकन हो सकेगा? दूसरा सवाल यह है कि स्कूलों में सीटें पर्याप्त हैं या नहीं? यह चिंता अब अभिभावकों और प्रशासन दोनों के माथे पर स्पष्ट झलक रही है।

**राज्य में प्लस टू**



**मैट्रिक पास करने वाले छात्रों की संख्या बढ़ी**

जैक बोर्ड के मुताबिक वर्ष 2025 की मैट्रिक परीक्षा में कुल 4,31,488 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे। इसमें से कुल 3,95,755 यानी 91.71 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए हैं। खास बात यह है कि इनमें सर्वाधिक पास प्रतिशत (95.36 प्रतिशत) अति पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों का रहा, जो राज्य के सामाजिक-शैक्षणिक परिदृश्य में एक अहम संकेत है।

शिक्षा विभाग ने भी विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया था कि इंटर की पढ़ाई या तो पूर्ण रूप से बंद की जाए या झारखंड एकेडमिक काउंसिल से अलग से संबद्धता ली जाये। नतीजा वर्तमान सत्र से राज्य के सभी अंगीभूत कॉलेजों में 11वीं में नामांकन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। 12वीं में पहले से अध्ययनरत विद्यार्थियों को उनके घर से 5 किमी के दायरे में मौजूद सरकारी उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालयों या अनुमोदित झारखंड इंटरमीडिएट महाविद्यालयों में स्थानांतरित करने की व्यवस्था की जा रही है।

**क्या कहते हैं शिक्षाविद**

शिक्षाविद डॉ राजकुमार का कहना है कि शिक्षा नीति में बदलाव जरूरी था। लेकिन इसे बेहतर योजना और आधारभूत ढांचे के साथ लागू किया जाना चाहिए था। शिक्षा विभाग ने 2023 में ही आदेश जारी कर कहा था कि कॉलेज यदि इंटर की पढ़ाई चाहते हैं तो उन्हें जैक से अलग से मान्यता लेनी होगी, लेकिन अधिकांश कॉलेजों ने इस दिशा में पहल नहीं की। नतीजा सत्र 2025-26 में कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई पूरी तरह बंद हो गई। राज्य के 634 प्लस टू स्कूलों में लगभग 2 लाख सीटें ही हैं, जबकि इंटर में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों की संख्या करीब 4 लाख है। राज्य सरकार ने नई शिक्षा नीति को लागू करते हुए कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद कर दी, लेकिन वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। इस वजह से परेशानियां आ रही हैं।

**क्या कहते हैं जानकार**

इस संबंध में डीएसपीएमयू के पूर्व कुलपति एसएन मुंडा कहते हैं कि कॉलेजों से इंटर की पढ़ाई हटाना उच्च शिक्षा के मानदंड के अनुसार सही है। लेकिन अगर राज्य सरकार चाहती है कि हर बच्चा 12वीं तक की शिक्षा पूरी करे, तो उसे प्लस टू स्कूलों की संख्या, सीटों और संसाधनों को तीन गुना बढ़ाना होगा। इंटर की पढ़ाई को कॉलेजों से हटाना एक दूरदर्शी कदम है, लेकिन इसे लागू करने की तैयारी अधूरी है। अगर जल्द ही प्लस टू स्कूलों में संसाधनों और सीटों की व्यवस्था नहीं की गई, तो हजारों छात्र नामांकन से वंचित रह सकते हैं या पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो सकते हैं।

**राज्य के कॉलेजों में इंटर की पढ़ाई बंद, प्लस टू स्कूलों में सीटें नाकाफी, बढ़ी छात्रों की परेशानी**

**राज्य के 634 प्लस टू स्कूलों में इंटर की लगभग 2 लाख सीटें**

**इंटर में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों की संख्या करीब 4 लाख**

राज्य सरकार के नये आदेश के बाद इंटर की पढ़ाई अब अंगीभूत कॉलेजों में नहीं होगी। ऐसे में अब पूरा भार राज्य के प्लस टू स्कूलों पर आ गया है। झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) की 10वीं बोर्ड की

**स्कूलों की स्थिति**

राज्य में वर्तमान में कुल 634 प्लस टू स्कूल हैं। पहले इनकी संख्या 510 थी, लेकिन हाल ही में 124 हाईस्कूलों को प्लस टू में अपग्रेड कर दिया गया। गिरिडीह जिले में सर्वाधिक 22 स्कूलों को प्लस टू का दर्जा दिया गया है। अपग्रेड हुए इन स्कूलों में सत्र 2025-26 से इंटर की पढ़ाई शुरू होगी। हालांकि, इन स्कूलों में आधारभूत संरचना, शिक्षक और संसाधनों की स्थिति को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। औसतन हर प्लस टू स्कूल में अगर 300-400 सीटें हो तो कुल सीटें 2 लाख 52 हजार के करीब होगी, जबकि इस वर्ष पास हुए विद्यार्थियों की संख्या लगभग 4 लाख है। यानी लगभग आधे से अधिक छात्रों को नामांकन के लिए पर्याप्त सीटें उपलब्ध नहीं होंगी, जब तक कि निजी या अन्य संस्थान सहयोग न करें।

**स्कूली शिक्षा विभाग का बदलाव को लागू करने का निर्देश**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों (डीईओ) और क्षेत्रीय संयुक्त निदेशकों को पत्र लिखकर इस बदलाव को लागू करने का आदेश दिया है। इसमें स्पष्ट कहा गया है कि अब कॉलेज स्तर पर इंटरमीडिएट की पढ़ाई न तो संचालित की जाएगी और न ही वहां किसी प्रकार का नामांकन लिया जाएगा। यदि कोई कॉलेज इंटर की पढ़ाई चालू रखना चाहता है, तो उसे झारखंड एकेडमिक काउंसिल से मान्यता लेनी होगी। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार ने कहा कि तमाम सरकारी प्लस टू हाई स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वह अपने स्तर से बच्चों का नामांकन लें। अगर कोई परेशानी आ रही हो तो जैक या शिक्षा परियोजना परिषद से संपर्क कर वस्तु स्थिति से अवगत कराएं। हालांकि उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

**क्या तैयार है शिक्षा तंत्र?**

वास्तविकता यह है कि अभी भी कई अपग्रेडेड प्लस टू स्कूलों में प्रयोगशालाएं, वाणिज्य और विज्ञान विषय के शिक्षक, पुस्तकालय जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। कई जिलों से यह खबरें मिल रही हैं कि प्लस टू में नामांकन के लिए बच्चों की भीड़ बढ़ रही है, लेकिन स्कूलों के पास न तो पर्याप्त शिक्षक हैं और न ही बैठने की समुचित व्यवस्था। रांची के एक प्लस टू स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि नामांकन का बोझ काफी बढ़ा है। खासकर विज्ञान और वाणिज्य विषयों में शिक्षकों की भारी कमी है। हम प्रयास कर रहे हैं, लेकिन यदि सरकार जल्द संसाधन नहीं बढ़ाती है तो पढ़ाई की गुणवत्ता प्रभावित होगी।

# प्रधानमंत्री मोदी का हर अभियान बना जन आंदोलन

डॉ.राजेश मिश्र

**अपने** पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की तो किसी को अंदाजा न रहा होगा की यह अभियान जन आन्दोलन का रूप ले लेगा । स्वच्छता आन्दोलन के साथ देखते ही देखते तरह से राजनेता, अभिनेता, अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी व आमजन जुड़ गये वह अपने आप मे अद्वितीय ही रहा ।

मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में कई उल्लेखनीय और अभूतपूर्व कार्य कर भारत को कई क्षेत्रो मे नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। शौचालय पी.एम. आवास निर्माण के बाद बड़ी उपलब्धियों मे यदि किसी को गिना जाअगा तो वह है आयुष्मान भारत योजना, जिसने 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है। इस योजना ने 6 करोड़ से अधिक लोगो का इलाज कराकर उन्हे वित्तीय संकट से बचाया। देखा जाए तो गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार के लिये इलाज पर होने वाला खर्च कमर तोड़ने वाला होता है। गम्भीर बीमारी के समय तो कई ऐसे परिवार रहे जो खर्च न उठा पाने की स्थिति मे मरीज को अपने हाल पर छोड़ देते थे।

आयुष्मान भारत योजना ने अब सब कुछ आसान कर दिया है। सामान्य हो या असामान्य सभी तरह की बीमारियों की चिन्ता आयुष्मान भारत पर छोड़ी जा चुकी है। आयुष्मान भारत योजना के बाद डिजिटल इण्डिया का कदम क्रान्तिकारी रहा है। डिजिटल इण्डिया ने यूपीआई के माध्यम से भारत को वैश्विक डिजिटल भुगतान का नेतृत्वकर्ता बनाया जिससे 2025 तक 1.3 ट्रिलियन मासिक लेन-देन दर्ज किए गए। मेक इन इण्डिया विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा दिया जिससे भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बना। जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरो को नल जल कनेक्शन प्रदान किया जिससे स्वच्छ पेयजल की पहुंच बढ़ी।

मोदी सरकार ने अपने ग्यारह वर्ष के कार्यकाल मे ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए हैं। अनुच्छेद 370 का हटाया जाना ऐसा निर्णय रहा जिसे देश मान चुका था की यह सम्भव नही है। 'यह नहीं हो सकता' की धारणा आम हो चुकी थी लोकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे यह धारणा टूट गई। अनुच्छेद 370 समाप्त हो गया और किसी तरह की चूं- चपड़ भी नही हुई। विपक्ष की यह आशंका भी निर्मूल साबित हुई की देश मे भू-चाल आ जाएगा।अनुच्छेद 370 के समाप्ति के बाद देश ने भी देखा की जब जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव हुए तो 58.46 फीसद तक मतदान हुआ। यह परिवर्तन एक साहसिक निर्णय का असर रहा है। इसी तरह तीन तलाक की प्रथा जो मानवता के लिए त्रासदी थी जिस पर वर्षों तक चुप्पी छायी रही। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी बात कही लेकिन कोई निर्णायक कदम नही उठाया गया। मोदी



सरकार ने तीन तलाक को समाप्त कर यह साबित कर दिया कि वह महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय तब और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब पता चलता है कि इस्लामिक देशों में तो तीन तलाक बहुत पहले ही समाप्त हो चुका है।

आंकड़े बताते हैं की 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा के उपर उठ चुके है। नीति आयोग और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंचों द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकडे भी इसके गवाह है। भारत मे अत्यधिक गरीबी में 80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड लोगो को प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं व चावल निःशुल्क उपलब्ध कराया गया जिसे बडी उपलब्धि के रूप में माना जा सकता है। पी.एम. आवास योजना ने भी गरीबों की ना की दशा बदली बल्कि खुशहाली की राह दिखाआ है। पी.एम. आवास योजना के 4 करोड़ पक्के मकान बनाए जा चुके है और अगले पांच वर्षों में 3 करोड और मकानों के निर्माण का संकल्प लिया गया है। यदि आज आप गांवों की यात्रा करें तो पहले जहां खपरैल व घासफूस के घर दिखते थे अब वहां पक्के मकान खड़े है। सड़क नेटवर्क क्षेत्र में पहले जो सड़कें अधूरी व टूटी-फूटी रहती थीं वह अब हाइवे मे बदल चुकी हैं। यह आज के आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का परिचायक है।

पहले देश में 126 जिले नक्सल प्रभावित माने जाते थे जो अब घटकर 18 रह गए हैं। हिंसा मे 53 फीसद की कमी आई है। सुरक्षाबलों की हताहत संख्या में 72 फीद गिरावट दर्ज की गई है। इससे स्पष्ट होता है कि भारत अब नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ रहा है।

संसदीय क्षेत्र सीधी के संदर्भ मेंः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्यारह वर्ष के कार्यकाल मे संसदीय क्षेत्र सीधी में एतिहासिक कार्य हुए हैं। ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना की आधारशिला 1985 मे रखी गई। बाद में परियोजना को ठंडे बस्ते मे डाल दिया गया। केन्द्र मे कांग्रेस की सरकार होने और स्थानीय स्तर पर मजबूत व पहुंचवाले नेताओं के होने के बावजूद परियोजना को गतिमान बनाने एक धेला भी नही दिया गया। रेल परियोजना को गति देने का काम नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद हुआ है। ग्यारह वर्ष के प्रयास का नतीजा रहा की रीवा से सीधी और सिंगरौली तक रेल लाइन बिछाने का काम तेज है। जगह झ्र जगह स्टेशन, पुल आदि का कार्य तेजी से हो रहा है। बघवार तक तो पिछले महीने ट्रायल मे रेल आ चुकी है। जिला मुख्यालय मे भी शीघ्र बहुप्रतीक्षित रेल पहुंचने वाली है। पिछले 40 वर्ष से ठप पड़ी रेल परियोजना को जहां मोदी सरकार ने सजीव कर दिखाया वहीं सीधी झ्र रीवा मार्ग पर कैमोर पहाड़ मे विश्वस्तरीय सुरंग का निर्माण कराकर समूचे विंध्य को बड़ी सौगात दी है। सुरंग बन जाने से सीधी और रीवा के बीच आवागमन सुगम व रोमांचित हो गया है । संसदीय क्षेत्र मे इसके अलावा बेहतरीन नेशनल हाइवे निमार्णाधीन हैं। गांव झ्र देहात भी सड़क, पेयजल, बिजली की सुविधा से युक्त हो गए हैं। सीधी झ्र सिंगरौली में मेडिकल कालेज की स्थापना, इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक संस्थानों की स्थापना ने शिक्षा के क्षेत्र को मजबूती प्रदान की है। साथ ही सिंचाई परियोजना की शुरूआत आदि ने किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने का काम किया है।

**(लेखक, मध्य प्रदेश के सीधी से सांसद हैं)**

स्पीड न्यूज

## विधवा चाची से दुष्कर्म रिश्ते को किया शर्मसार

ओरमांझी। थाना क्षेत्र के हेंदेबिली में रिश्ते को शर्मसार करने का मामला प्रकाश में आया है। एक विधवा महिला के साथ रिश्ते में भतीजे द्वारा दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। महिला घर में अकेली रहती है। उसी का फायदा उठाते हुए, उसके रिश्ते के भतिजे दिलीप महतो रात को घर में घुस गया। कमरे में जल रहे बल्ब को खोल कर अंधेरा कर दिया। जिसके बाद घटना का अंजाम दिया। विरोध करने पर महिला के साथ मारपिट भी किया। घटना को अंजाम देने के बाद किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दे गया। जब वह जा रहा था, तब महिला उसके पिछे-पिछे कुछ दूर गई और उसे पहचान ली। बाद में जानकारी होने पर गांव में बैठक भी की गई। लेकिन आरोपी गांव से फरार हो गया। जिसके बाद महिला गांव के कुछ लोगों के साथ थाना पहुंची और आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराई। मामले की गंभरता को देखते हुए ओरमांझी थाना पुलिस द्वारा आरोपी युवक को गिरफ्तार करने का प्रयास की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में मौत

सोनाहातू। थाना क्षेत्र के जामुदाग गांव निवासी पवन मंडल का सड़क दुर्घटना में बुधवार को मौत हो गया है। पवन मंडल अपने घर से स्कूटी से जमशेदपुर जा रहा था। ईचागढ़ थाना क्षेत्र के झाड़वा मोड़ के समीप एक तेल टैंकर से टक्कर हुआ जिससे घटनास्थल पर ही इसकी मौत हो गया था। इसके मौत पर आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, सुनील सिंह, जयपाल सिंह, चितरंजन महतो,पूर्व जिप अध्यक्ष सुकरा मुंडा, रूप कुमार साहू,श्याम महतो, सुषेण प्रमाणिक,बादल मंडल आदि ने गहरा दुख प्रगट किया है।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न


विजेता टीम को पुरस्कार देते विधायक प्रतिनिधि।

सोनाहातू। थाना मैदान प्रखंड स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में प्रखंड के 19 विद्यालय की टीम हिस्सा लिया।अंडर 17 बालक वर्ग में विजेता राजकीयकृत प्लस टू हाई स्कूल लादुपडीह की टीम रही। अंडर 17 बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की टीम विजेता रही। अंडर 15 बालक वर्ग में विजेता राजकीय मध्य लादुपडीह विद्यालय की टीम रही। लिटिल चैंपस अंडर 12 बालक वर्ग में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोआदीरी विजयी रहा। अंडर 12 बालिका वर्ग में विजेता राजकीय मध्य विद्यालय कन्या सोनाहातू की टीम रही। खेल में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि रोहिताश्व चौधरी, बीईओ शांति मुनि तिर्की, बीपीओ गोपाल ठाकुर, थाना प्रभारी चंदन कुमार, शारीरिक शिक्षक बिंदेश्वर महतो, अनिल लोहार, विपिन गाड़ी, शंभु शरण सिंह मुंडा, मनदीप मिंस, श्याम सुंदर महतो, झरिया महतो अरुण कुमार, पहलाद अहीरआदि मौजूद थे।

## शिक्षिका के पति की गुंडागर्दी, शिकायत

जादूगोड़ा। परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय की शिक्षिका के पति अमित जोसेफ की गुंडागर्दी के खिलाफ पीड़ित परिवार निर्मल मुखी ने जादूगोड़ा थाने में लिखित शिकायत कर कारवाई की मांग की है। इधर हमले में घायल 60 वर्षीय भूतपूर्व कर्मी गिरिशा मुखी को जमशेदपुर एम जी एम अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से आज अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। श्री मुखी को आंखों में गंभीर चोट आई है। इस बाबत पीड़ित परिवार निर्मल मुखी ने आरोपी के खिलाफ सख्त कारवाई करने की मांग पुलिस प्रशासन से की है। घटना के बाबत बताया जाता है परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय की शिक्षिका के पति अमित जोसेफ यूसिल कॉलोनी क्वाटर संख्या बी टाइप क्वॉटर संख्या 10/680 अपनी हुंडई 110 कार संख्या जेएच 02 एन 7103 से परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय पहुंचे व अपने वाहन बैंक करने के क्रम में बुजुर्ग भूतपूर्व यूसिल कर्मी गिरिशा मुखी की स्कूटी को ठाकर मार दी।

# खेतों में फसलों की बर्बादी देख किसानों के टपक रहे आंसू

राजू कुमार सिंह


बेड़ो के करांजी गांव में वर्षा से बर्बाद हुई मिर्चा की फसल को घर में लाकर तोड़ते हुए।


बेड़ो के नगड़ी टोली गांव में चंदन कुमार के वर्षा से बर्बाद बैगन की छंटनी करती महिलाएं।

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के आसपास के गांवों में बुधवार को नौवें दिन भी बारिश का दौर चलता रहा जिससे फसल को बर्बाद होते देख किसानों की आंखों में आंसू छलक पड़े। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से परेशान किसान सब्जी की फसल के पौधा सहित घर में लाकर तोड़ना पड़ रहा। साथ ही खराब हुई फसल को छटनी करनी पड़ रही है। वहीं प्रखंड के कई गांवों में आधी से अधिक फसल बर्बाद हो चुकी है, जिससे किसानों को दुकान की उधारी के साथ बैंक का कर्ज कैसे चूकती होगी इसकी चिंता है। खेतों में लगी सब्जी की फसलें बर्बाद हो चुकी हैं। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। ज्ञात हो कि बेड़ो प्रखंड के किसान सब्जी उत्पादन में अग्रिणी है। पूरे झारखंड में बेड़ो सब्जी मंडी प्रसिद्ध हैं जहां हर गांव में लगभग बीस से तीस ऐसे किसान हैं, जो सब्जी लगाते हैं। उन्हें भारी नुकसान हुआ है। वहीं वर्षा ने आम जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। जलजमाव ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। वर्षा से किसानों के खेतों में लगी टमाटर, कद्दू, भिंडी, मिर्चा, फूलगोभी, पत्तागोभी, बैगन, झिंगी, गोंगरा की फसलों में भारी नुकसान पहुंचाया है। जबकि गांव के लोगों की जीविका का एक मात्र साधन सब्जी की खेती है। किसानों ने हाड़तोड़ मेहनत करके सब्जी लगाकर पटवन किए थे। इसी बीच लगातार हो रही बारिश ने किसानों की उम्मीद को बर्बाद कर दिया है।

### किसानों ने कहा सरकार अविलंब मुआवजा दे।

प्रखंड के किसान किसानों का कहना है कि हमारी सभी आशाओं पर पानी फिर गया। अब उन्हें दुकानदार का उधारी और केसीसी लॉन की चिंता सता रही है। किसानों ने बताया कि बैंक से ऋण लेकर कई एकड़ में सब्जियों की खेती किया था जो बारिश से पूरी तरह नष्ट हो गया। इनका कहना है कि अब बैंक कर्ज कैसे कर्ज चुकाएंगे और कैसे आजीविका चलाएंगे? किसानों का कहना है कि लगातार बारिश की बूंदों से तैयार मिर्चा व पके टमाटरों में पानी लग गया है। जमीन में पड़े रहने से वे सड़ने लगे हैं। वहीं किसानों का कहना है कि मार्च महीने में ओलावृष्टि की वजह से वैसे ही पूरी आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। बारिश से लगभग हर किसान को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। पूरे परिवार की भरण पोषण की उम्मीद सिर्फ सब्जी की फसल पर टिकी हुई थी। लेकिन, लगातार वर्षा ने खेतों में कहर बरपाया। प्रकृति की मार ने किसानों की कमर तोड़ दी। किसानों ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि प्रखंड क्षेत्र में बारिश से हुए किसानों की फसलों के नुकसान का अविलंब मुआवजा दिया जाए।

# पतरा चौली टोल प्लाजा दुर्घटना के पीड़ित परिवारों के साथ एक बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता


पीड़ित परिवार के साथ बैठक करते इटकी सीओ व अन्य।

इटकी। इटकी सीओ मो अनीस की अध्यक्षता में बुधवार को अंचलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में रांची गुमला मुख्य मार्ग के पतरा चौली टोल प्लाजा में हुए दुर्घटना के पीड़ित परिवारों के साथ एक बैठक की गई। बैठक में पीड़ित परिवारों की समस्याओं से अवगत हुए। पीड़ित परिवार के लोगों का कहना था कि एनएचआई उन्हें मुआवजा के नाम पर गुमराह कर रहे है। दुर्घटना के बाद नगड़ी थाना में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, एसडीओ रांची एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर अकता कुमारी ने मृतकों को 15-15 लाख और घायलों को 5-5 लाख रुपये दो से तीन दिनों के अन्दर भुगतान करने की बात कही गई थी। लेकिन दुर्घटना के करीब पांच महीना बीत जाने के बाद भी मुआवजा राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया गया है। जब तक मुआवजा का भुगतान नहीं मिल जाता टोल नाके में टेक्स उगाही नहीं करने देंगे। मौके पर सीओ द्वारा एनएचआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर से दुरभाष पर बात कर वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए, समझौते में निर्धारित की गई मुआवजा का बकाया राशि भुगतान के संबंध में सवाल पुछा गया। इस पर प्रोजेक्ट डायरेक्टर ने समझौते को दबाव में किये जाने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ती नजर आई।

इसके बाद पीड़ित परिवार के सदस्य व ग्रामीणों ने कहा जब तक पूरा मुआवजा नहीं मिलेगा टोल नाका को चलने नहीं दिया जायेगा। ज्ञात हो कि एनएचआई द्वारा पीड़ित परिवार को बतौर मुआवजा 20 लाख रुपये दिये गए हैं। इनमें मृतक दशमी तिर्की व बंदी उराइन को डेढ़-डेढ़ लाख तथा किशुन कुमार को छह लाख, घायल चेपा लकड़ा 2.5 लाख, बसंती उरांव 1.5 लाख, आरती करकेट्टा पांच लाख एवं मंगरा उरांव को दो लाख रुपये भुगतान किया गया है। ज्ञात हो कि चार फरवरी 2025 को पतरा चौली स्थित टोल प्लाजा में लगा स्ट्रीट लाईट का हाईमास्क टावर सवारी ऑटो पर गिर गया था। जिसमें दशमी व बंदी उराइन की मौके पर ही मौत हो गई थी।

जबकि ऑटो चालक किशन कुमार का ईलाज के क्रम में मौत हो गई थी। तथा चेपा लकड़ा, बसंती उरांव, आरती करकेट्टा व मंगरा उरांव गंभीर रूप से घायल हो गये थे।

## एनके एरिया के केडीएच कोल डंप में अवैध वसूली व टेरर फंडिंग के मामले पर एसएसपी ने की कार्रवाई


प्रशासन के द्वारा कार्रवाई के लिए पहुंचे एनके एरिया।

कोल डंप से आधा दर्जन व्यक्तियों को उठाया, कड़ी पूछताछ में कई लोगों के नाम उजागर : सूत्र


एनके एरिया में जमा कोयला।

खबर मन्त्र संवाददाता

खलारी। एनके एरिया के सभी परियोजनाओं में अवैध वसूली व टेरर फंडिंग का मामला सामने आने के बाद रांची पुलिस के द्वारा औचक करवाई करते हुए केडीएच कोल डंप के पास से छः लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। पुलिस की कार्रवाई से एनके एरिया व खलारी थाना क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस के कार्रवाई में दो विस्थापित संगठन समिति सदस्य में प्रदीप गंझु, संजय गंझु को गिरफ्तार किया गया। वे लोग ट्रक चालक व लिफ्टरो से अवैध वसूली करते हुए टोकन, मोहर के साथ हजारों रुपये कैश जप्त किया गया। वही चार लिफ्टर अब्दुल अंसारी, पवन ठाकुर, पाली अंसारी, धीरू चंद्रवंशी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। उधर पुलिसिया रिपोर्ट के अनुसार बताया जा रहा है कि एक ट्रक चालक ने केडीएच परियोजना से अवैध वसूली का मामला दर्ज कराया गया था। जिसके आलोक में औचक छापामारी किया गया। इस छापामारी में डंप से अवैध वसूली कर रहे छः व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है। इनके पास से छः मोबाइल, और पांच बाइक,मोहर व टोकन रशीद भी जप्त किया गया है। पुलिस ने बताया की सभी मामले को लेकर अनुसंधान जारी है। जो निर्दोष होंगे उसे पूछताछ कर छोड़ दिया जाएगा।

### परियोजनाओं से अवैध वसूली व टेरर फंडिंग के मामलों पर जांच होगी : सूत्र

परियोजनाओं से विस्थापित मोर्चा व ग्रामीण के नाम पर टोकन,मोहर व नक्सली संगठन के नाम पर अवैध वसूली कर अकूत संपत्ति अर्जित करने वालो पर भी करवाई करने की बात कही जा रही है। इस कारवाई से पूरे एनके पिपरवार क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। बताना चाहते है कि प्रति टन उग्रवादियों के नाम पर 120 रुपये की अवैध वसूली भी किया जाता है। वही 5500 प्रति ट्रक से अवैध वसूली किया जाता है। उग्रवादियों के नाम पर 120 रुपये की वसूली का पैसा कुछ लिफ्टरो व समिति के हाथों उग्रवादियों तक पहुंचाया जाता है। जिससे टेरर का बढ़ावा और आये दिन धमकी व गोलीबारी की घटना का अंजाम दिया जाता है। बताया जाता है कि पूरे क्षेत्र से सबसे ज्यादा वसूली एनके पिपरवार क्षेत्र के कोल डंप से किया जाता है। कोल डंप से अवैध वसूली का खुलासा केंद्रीय जांच एजेंसियों के द्वारा पूर्व में भी किया गया था। जांच एजेंसियों ने डंप से जुड़े हुए व्यक्तियों में से कुल 70 व्यक्तियों का नाम उजागर किया गया था। जिसमें अभी भी पैरोल पर सफेदपोश नेता बनकर नेतागिरी कर रहे है।

## लग्जरी कार से बकरी चुराने पहुंचे

### बकरी चोरी करते तस्वीर सीसीटीवी में कैद

खबर मन्त्र संवाददाता


सीसीटीवी में कैद बकरी चोरी कर भागते कार।

ओरमांझी। लग्जरी कार से बकरी चोरी करने का एक मामला मामला ओरमांझी थाना पहुंची है। रविवार को शिव मंदिर चुटूपालू स्थित दो बकरी (खसी) को कार सवार चोरों ने बड़ी की चतुराई से चोरी कर भाग गए। दोनो बकरियां आजसू पार्टी के कार्यकर्ता किसान खलेश्वर महतो थी। चोरी होने के बाद दोनो बकरियों को काफी तलाशा गया। नही मिलने पर पास में लगे सीसीटीवी कैमरा चेक किया गया। तब पता चला की कार सवार चोरों द्वारा बकरी चोरी कर ले गये। जिसके बाद बकरी चोर के खिलाफ ओरमांझी थाना में मामला दर्ज कराया गया। बताया रामगढ़ से रांची की ओर जा रहे ब्लू रंग की कार जेएच05डीएफ-1018 में सवार बकरी चोर, सड़क किनारे बकरियों को देखकर कार वापस मोड़ कर मंदिर के पास कार खड़ी किए। मौका देख एक-एक कर दो बकरियों को कार के अंदर में डाला और तेजी से फरार हो गए। उन बकरियों के साथ एक बकरिया का बच्चा था। जो कार के पिछे दौड़ा था। कार के नंबर के आधार पर कार चोर जमशेदपुर के मोहम्द सोयब बताया जा रहा है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैंपरे में कैद हुई तस्वीर के आधार पर चोरों को पकड़ने का प्रयास कर रही है।

# ओरमांझी प्रखंड मुख्यालय में कार्यशाला का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यशाला का उद्घाटन करते बीडीओ व जिप सदस्य।

ओरमांझी। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा बुधवार को प्रखंड मुख्यालय ओरमांझी के सभागार में प्रखंड स्तरीय खरीफ सह मिलेट मिशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का का उद्घाटन बीडीओ कामेश्वर बेदिया व जिप सदस्य सरिता देवी द्वारा किया गया। बीडीओ ने कार्यशाला में उपस्थित किसानों को खेत की मिट्टी जांच व बीज उपचार कर नई तकनीकी करने के लाभ बताया। कहा बिना जांच परख कर खेती करना, महंगे, खाद, बीज व किसानों के मेहनत बेकार हो सकते हैं। वहीं जिप सदस्य ने कार्याषला को किसानों के लिए उपयोगी बताया। वहीं कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक (बीटीएम) मोहम्मद अलीजान ने किया, और सरकार की किसान उपयोगी योजनाओं की जानकारी दी। बताया कार्यशाला में खरीफ में होने वाली खेती धान, मक्का, मड़वा, मूंगफली, अरहर आदि फसलों का नर्सरी से लेकर रोपाई कटाई व कीट प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी विश्वनाथ टोप्पो, मुखिया दीपक बड़ाईक, रमेश बेदिया, धनराज बेदिया, पंसस ललिता देवी, शशि मिश्रा, भानु प्रताप, कृति रानी, शुभम कुमार, अमन भगत, रमेश चंद्र, प्रखंड तकनीकी प्रबंधन कुमार रणधीर, जनसेवक कृषक मित्र, प्रगतिशील किसान व जनप्रतिनिधि उपस्थित थें।

## बीडीओ एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी के खिलाफ प्रमुख ने लगाये कई गंभीर आरोप, हटाने की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता



पिस्का नगड़ी। नगड़ी प्रखंड के प्रमुख मदुवा कच्छप उपप्रमुख अफसाना परवीन सहित अन्य पांच पंचायत समिति सदस्यों ने रांची के उपायुक्त सहित ग्रामीण विकास विभाग के सचिव, उप विकास आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर नगड़ी प्रखंड में पदस्थापित बीडीओ दीपाली भगत एवं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी अनुजा के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें यहां से हटाने की मांग की है। जन-प्रतिनिधियों ने इनके पूरे कार्यकाल की जांच करने की भी मांग की। प्रखंड के प्रमुख मदुवा कच्छप,उप प्रमुख अफसाना परवीन सहित अन्य पंचायत समिति सदस्यों ने बीडीओ और बीपीओ पर अपने कार्यकाल में मनरेगा सहित अन्य विकास योजनाओं में जम कर कमीशनखोरी करने, दलालों और अपने चहेते वेंडरों को ही काम देने सहित अन्य गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही सभी मामलों की जांच करते हुए दोनों को नगड़ी प्रखंड से अविलंब हटाने की मांग की है। दिए ज्ञापन में बताया गया कि बीपीओ कुमारी अनुजा लंबे समय से यहां पदस्थापित हैं। दोनों के द्वारा 15वें वित्त आयोग के कार्य, मनरेगा, समाजिक सुरक्षा के तहत विभिन्न प्रकार के पेंशन, प्रधानमंत्री आवास और प्रखंड में चल रहे सभी प्रकार के विकास कार्यों में जम कर कमीशनखोरी की जा रही है। इधर इस संबंध में पूछने पर बीडीओ दीपाली भगत ने कहा कि उन पर लगाए जा रहे सभी आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। कुछ लोगों का निजी स्वार्थ पूरा नहीं हो रहा है इसलिए इस तरह के निराधार और मनगढ़ंत आरोप लगाकर हमारी छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे है। हम हर तरह की जांच के लिए हमेशा तैयार हैं।

## ढाका से नौ साल बाद नामकुम पहुंचा अजय


अपने परिजनों के साथ नामकुम थाना पहुंचा अजय टोप्पो।

नामकुम। बुधवार को ढाका जेल से नौ साल बाद छुटकर रामपुर के सिंजुसेरिंग का रहनेवाला अजय टोप्पो अपने घर वापस लौट आया। अजय को नामकुम पुलिस की पहल पर उसके परिजन और रिश्तेदार लेने पश्चिम बंगाल के चैबिस परगना गये थे, जहां बसंती थाना पुलिस ने अजय को उनके परिजनों को सपुर्द कर दिया। नामकुम थानेदार मनोज कुमार ने बताया कि अजय मानसिक रूप से कमजोर है। वह पिछले नौ साल पूर्व वर्ष 2016 में अपने चाचा के साथ धुर्वा स्थित उनके घर गया था। जहां से वह भटक गया और बार्डर पारकर बांग्लादेश पहुंच गया। बांग्लादेश पुलिस ने बिना वीजा और पासपोर्ट के उसे पकड़कर जेल भेज दिया। जहां ढाका के जाशोर जेल से वह नौ दिसंबर 2024 को छुटा तो बांग्लादेश पुलिस ने उसे बार्डर पार कराकर चैबीस परगना में भारतीय अधिकारियों को सुपूर्द कर दिया। मानसिक रूप से विमार अजय टोप्पो अपने पिता और परिजनों नाम ही बता पाता है। नामकुम पुलिस की पहल पर निजि वाहन से परिजनों को अजय को लाने के लिए भेजा गया था। सभी उसे लेकर बुधवार दोपहर नामकुम थाना पहुंचे। जहां से सभी ने नामकुम पुलिस को धन्यवाद देते हुए अपने घर चले गए नामकुम पहुंचने और अपने परिजनों को देखकर अजय बहुत खुश था।

## विधायक राजेश कच्छप ने नामकुम में तीन सड़क निर्माण कार्य की आधारशीला रखी


नामकुम में सड़क निर्माण कार्य की आधारशीला रखते विधायक राजेश कच्छप और अन्य लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

नामकुम। बुधवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने प्रखंड के सहेरा और विकासनगर में सड़क निर्माण की आधारशीला रखी। इस दौरान विधायक श्री कच्छप ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत तेतरी से सहेरा तक 1.95 किलोमीटर पथ के सुदृढ़ीकरण कार्य तथा रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार के तहत खिजरी गांव के कोचा टोली के विकास नगर के नया टोला तक 2 करोड़ 42 लाख रुपए की लागत से विभिन्न लेन में पीसीसी पथ का निर्माण कार्य तथा रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार के तहत ही विकास नगर खिजरी कोचाटोली से नया टोली तक लगभग 2.50 करोड़ रुपए विभिन्न गलियों में पीसीसी पथ निर्माण कार्य की आधारशीला रखी। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि खिजरी विधानसभा में हर गली, मोहल्ले में पक्की सड़क, नाली, पेयजल आदि का निर्माण किया जायेगा साथ ही लोगों की अन्य बुनियादी जरूरतों को भी पूरा किया जाएगा। विधायक श्री कच्छप ने कहा कि आमजन योजनाओं का निर्माण कार्य पर अपनी नजर रखे और उसकी गुणवत्ता का ध्यान दें। जिससे योजना का लाभ अधिक दिनो तक उठाया जा सके मौके पर मुख्य रूप से खिजरी विधानसभा प्रभारी सतीश पंडा, विधायक प्रतिनिधि एतवा मुंडा, मुखिया निशा उरांव, पंचायत समिति सदस्य रोजलीन तिर्की, शारदा टोप्पो, राजदीप कच्छप, रिंकू कुमार, दिलिप रजक, कृष्णा गोप, लक्ष्मण लकड़ा, प्रदीप तिर्की, तेफिल सांगा, बालू महतो, राजेश साहू, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# आरटीसी हाई स्कूल बुटी में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



अनगड़ा। अनगड़ा आरटीसी हाई स्कूल, बुटी के सभागार में बुधवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन रामटहल चौधरी, सचिव डॉ. पारस नाथ महतो एवं निदेशक डॉ. रूद्र नारायण महतो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में दिव्या कुमारी, कंचन कुमारी, स्वाती कुमारी, गिरिजा कुमारी, रुहानी सब्बा आदि छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से शामिल थे।सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि श्री राम टहल चौधरी ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए जीवन में सच्चाई, मेहनत और निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह दी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव डॉ. पारस नाथ महतो ने कहा कि बच्चों की यह सफलता उनकी मेहनत, माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। निदेशक डॉ. रूद्र नारायण महतो ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कहा आज के ये सम्मान भविष्य में उनके आत्मविश्वास को बढ़ाएगा और उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा इस समारोह में विद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार आरटीसी हाई स्कूल जेसीए की प्राचार्या डॉ. शांति कुमारी, आटीसी इंटर कॉलेज के प्राचार्य श्री विकास कुमार समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय विद्यालय परिवार द्वारा किया गया। यह समारोह विद्यार्थी एवं अभिभावकों के लिए प्रेरणादायक एवं अविस्मरणीय रहा।

# हार के बाद क्या दूसरे मैच में बदलाव करेगी टीम इंडिया



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद भारतीय टीम में बदलाव की मांग ने जोर पकड़ा है। रोहित शर्मा और विराट कोहली की अनुपस्थिति में खेलने उतरी भारत को इंग्लैंड दौरे पर शुरूआती मैच में हार मिली। इस मैच में भारत के शीर्ष पांच बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन निचले क्रम के खराब प्रदर्शन और जसप्रीत बुमराह के अलावा अन्य गेंदबाजों का उपयुक्त योगदान नहीं दे पाना भारत को भारी पड़ा। शुभमन गिल को रोहित की जगह कप्तान बनाया गया था, लेकिन कप्तान के तौर पर पहले ही मैच में उन्हें हार मिली। भारत के पास हालांकि, अभी मौका है क्योंकि यह सीरीज का पहला ही मैच था। भारत के लिए पहली पारी और दूसरी पारी में निचले क्रम ने बल्लेबाजी में अच्छा योगदान नहीं दिया था जो भारी पड़ा। वहीं, दूसरी पारी में गेंदबाज भी कमाल नहीं दिखा पाए जो हार का बड़ा कारण रहा। पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दूसरी पारी में खाली हाथ रहे और एक भी विकेट हासिल नहीं कर सके।

## दो स्पिनरों के साथ उतरेगा भारत?

भारत को पहले मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाए रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है। एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि प्लेइंग-11 में कुछ बदलाव तय हैं। इंग्लैंड में टीमें अकसर चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरती रहीं हैं, लेकिन मौजूदा समय में शुष्क मौसम को देखते हुए कुलदीप और रवींद्र जडेजा दोनों प्लेइंग-11 में जगह बना सकते हैं। जडेजा की गेंदबाजी पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि वह स्पिनरों की मददगार पांचवें दिन की पिच पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके। गेंदबाजी विभाग में किसी और बदलाव की संभावना कम है क्योंकि पहले और दूसरे टेस्ट मैच के बीच एक सप्ताह का अंतराल है और ऐसे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्लेइंग-11 में बने रहने की उम्मीद है। टेस्ट में डेब्यू का इंतजार कर रहे बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के फिर से बाहर बैठने की संभावना है क्योंकि टीम प्रबंधन प्रसिद्ध को और मौका देना चाहेगा। मोहम्मद सिराज को पहले टेस्ट में ज्यादा विकेट नहीं मिले लेकिन उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया।

जडेजा पहली पारी में रन गति को नियंत्रित करने में सफल रहे लेकिन विकेट नहीं निकाल सके लेकिन गेंदबाजी के अलावा उनके पास किसी भी परिस्थिति में बल्ले से प्रभावी योगदान देने की क्षमता है।



## गंभीर ने शार्दुल ने कम गेंदबाजी कराने का बचाव किया

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा। दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं। शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना।

## पांच शतक लगाने के बावजूद टेस्ट हारने वाली पहली टीम बनी भारत

**लीड्स।** भारत को इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गये पहले टेस्ट में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। यह हार इसलिए चौंकाने वाला है क्योंकि भारतीय टीम ने दोनों पारियों में अच्छी बल्लेबाजी की थी और इंग्लिश टीम के सामने चुनौतपूर्ण लक्ष्य रखा था, लेकिन इंग्लैंड ने एक दिन में 350 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस टेस्ट में भारत के नाम कई अनचाहे रिकॉर्ड भी बने। क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट 1877 में आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेला गया था। 148 साल के टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी टीम की ओर से एक टेस्ट में पांच शतक लगे और इसके बावजूद उस टीम को हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले 1928-29 की एशेज सीरीज में आस्ट्रेलिया की ओर से मेलबर्न टेस्ट में चार शतक लगे थे। उसी मैच में डॉन ब्रैडमैन ने अपना पहला टेस्ट शतक (112 रन) भी बनाया था, लेकिन फिर भी आस्ट्रेलियाई टीम को हार मिली थी। वहीं, विराट कोहली की तरह पंत के नाम भी एक अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया। साल 2000 के बाद टेस्ट में ऐसा दूसरी बार हुआ है जब किसी भारतीय बल्लेबाज ने एक मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया और भारतीय टीम वह मैच हार गई हो। पंत ने लीड्स की पहली पारी में 134 रन और दूसरी पारी में 118 रन बनाए। वहीं, 2014 में एडिलेड में विराट कोहली ने पहली पारी में 115 रन और दूसरी पारी में 141 रन बनाए थे। 371 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को इंग्लैंड के ओपनर्स ने ही बैकफुट पर धकेल दिया। बेन डकेट ने शतक लगाया, जबकि क्राउली ने अर्धशतक जड़ा। दिसंबर 2022 से डकेट टेस्ट में सबसे ज्यादा 50+ का स्कोर बनाने वाले ओपनर हैं। उन्होंने ऐसा 18 बार किया है। वहीं, यशस्वी जायसवाल 15 बार के साथ दूसरे नंबर पर हैं। दरअसल, दिसंबर 2022 से इसलिए क्योंकि डकेट लंबे समय के लिए टीम से बाहर हुए थे और उनकी टीम में वापसी एक दिसंबर 2022 को हुई थी। इसके बाद से वह लगातार बड़ी पारियां खेल रहे हैं। डकेट ने टेस्ट करियर का छठा शतक जड़ा।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने आस्ट्रेलिया को 2-1 से हराया

**बर्लिन।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को चार देशों के टूर्नामेंट में तीसरे और चौथे स्थान के लिए खेले गये मुकाबले में आस्ट्रेलिया को 2-1 से हरा दिया। बुधवार को खेले गये मुकाबले में आस्ट्रेलिया के टोबी मैलन ने दूसरे हाफ में 40वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलायी। इसके बाद भारत के रोहित ने (45वें) मिनट में गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत के अजीत यादव ने (52वें) मिनट में गोल कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की।

## पंत ने हासिल की करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग, गिल की शीर्ष-20 में एंट्री

**एजेंसी**

**दुबई।** आइसीसी ने बुधवार को ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी कर दी है। भारत के आक्रामक विकेटकीपर ऋषभ पंत बल्लेबाजों की नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में दोनों पारियों में दो शतक लगाए थे। इसके अलावा शुभमन गिल की भी शीर्ष-20 बल्लेबाजों में एंट्री हो गई है। टीम इंडिया को लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। 371 रन के लक्ष्य को इंग्लैंड ने बैजबॉल अंदाज में 82 ओवर में हासिल कर लिया। आईसीसी ने ताजा रैंकिंग इसके बाद ही जारी की है। लीड्स टेस्ट में दो पारियों में दो शतक लगाने वाले दूसरे विकेटकीपर बने पंत टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में एक पायदान ऊपर चढ़ गए। 27 वर्षीय पंत से पहले जिम्बाब्वे के एंडी फ्लावर एक ही टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले एकमात्र विकेटकीपर थे। पंत ने लीड्स टेस्ट में 134 और 118 रन बनाए। वहीं, शुभमन गिल ने भी पांच स्थान की छलांग लगाई और शीर्ष 20 में पहुंच गए। वह 20वें स्थान पर हैं। गिल ने लीड्स टेस्ट की पहली पारी में शतक लगाया था। शीर्ष 20 टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में भारत के केवल तीन बल्लेबाज हैं। पंत और गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर काबिज हैं। यशस्वी ने भी लीड्स टेस्ट की पहली पारी में शतक जमाया था। टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में कोई खास बदलाव नहीं हुआ है। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने हेडिंग्ले टेस्ट में 14वीं बार पांच विकेट चटकाने के बाद शीर्ष स्थान पर अपना दबदबा कायम रखा है। वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में पांच पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए। डकेट के साथी ओली पोप तीन पायदान ऊपर 19वें स्थान पर और जेमी स्मिथ आठवें पायदान ऊपर 27वें स्थान पर पहुंच गए। इन दोनों खिलाड़ियों ने भी महत्वपूर्ण लाभ अर्जित किया। इंग्लैंड के अनुभवी खिलाड़ी जो रूट टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में नंबर एक बने हुए हैं, जबकि उनके सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वी हैरी ब्रूक हैं। ब्रूक दूसरे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन तीसरे स्थान पर हैं।

### टेस्ट ऑलराउंडर्स में जडेजा शीर्ष पर

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लीड्स में बल्ले और गेंद दोनों से ठीकठाक प्रदर्शन किया था और वह टेस्ट ऑलराउंडरों की सूची में तीन पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। टेस्ट ऑलराउंडर्स में भारत के रवींद्र जडेजा शीर्ष पर हैं। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच ड्रॉ हुए पहले टेस्ट में उनके कई खिलाड़ियों ने बल्लेबाजों की नवीनतम रैंकिंग में कुछ सुधार किए हैं। मुशफिकुर रहीम ने गॉल में 163 रनों की पारी खेलकर शीर्ष स्थान हासिल किया। रहीम टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में 11 पायदान ऊपर चढ़कर 28वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## श्रीलंकाई ने बांग्लादेश पर कसा शिकंजा

**कोलंबो।** असिता फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो और सोनल दिनुशा (दो-दो विकेट) के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को बांग्लादेश के 220 रन पर आठ विकेट झटक कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत खराब रही।

## निशानेबाजी लीग के लिए एथलीटों ने कराया पंजीकरण

**नयी दिल्ली।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा शुरू की गई शूटिंग लीग ऑफ इंडिया के पहले संस्करण में भाग लेने के लिए दुनियाभर के 400 से अधिक निशानेबाजों ने पंजीकरण कराया है। इस लीग का आयोजन 20 नवंबर से दो दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा। इसके लिए भारत, कजाकिस्तान, रूस, ईरान, हंगरी, क्रोएशिया, अजरबैजान, ब्रिटेन, ग्रेनेडा, इटली, आस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, सर्बिया, अमेरिका, स्पेन, थाईलैंड, जर्मनी, चेक गणराज्य, नॉर्वे, सैन मैरिनो और रोमानिया के 400 से अधिक एथलीट पंजीकरण करा चुके हैं और यह संख्या बढ़ती जा रही है।

## नवंबर 2025 में राजस्थान में होंगे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स : मनसुख

**एसेंजी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को घोषणा की कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का आयोजन इस वर्ष नवंबर में राजस्थान के जयपुर शहर में होगा। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन की मेजबानी पूर्णिमा यूनिवर्सिटी और राजस्थान यूनिवर्सिटी संयुक्त रूप से करेंगी। यह खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का पांचवां संस्करण होगा, जिसकी शुरूआत फरवरी 2020 में हुई थी। इस बार प्रतियोगिता में देशभर की 200 से अधिक यूनिवर्सिटियों से 4,000 से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता 25 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों के लिए होगी और इसमें कम से कम 20 खेलों को शामिल किया जाएगा। डॉ. मांडविया ने कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 नवंबर में राजस्थान में आयोजित किए जाएंगे। ये प्रतियोगिताएं उन खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर हैं जो राष्ट्रीय मंच पर अपना कौशल दिखाकर देशभर के टैलेंट स्काउट्स को प्रभावित करना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विश्व स्तर पर यूनिवर्सिटी खिलाड़ी बहु-खेल आयोजनों में अपना दबदबा रखते हैं और उम्मीद जताई कि राजस्थान में भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

### पिछले वर्ष के आंकड़े:

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2024 का आयोजन पूर्वोत्तर भारत के सात राज्यों- असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, नागालैंड और त्रिपुरा में संयुक्त रूप से किया गया था। प्रतियोगिता में 4,500 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और 770 पदक (240 स्वर्ण, 240 रजत, 290 कांस्य) दांव पर लगे थे।

## मेकॉन को हराकर ब्लैक टाइगर पहली बार बना चैंपियन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन, रांची (सीएए) की ओर से आयोजित सुपर डिवीजन फुटबॉल 2025 का चैंपियन ब्लैक टाइगर बना। हटिया रेलवे ग्राउंड में खेले गये इस रोमांचक मुकाबले में ब्लैक टाइगर की टीम ने मेकॉन जैसी मजबूत टीम को 1-0 से हराकर पहली बार चैंपियन बनने का सपना पूरा किया। मैच के शुरूआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जोरदार खेल का प्रदर्शन कर लोगों का दिल जीत लिया। लगातार हो रहे बारिश के बीच खिलाड़ियों ने लगातार एक दूसरे के टीम पर हमला किया। पहले हाफ के खेल में दोनों ही टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ के खेल में ब्लैक टाइगर के खिलाड़ियों ने शानदार रणनीति बनाकर हमला करना शुरू किया। खेल के 51वें मिनट में सुमित ने एक बेहतरीन गोलकर ब्लैक टाइगर की टीम को 1-0 से आगे कर दिया। एक गोल से पिछड़ने के बाद मेकॉन के खिलाड़ियों ने भी गोल करने को लेकर लगातार हमला किए। लेकिन ब्लैक टाइगर टीम के मजबूत डिफेंस को भेद नहीं सके व मैच एक गोल से हार गये।



### सुमित बने मैन ऑफ द मैच

टीम को जीत दिलाने में मुख्य भूमिका निभाने वाले सुमित को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह सीएए के वर्किंग प्रेसिडेंट सुप्रीयो भट्टाचार्य ने चैंपियन टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किए। वहीं, उपविजेता मेकॉन टीम को जेएससीए कंट्री क्रिकेट क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष फिरोज दिलावर खान, झामुमो नेता जुनैद आलम, खूंटी सांसद प्रतिनिधि शमसुद्दीन ने ट्रॉफी देकर सम्मान बढ़ाये। मौके पर सीएए के महासचिव आसिफ नईम, एचओआर फरीद खान, लुइस टोपनो, आरके सेनापति, लाल, अस्तानिस बिहान, टारजन सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे।

## चेल्सी ने एस्पेरांस को 3-0 से हराया, नॉकआउट में बेनफिका से होगा मुकाबला

**एजेंसी**

**फिलाडेल्फिया।** फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 में चेल्सी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ग्रुप डी के अंतिम मुकाबले में एस्पेरांस डी ट्यूनिस को 3-0 से हराकर नॉकआउट (राउंड ऑफ 16) में जगह बना ली है। इस मुकाबले में चेल्सी की ओर से टोसीन अदराबायोयो, लियाम डेलैप और टायरिक जॉर्ज ने गोल दागे। चेल्सी ग्रुप डी में 7 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि फ्लेमेंगो ने लॉस एंजेलेस एफसी के खिलाफ 1-1 की बराबरी के साथ ग्रुप में टॉप किया। एस्पेरांस तीन अंकों के साथ तीसरे और एलएएफसी एक अंक के साथ सबसे नीचे रहा। अब चेल्सी का सामना शनिवार को ग्रुप सी की विजेता टीम बेनफिका से होगा। यह मुकाबला शार्लोट के बैंक ऑफ अमेरिका स्टेडियम में खेला जाएगा। फ्लेमेंगो रविवार को मियामी में बायर्न म्यूनिख से भिड़ेगा, जो ग्रुप सी की उपविजेता रही। चेल्सी के मैनेजर एंजो मारेस्का ने इस मुकाबले में अपने कई अहम खिलाड़ियों को आराम दिया, जिनमें कोल पामर और गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज प्रमुख रहे। इसके अलावा, स्ट्राइकर निकोलस जैक्सन पर दो मैचों का निलंबन चल रहा है, जिससे वह इस मुकाबले में भी नहीं खेले। 30 मिलियन पाउंड में इप्सविच टाउन से खरीदे गये लियाम डेलैप ने शुरूआती मिनटों में दो गोल के मौके गंवाये, लेकिन पहले हाफ के इंजुरी टाइम में अदराबायोयो के हेडर से टीम को बढ़त मिली। कुछ सेकंड बाद ही डेलैप ने गलती का सुधार करते हुए शानदार गोल दागा और स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे हाफ में चेल्सी ने गेंद पर नियंत्रण बनाये रखा और रक्षात्मक रूप से मजबूत नजर आई। अतिरिक्त समय में सब्स्टीट्यूट टायरिक जॉर्ज ने बॉक्स के बाहर से जबरदस्त शॉट लगाकर स्कोर 3-0 कर दिया और जीत की औपचारिकता पूरी की। अब चेल्सी की नजर शनिवार को बेनफिका के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले पर है, जहां जीत से वह टूर्नामेंट के अंतिम चरण की ओर अग्रसर होगी।



## नेमार ने सैंटोस के साथ दिसंबर तक बढ़ाया अनुबंध

**एजेंसी**

**साओ पाउलो।** ब्राजीलियाई स्टार फुटबॉलर नेमार ने अपने घरेलू क्लब सैंटोस एफसी के साथ अपना अनुबंध दिसंबर 2025 तक बढ़ा दिया है। क्लब में जनवरी 2025 के अंत में लौटने के बाद चोटों के कारण उनका योगदान सीमित रहा है। उनका मौजूदा करार इसी सप्ताह समाप्त होने वाला था, जिसे अब छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। नेमार ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मैंने सैंटोस के साथ अपना अनुबंध बढ़ा दिया है। मैं गया, वापस आया और वहीं रुका जहां सब कुछ शुरू हुआ था। और जहां यह कभी खत्म नहीं होगा। हालांकि, अनुबंध को 2026 विश्व कप तक क्यों नहीं बढ़ाया गया, इस पर न तो नेमार और न ही क्लब की ओर से कोई स्पष्टीकरण दिया गया। गौरतलब है कि नए ब्राजील कोच कार्लो एंसेलोटी ने हाल ही में संकेत दिया था कि वह नेमार की फिटनेस पर भरोसा कर रहे हैं और उन्हें 2026 विश्व कप में खेलते देखना चाहते हैं। सैंटोस के लिए अपने पहले कार्यकाल (2009-2013) में नेमार ने 225 मैचों में 138 गोल किए थे और क्लब को 6 प्रमुख खिताब जिताने में मदद की थी। हालांकि इस बार उनकी वापसी कुछ विवादों के साथ रही। 1 जून को बोटाफोगो के खिलाफ मैच में नेमार को हैंड बॉल से गोल करने की कोशिश में रेड कार्ड दिखाया गया। उस समय उनके पास पहले से ही एक येलो कार्ड था। उनका गोल रद्द कर दिया गया और बाद में बोटाफोगो ने 86वें मिनट में विजयी गोल दागा।



### अल-हिलाल से विदाई

सऊदी क्लब अल-हिलाल ने नेमार का अनुबंध आपसी सहमति से छह महीने पहले ही समाप्त कर दिया था। एसीएल चोट के कारण वह एक साल तक बाहर रहे और क्लब का मानना था कि नेमार अब पहले जैसा प्रदर्शन नहीं कर सकते। अल-हिलाल के लिए उन्होंने सिर्फ 7 मैच खेले थे। नेमार इससे पहले बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) में भी खेल चुके हैं।

## प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना प्रकाश हाई स्कूल हुलहुंडु



विजेता टीम को पुरस्कृत करते मुख्य अतिथि मनोज सिंह और अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नामकुम।** प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद क्रीड़ा मैदान नामकुम मे किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि राज्यसभा मनोज कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर प्रखंड के सभी अंडर 15 और अंडर 17 खिलाडियों को संबोधित करते हुए। श्री सिंह ने कहा कि सभी लोग खूब मेहनत करें और पढाई के साथ साथ खेल मे भी आगे बढ़े, सरकार का यह सार्थक प्रयास है, इसका लाभ सभी छात्रों को उठाना है,पढ़ाई के साथ खेल आपका उज्वल भविष्य भी लिखेगा। प्रतियोगिता मे कुल 9 टीमों ने हिस्सा लिया था, जिसमें बालक वर्ग में प्रकाश हाई स्कूल हुलहुंडु विजेता रहा। जबकि बालिका वर्ग में कस्तूरबा प्लस 2 उच्च विद्यालय खरसीदाग विजेता रहा। हंसराज बाधवा प्लस 2 उच्च विद्यालय नामकुम उप विजेता रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी टीमों को मुख्य अतिथि मनोज कुमार सिंह के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

मौके पर बडी संख्या में छात्र, छात्राएं, शिक्षकगण, अभिभावक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दुमका डीसी ने जामा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, कहा
# बच्चों का केरियर काउंसलिंग कराये अधिकारी


निरीक्षण करते डीसी अभिजीत सिन्हा व अन्य।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** डीसी अभिजीत सिन्हा ने बुधवार को जामा अंचल सह प्रखण्ड कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आवास योजना, पंचायत के विकास कार्यों, आंगनबाड़ी, दीदी की दुकान, मनरेगा के कार्यों की जानकारी लेने के बाद अन्य जरूरी अभिलेख की जांच की। इस दौरान योजना को सुचारू रूप से करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों का कार्य समय पर हो। प्रखंड परिसर में पानी, बिजली, शौचालय एवं साफ-सफाई पर भी ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने आमजनों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत हुए। बीडीओ डॉ विवेक किशोर को निर्देशित किया कि एक हेल्प डेस्क बनाए जिसमें मईया योजना सहित अन्य योजना संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा सके। सूचना पट पर जानकारी प्रेषित करें कि किन कारणों से मंईयां सम्मान योजना की राशि रुक सकती है और उसके समाधान के लिए क्या करना है। प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के उपरांत डीसी ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जामा का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने शैक्षणिक व्यवस्था, भोजन, पेयजल, सीसीटीवी, स्वच्छता और सुरक्षा की जानकारी ली। इस क्रम में उन्होंने कक्षा नौ एवं दस की छात्राओं से मिले। उनसे उन्हें मिलने वाली सुविधा जैसे भोजन, शिक्षक की उपलब्धता, साइंस लैब, करियर काउंसलिंग, किताबें आदि की जानकारी ली। जिसमें संतोषजनक जवाब प्राप्त हुए। डीसी ने संबंधित को कहा कि बच्चों का केरियर काउंसलिंग कराए। लैब को बड़े कमरे में शिफ्ट करें। खेलने वाले मैदान की साफ सफाई करें। झूला की मरम्मती करे। हॉकी के लिए मैदान तैयार करायें। चिकित्सक की नियमित विजिट करायें। मौके पर सीओ अशोक बड़ाईक, सीडीपीओ कुमारी रितु सहित अंचलकर्मी उपस्थित थे।

# चास प्रखंड मुख्यालय में भाजपा का प्रदर्शन

### प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर की नारेबाजी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार में कथित तौर पर व्याप्त भ्रष्टाचार ध्वस्त कानून व्यवस्था लचर बिजली पानी की व्यवस्था नगर निकाय चुनाव अवैध बालू, पत्थर कोयला की लूट और बेरोजगारी के विरोध में भाजपा झारखंड प्रदेश द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत चास प्रखंड मुख्यालय पर एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं का आक्रोश चरम पर दिखा। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसी क्रम में प्रखंड कार्यालय के ग्रिल गेट को उन्होंने हिला-हिलाकर तोड़ दिया। मौके पर बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि कानून व्यवस्था चरमरा गई है और सरकारी योजनाओं को लेकर सरकार विफल है।

वृद्धा व विधवा सहित सभी पेंशन बंद है। बालू का अवैध खनन कर तस्करी की जा रही है। सरकार एक भी बालू घाट की नीलामी नहीं कर पाई। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बेरोजगारी बढ़ गई है। बिजली पानी की लचर व्यवस्था से ग्रामीणों में आक्रोश है। रोज अबुआ राज में जनता लूट का शिकार होती जा रही है। अपराधी बेखौफ है दिनदहाड़े घटना को अंजाम दे रहे है।

मौके पर रोहित लाल सिंह शशि भूषण ओझा मुकुल धीरज झा संजय त्यागी मुकेश राय कमलेश राय दिलीप श्रीवास्तव अर्चना सिंह रामलाल सोरेन मथुर मंडल मनोज सिंह हरीश चंद्र सिंह विनय किशोर पन्ना लाल कांदु धनंजय चौबे अविनाश सिंह अनिल सिंह बिक्की राय हरिपद गोप बाटुल प्रामाणिक अमर स्वर्णकार ऋषभ राय मंतोष ठाकुर रघुनाथ टुडू सुभाष उमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## एक नजर में

### बीडीओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण



दुमका। डीसी अभिजीत सिन्हा के निर्देशानुसार बुधवार को रानेश्वर प्रखंड के बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा द्वारा प्रखण्ड परिसर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानेश्वर का औचक निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का रंगाई-पुताई का कार्य चल रहा था। इस संबंध में स्वास्थ्य केन्द्र के प्रधान सहायक विश्वजीत गोराई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि इस विषय में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। स्वास्थ्य केन्द्र के ही डिलींग क्लर्क मोनिका मुर्मू से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि इस विषय में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। रंगाई-पुताई का कार्य किस फंड से किया जा रहा है। कितनी राशि का यह कार्य है। और किस एजेंसी को वर्क ऑर्डर निर्गत किया गया है। इस संबंध में भी किसी के द्वारा कोई जानकारी नहीं दिया गया। स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित कर्मियों द्वारा बताया गया कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी विभागीय कार्य से रांची गये है। रंगाई-पुताई का कार्य करवा रहे मुज्जफर अंसारी नामक व्यक्ति द्वारा बताया गया कि विगत 15 दिनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का साफ-सफाई, दों कोट कलर आदि का कार्य उनके द्वारा कराया जा रहा है। और यह कार्य कराने का निर्देश उन्हें दुमका के सोनू नाम के व्यक्ति द्वारा दिया गया है। जब सोनू नामक व्यक्ति से मोबाईल पर सम्पर्क किया गया तो उनके द्वारा बताया गया कि उनके पास कोई वर्क ऑर्डर नहीं है, बिमल कुमार गुप्ता नामक व्यक्ति के कहने पर यह कार्य उनके द्वारा कराया जा रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रानेश्वर से जानकारी कार्यालय पत्रांक के माध्यम से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विगत दो वित्तीय वर्षों से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रानेश्वर को प्राप्त सभी प्रकार के आवंटनों की जानकारी और किये गये व्यय की जानकारी भी मांगा जा रहा है। जानकारी प्राप्त होने के उपरान्त अग्रतर कारवाई किया जायेगा। इसके अतिरिक्त उपस्थिति पंजी का निरीक्षण करने पर परिवार कल्याण कार्यकर्ता जयदीप कुमार गुप्ता 21 जून से अनुपस्थित पाये गये। गुप्ता की अनुपस्थिति के संबंध में भी किसी भी कर्मी के द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी रानेश्वर की अनुपस्थिति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को देख-रेख करने के लिए किस चिकित्सा पदाधिकारी को प्रभारी बनाया गया है। इस विषय में भी प्रधान सहायक विश्वजीत गोराई द्वारा कोई जानकारी नहीं दिया गया। इस संबंध में भी अनुपस्थित कर्मी जयदीप कुमार गुप्ता को स्पष्टीकरण करने के साथ-साथ अन्य विषयों की भी जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से मांगा जा रहा है।

### गोमिया के आंदोलनकारियों ने धनबाद डीआरएम से किया भेंट, सौपा मांग पत्र



बेरमो। धनबाद मंडल रेल यात्री कल्याण संघ ने डीआरएम कार्यालय मे, बुधवार को, धनवाद रेल मंडल रेल यात्री कल्याण संघ के अध्यक्ष सह झारखंड आदोंलनकारी इफ्तेखार महमूद के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधि मंडल डीआरएम अखिलेश मिश्रा से मिला। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने एक स्मार पत्र सौपते हुये कहा कि बरकाकाना से भाया गोमो कोयलांचल क्षेत्र के दर्जनों औद्योगिक क्षेत्र से जुडा है, इस रुट से बिहार (पटना) जाने के लिए एक भी ट्रेन नही चलती है जिससे यात्रियों व आम लोगों को पटना एवं बिहार(पटना) के अन्य क्षेत्र में आवागमन के लिए भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।बरकाकाना भाया गोमो एक्सप्रेस ट्रेन अबिलंब दोनों ओर से चलाया जाए। इसके अलावा 19607 /08 हावड़ा अजमेर एक्सप्रेस तथा 19413/14 अहमदाबाद कोलकाता एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव गोमिया में निर्धारित करने का मामला काफी दिनों से लंबित है उक्त मामला मुख्य कमर्शियल मैनेजर हाजीपुर के पास लंबित है। उपर्युक्त दोनों ट्रेन का गोमिया स्टेशन में ठहराव निर्धारित किया जाए, पत्र के माध्यम से यह भी कहा गया है कि डुमरी बिहार .और दनिया रेलवे स्टेशन के बीच विरहोर डेरा पैसेंजर ट्रेन का ठहराव के लिए हाल्ट की सुविधा बहाल किया जाए तथा गोमिया बैंक मोड़ से गोमिया स्टेशन तक जो लिंक रोड है काफी जर्जर अवस्था में है, जिससे आवागमन में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है उक्त पथ को अविल्बं जीर्णोद्धार किया जाए एवं पथ के दोनों ओर स्ट्रीट लाइट की सुविधा बहाल किया जाए। प्रतिनिधिमंडल से डीआरएम श्री मिश्रा ने आस्वस्थ किया कि बरकाकाना से भाया गोमो एक्सप्रेस पटना के लिए वरीय पदाधिकारी को पत्र अग्रसारित कर जल्द बरकाकाना से पटना भाया गोमो एक्सप्रेस संचालन पर बल देने की बात कही, उन्होंने यह भी कहा कि दोनों ट्रेन की ठहराव की जो मांगे हैं उस पर भी विचार कर पहल करने की बात कही। विरोहर डेरा में ट्रेन ठहरा व के लिए हाल्ट निर्माण के संबंध में पदाधिकारी से बात कर हल करने का प्रयास किया जाएगा तथा रेलवे स्टेशन से बैंक मोड़ तक जो पथ काफी जर्जर अवस्था में है उसे पर अभिलंब जीर्णोद्धार करने की बात कही। इस मौके पर रेल यात्री कल्याण संघ के महासचिव सह राजद श्रमिक प्रकोष्ठ बोकारो जिला अध्यक्ष अरुण यादव, उपाध्यक्ष शाहजहां एवं पत्रकार मो इस्पतियाक अहमद उस्थित थे।

## स्पीड न्यूज


### दुमका : रेलवे ट्रैक से युवक का शव बरामद

शिकारीपाड़ा। रेलवे ट्रैक पर शिकारीपाड़ा पुलिस ने बुधवार को एक युवक का शव बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि दुमका-रामपुरहाट मार्ग पर रेलवे ट्रैक हरिनसिंघा गांव के पास पर ग्रामीणों ने एक युवक का शव देखा था। मृतक का पहचान थाना क्षेत्र जगतपुर गांव निवासी रविन्द्र हांसदा 20 के रूप में हुई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी गई। पुलिस हरिनसिंघा पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया है। समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो पाई थी।

### शादी का प्रलोभन देकर विधवा का यौन शोषण, मामला दर्ज

दुमका। शादी का प्रलोभन देकर विधवा से यौन शोषण करने का मामला बुधवार को सामने आया। मामले में नगर थाना पुलिस पीड़िता के बयान पर मामला दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है। पुलिस शहर के शिवपहाड़ निवासी राज कुमार साह नामक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि कई साल पहले पति की मृत्यु हो गई। एक बच्चा भी है। विधवा होने का नाजायज फायदा उठाते हुए राज कुमार साह उसके घर आने जाने लगा। युवक ने शादी करने का वादा किया और कई वर्षो तक शारीरिक संबंध बनाया। जब शादी करने के लिए दबाव बनाया तो साफ इंकार कर दिया। आना-जाना करना भी बंद कर दिया। कई बार युवक से मिलकर शादी करने के लिए दबाव बनाया। लेकिन वह तैयार नहीं हुआ। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर पीड़िता का न्यायालय में बयान दर्ज करा अनुसंधान में जुट गई है।

### झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता हेतु बोकारो टीम का सिलेक्शन 29 को



बोकारो। 12-13 जुलाई को जमशेदपुर स्थित जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्विमिंग पूल में आयोजित 15वीं जूनियर एवं सब जूनियर झारखंड राज्य तैराकी प्रतियोगिता हेतु झारखंड तैराकी संघ के अधीन पूर्वी सिंहभूम जिला तैराकी संघ की ओर से होने वाले उक्त स्टेट चैंपियनशिप के लिए बोकारो जिले की टीम गठित की जानी है। इस निमित्त 29 जून को बोकारो जिला तैराकी संघ की ओर से सेक्टर-4 स्थित डीपीएस बोकारो में सेलेक्शन ट्रायल रखा गया है। टीम के लिए तैराकों का चयन डीपीएस के स्विमिंग पूल एरिया में किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए बोकारो जिला तैराकी संघ के अध्यक्ष एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने बताया कि सेलेक्शन ट्रायल ओपन है। इसमें जिले के किसी भी विद्यालय क्लब ग्रामीण क्षेत्रों एवं अन्य जगहों के स्वतंत्र प्रतिभागी भी शामिल हो सकते हैं। चयन ट्रायल में शामिल होने को इच्छुक प्रतिभागी को अपने पहचान-पत्र एवं एड्रेस प्रूफ के साथ अपना स्विमिंग कॉस्ट्यूम लेकर आना अनिवार्य होगा। ट्रायल के तहत विभिन्न स्पधाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले चयनित तैराकों को बोकारो टीम में शामिल होने का अवसर मिलेगा और वे जमशेदपुर में होने वाली राज्यस्तरीय उक्त प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।

# गोड्डा में ब्राउन शुगर के साथ चार युवक गिरफ्तार

### पुलिस ने युवकों के पास से 4.51 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया


प्रेस वार्ता कर जानकारी देते पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय जेपीएन चौधरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय जेपीएन चौधरी ने एक प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया कि जिले में मादक द्रव्य पदार्थ के विरुद्ध एक अभियान छेड़ कर पुलिस अधीक्षक गोड्डा मनोज कुमार ने नशा सेवन करने वाले और इसके व्यवसाय करने वालों के लिए एक जाल सा फैला कर रखा है। जिसमें नित्य कोई न कोई नशे का शिकार फसता जा रहा है। इसी क्रम में डीएसपी प्रशिक्षु कुमार गौरव के नेतृत्व में गोड्डा नगर थाना प्रभारी दिनेश महली ने अपनी टीम के साथ बैथेल मिशन स्कूल के पीछे छापेमारी कर चार युवकों को अपने कब्जे में लिया और उनके पास से 4,51 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया जो सिल्वर पेपर में लपेटा हुआ था। 1 अमन मेहरा उम्र 20 वर्ष गांगटा गोड्डा नगर थाना, 2 किशोर कुमार उम्र 29 वर्ष साकेत पूरी गोड्डा नगर थाना, 3 मोनू कुमार उम्र 20 वर्ष गांगटा नगर थाना गोड्डा, 4 आशीष बास्की उम्र 24 वर्ष सुंदमारा देवदांड थाना सभी आरोपी जिला गोड्डा के निवासी हैं। अमन कुमार मेहरा का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके विरुद्ध 2022 में इसी एक मामले में प्राथमिकी भी दर्ज है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। प्रेसवार्ता में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के अलावे कुमार गौरव डीएसपी प्रशिक्षु ,गोड्डा नगर थाना प्रभारी दिनेश महली, थे छापेमारी में रामदेव वर्मा, भोला दास, गौरव कुमार, द्वारिका प्रसाद सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

# संयंत्र की प्रगति में प्रबंध प्रशिक्षुओं की भूमिका अपेक्षित है : राजश्री



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट में 14 प्रबंध प्रशिक्षुओं के नए बैच के प्लांट/लोकल इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में प्रारम्भ हुआ। इससे पहले इन प्रशिक्षुओं का सेंट्रल इंडक्शन कार्यक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक-मानव संसाधन राजश्री बनर्जी तथा कार्यकारी अधिशासी निदेशक-संकार्य पीके बैसाखिया उपस्थित थे। सीजीएम नीता बा ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया। सभी प्रबंध प्रशिक्षुओं ने बनर्जी के साथ सुरक्षा की शपथ ली। ईडी बनर्जी ने प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बोकारो स्टील प्लांट निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है जिसे और आगे ले जाने में आप लोगों की भूमिका भी अपेक्षित है। सीजीएम बैसाखिया ने कहा कि उन्हें सुरक्षा के साथ-साथ पर्यावरण की दृष्टिकोण से जीरो कार्बन इमिशन स्टील बनाते हुए निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने की दिशा में भी अग्रणी भूमिका निभानी है। जीएम देवा रानी टोप्पो ने प्रशिक्षुओं का बोकारो स्टील प्लांट में स्वागत किया।

# दिव्यांगजनों के बीच बीएसएल ने बैटरी चलित ट्राई साइकिल का किया वितरण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा अपने निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहयोग से आशालता विकलांग विकास केंद्र में आयोजित एक विशेष शिविर में 42 दिव्यांग लाभार्थियों को निःशुल्क बैटरी चालित ट्राईसाइकिल प्रदान की गईं। इस मौके पर बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ईडी-वित्त एवं लेखा सुरेश रंगानी ईडी-मानव संसाधन राजश्री बनर्जी ईडी-एमएम सीआर मिश्रा सीजीएम लक्ष्मी दास सीएमओ डॉ आनंद कुमार आशालता केंद्र के निदेशक बीएस जायसवाल एलिम्को के प्रतिनिधि जीएम बी बनर्जी वरीय प्रबंधक एनके त्रिपाठी सहित बीएसएल व आशालता केंद्र एवं एलिम्को के अधिकारी कर्मचारी लाभार्थी व उनके परिजन उपस्थित रहे। मौके पर निदेशक प्रभारी तिवारी ने कहा कि बोकारो इस्पात संयंत्र न केवल इस्पात निर्माण में अग्रणी है बल्कि जरूरतमंद वर्गों के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए भी निरंतर प्रयासरत है। आशालता केंद्र के निदेशक जयसवाल ने आशा लता केंद्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सच्चिदानंद सिंह वं धन्यवाद ज्ञापन जीएम बी बनर्जी द्वारा किया गया।

## कथारा : सलाहकार समिति और प्रबंधन के बीच बैठक में जीएम ने कहा
# कोयल का उत्पादन 6 लाख 28 हजार 300 टन हुआ



**खबर मन्त्र संवाददाता**


**कथारा।** कथारा स्थित ऑफिसर क्लब में क्षेत्रीय सलाहकार समिति और सीसीएल प्रबंधन के बीच बैठक बुधवार को आयोजित की गई हैं। जिसकी अध्यक्षता कथारा महाप्रबंधक संजय कुमार और संचालन सुर्य प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर अध्यक्षता कर रहे क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि कोयल का उत्पादन 6 लाख 28 हजार 300 टन, ओसीआर 18 लाख 39 हजार, डिस्पैच कोयला का 5 लाख 40 हजार, कोयले की धुलाई 156 रैक किया गया। जिसमें 19% ग्रोथ कथारा क्षेत्र ने बीते वर्ष किया जबकि इस वर्ष लक्ष्य 100 लाख टन कोयला का है। इसमें कोयले का उत्पादन 44 लाख टन ओबीआर 44 लाख टन का है। कहा कि अभी तक जो बारिश हुआ है उस हालत ठीक है आने वाले दिनों के हालात खराब ना हो इसकी देखरेख सही तरीके से करें। हमारे क्षेत्र में तीन नदियां हैं जिसमें बहुत सारे काम किए गए हैं और बारिश के मौसम है तो उत्पादन में अभी तक कोई कमी नहीं देखी है। लेकिन आने वाले समय पर हल्का-फुल्का दिक्कत का सामना हो सकता है। इस मौके पर सलाहकार समिति की ओर से मो इकबाल अहमद व कामोद ने कहा कि कथारा क्षेत्र में पानी की सप्लाई की समस्या सेंसिटिव पद पर ध्यान देने की जरूरत है। कहा कि विगत 12 साल से लगातार एक ही पद पर पड़ा कर्मियों का प्रमोशन सीसीएल के कर्मी के क्वार्टर में कार्य सही तरह से ठेकेदार द्वारा नहीं किया जाना पूरे क्षेत्र में रिटायर पेंशन रिवीजन पर ध्यान देना सहित अन्य मांगों को प्रबंधन के समक्ष रखा। कमोद प्रसाद ने भी प्रबंधक के समक्ष एसीसी की पॉलिसी प्रत्येक 4 माह में बैठक करने पानी की सप्लाई कथारा क्षेत्र में ठीक तरह से नहीं होना फिल्टर प्लांट में सिर्फ हाजिरी बनाकर घूमना सेंसिटिव पद पर ध्यान देने की जरूरत है। मौके पर बालेश्वर गोप, पीके विश्वास, मथुरा प्रसाद सिंह, सचिन कुमार,पी के जयसवाल, राजु स्वामी, विजय कुमार सिंह, वहीं अधिकारीयों से सीबी तिवारी, अर्जून प्रसाद, एसओपी माधुरी मांड़के, जीएम उत्खनन अभिजीत दत्ता, जीएम विधूत विपीन कुमार, कथारा वाशरी पीओ अमरेन्द्र कुमार, कृष्ण मुरारी, विपीन चन्दन कुमार, डॉ एम एन राम, समविराज सिंह, गुरु प्रसाद मंडल, संजय सिंह, मो फिरदौस, जेपी एन सिंह आदि उपस्थित थे।

### राज्यपाल संतोष गंगवार से मिले अनिल अग्रवाल



बेरमो। बेरमो विधान सभा क्षेत्र के जरीडीह बाजार निवासी समाज सेवी सह अखिल भारतीय अग्रवाल कल्याण महासभा के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल राज्यपाल संतोष गंगवार से रांची के राज भवन में मुलाकात कर पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया। इसी क्रम में महामहिम को अवगत कराते हुए बताया कि प्रक्रिया त्रुटि होने के कारण पिछले कुछ वर्षों से अग्रवाल समाज का जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है जिससे समाज के लोगों को काफी परेशानी हो रही है प्रमाण पत्र नहीं बनने को लेकर ज्ञापन सौंपा तथा जरीडीह बाजार में 23.11.25 को होने वाले 21 जोड़ के सामूहिक विवाह कार्यक्रम की भी जानकारी दी।

### तेनुघाट-गोमिया मुख्य मार्ग पर खतरे की घंटी: बिजली पोल गिरने के कगार पर, हो सकता है बड़ा हादसा



बेरमो/तेनुघाट/गोमिया। तेनुघाट-गोमिया मुख्य मार्ग भारत माता तेनुघाट दो नंबर पर बिजली के पोल जर्जर हालत में हैं और किसी भी समय गिर सकते हैं, जिससे बड़ा हादसा होने का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने इसकी शिकायत कई बार बिजली विभाग से की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस मार्ग पर कई बिजली के पोल पुराने और कमजोर हो चुके हैं, जो हल्की आंधी या बारिश में भी हिलने लगते हैं। कुछ पोल तो इस कदर झुके हुए हैं कि वे सड़क पर गिरने की कगार पर हैं। यह मार्ग तेनुघाट और गोमिया को जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है, जहां रोजाना सैकड़ों वाहन और पैदल यात्री गुजरते हैं। जर्जर पोल और उनसे जुड़े बिजली के तारों के टूटने से न केवल बिजली आपूर्ति बाधित हो सकती है, बल्कि जानमाल का भी गंभीर खतरा है।

### नगर थाना के समीप चलाया गया जांच अभियान



गोड्डा। जिले में बढ़ते सड़क हादसों और असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के उद्देश्य से नगर थाना क्षेत्र के समीप बुधवार को जिला परिवहन एवं नगर थाना कि पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। उक्त विशेष अभियान नगर थाना चौक के समीप दोपहर से शाम तक चलाया गया, जिसमें दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहनता से जांच की गई। थाना प्रभारी के नेतृत्व में चले इस अभियान में वाहन चालकों के लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, इंश्योरेंस और प्रदूषण प्रमाणपत्र की जांच की गई। इस दौरान मौके पर कई चालकों को नियमों के उल्लंघन पर जुमार्ना भी लगाया। कहा गया कि लोगों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। वाहन चालन के दौरान नियमों का पालन हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यह अभियान आगे भी लगातार चलते रहेंगे। इस जांच अभियान के दौरान आम नागरिकों को भी सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूक किया गया।

# दुमकाः अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने किया पौधरोपण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मसलिया।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की ओर से मसलिया प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय में ग्राहक जागरूकता एवं पौधरोपण कार्यक्रम बुधवार को आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख बिशु टुडू ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रांत सचिव डॉ अमुलय कुमार पाल ने कहा कि आज के दौर में उपभोक्ता हर कदम पर ठगी का शिकार हो रहा है। यदि उपभोक्ता सजग नहीं होगा, तो उसका शोषण लगातार होता रहेगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। जिला उपाध्यक्ष नेहा सिंह ने पर्यावरण पर बल देते हुए कहा कि आज पर्यावरण हमारे जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। जिसे संरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। पर्यावरण प्रमुख स्वपन दत्ता ने कहा कि वर्षा ऋतु के इस अवसर पर हर व्यक्ति को कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। कोषाध्यक्ष ऋषभ कुमार गण ने पौधरोपण को मानव धर्म की संज्ञा देते हुए कहा कि वृक्ष लगाना नहीं केवल पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि यह हमारा नैतिक दायित्व भी है। इस अवसर पर प्रमुख बिशु टुडू ने प्रत्येक बच्चे को अपने अपने घरों में कम से कम एक पेड़ लगाने और उसका देखभाल करने को प्रेरित किया। विद्यालय परिसर में पौधरोपण करते हुए बच्चों को पर्यावरण संरक्षण व उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में भाषण एवं चित्रांकन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता प्रथम स्थान शिवम दत्ता, द्वितीय स्थान अदिति नंदी एवं तृतीय स्थान बेबी दे प्राप्त की। चित्रांकन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गोपल सेन, द्वितीय स्थान प्रिया किस्कू एवं तृतीय स्थान किया नंदी ने प्राप्त की। कार्यक्रम में पर्यावरण प्रमुख स्वपन कुमार दत्ता, षष्ठी पद नंदी, दिनेश दत्ता, खुदीराम नंदी, कौशल, धनंजय पाल, बंकिम चंद्र दत्ता, प्रधानाचार्य रूपेश मिश्रा समेत शिक्षक व छात्र आदि उपस्थित रहे।

# बोकारो : सेक्टर-12 थाना क्षेत्र के 84 दुकानों में छापेमारी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीसी अजय नाथ झा के आदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन एवं सेक्टर 12 थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र सिंह के सहयोग से तंबाकू उत्पाद अधिनियम-के तहत सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन एलएच रोड एवं बारी कोऑपरेटिव की कुल 84 दुकानों की जांच की गई जिसमें 26 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लंघन करते हुए पाया गया। जिनसे अर्थदंड के रूप में कुल 4200 रुपये की वसूली की गई। जिला परामर्शी मो असलम के द्वारा बताया गया कि छापामारी के दौरान विशेष रूप से स्कूल के आसपास यानी स्कूल के 100 मीटर के दायरे में आने वाले सभी दुकानों की जांच की गई। साथ ही सभी दुकानदारों को सुझाव दिया गया कि शिक्षण संस्थान/सरकार कार्यालय/अस्पताल एवं कोर्ट परिसर के 100 मीटर के दायरे में धूम्रपान/तम्बाकू उत्पाद का उपयोग एवं तम्बाकू खाकर थूकने पर 1000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। छापामारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग से जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सेक्टर 12 थाना से छापामारी दल के सदस्य प्रवीन सांगा व उनका दल उपस्थित रहा।

### महिला समिति ने विद्यार्थियों के बीच पाठ्य-सामग्री व परिधान किया वितरित



बोकारो। महिला समिति बोकारो द्वारा संचालित विद्यालय बाल मंदिर व सौरभ शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं के बीच पुस्तक व बैग और स्कूल ड्रेस का वितरण समिति की अध्यक्ष अनीता तिवारी की अगुवाई तथा विद्यालय प्रभारी ऋचा प्रियदर्शिनी के समन्वय में किया गया। तिवारी ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर तबके के बच्चों को शिक्षा की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि महिला समिति सदैव समाज के संसाधन विहीन वर्ग की मदद के लिए प्रयासरत रहती है। बीएसएल के सीएसआर विभाग की मदद से हर वर्ष इन विद्यालयों में यह वितरण संपन्न हो पाता है। मौके पर समिति की उपाध्यक्ष देवजानी मिश्रा तथा अल्का मनवटी सचिव ऋचा प्रियदर्शिनी कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया सुरभि प्रभारी अनीशा झा सिलाई व सैनिटरी प्रभारी प्रीति राजेश समिता मोहंती तथा विद्यालय प्रभारी आशा राज उपस्थित थीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या सबिता प्रमाणिक व रीता शर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं खुशबू रंजू लक्ष्मी कंचन मुस्कान बालमंदिर से तथा राहुल सुमन पांडे सुनंदा सरिता प्रियंका मून सौरभ शिशु मंदिर से यहां की गतिविधियों में भागीदारी दर्ज कराई है।

## स्पीड न्यूज

### पुणे मेट्रो के विस्तार को कैबिनेट की मुहर

नयी दिल्ली। केन्द्र सरकार ने महाराष्ट्र के पुणे में मेट्रो रेल नेटवर्क में दूसरे कॉरीडोर के विस्तार की 3626.24 करोड़ रुपये की परियोजना को बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की गुरुवार को हुई बैठक में इस परियोजना को मंजूरी दी गई। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि चरण-1 के तहत मौजूदा वनाज-रामवाड़ी कॉरिडोर का विस्तार है। ये दो एलिवेटेड कॉरिडोर 12.75 किलोमीटर तक फैले होंगे और इनमें 13 स्टेशन शामिल होंगे।

### अंतरराष्ट्रीय आलू केंद्र आगरा में खुलेगा

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि गेहूं और चावल के बाद उपभोग के लिहाज से आलू का स्थान तीसरे नंबर पर आता है। चीन के बाद भारत आलू उत्पादन में तीसरे नंबर पर है। उन्होंने कहा कि आलू प्रमुख फसल है एवं खाद्य सुरक्षा के लिहाज से बेहद जरूरी है लेकिन भारत में मुख्यत: आलू की टेबल वेरायटी का उत्पादन होता है, निर्यात बाजार में प्रोसेस करने योग्य किस्मों की मांग होती है इसमें जर्म प्लाज्म का भंडार होगा, जिसका उपयोग उत्पादकता वाले बीज तैयार किए जाएंगे।

### इजरायली हमलों में 70 फिलिस्तीनी मरे

गाजा। गाजा पट्टी में मंगलवार को इजरायली गोलीबारी और हवाई हमलों में कम से कम 70 फिलिस्तीनी मारे गए। इजरायली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में राफा के उत्तर में शाकोश क्षेत्र में एक अमेरिकी समर्थित सहायता वितरण केंद्र के पास जुटे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर गोलीबारी की और 70 लोगों की मौत हो गयी।

### कोलंबिया में भूस्खलन से आठ लोगों की मौत

बोगोटा। उत्तर पश्चिमी कोलंबिया में एंटिओक्विया विभाग के बेलो नगरपालिका में मंगलवार को भूस्खलन से आठ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। मेयर लोरेना गोंजालेज ने आठ लोगों की मौत और पांच लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि भूस्खलन ने 10 घरों को प्रभावित किया।

### मणिपुर में हथियार तस्करी का भंडाफोड़

इंफाल। मणिपुर पुलिस ने ग्रेटर इंफाल क्षेत्र में गुप्त रूप से काम कर रहे हथियार तस्करों और डीलरों के एक अंतर-राज्यीय नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक उग्रवादी संगठन के कमांडर को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि चार तस्करों को गिरफ्तार किया।

### अपोलो कैंसर सेंटर ने लांच किया कैनविन

नयी दिल्ली। अपोलो कैंसर सेंटर (एसीसी) ने नेशनल कैंसर सर्वाइवर्स माह के तहत एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को कैनविन कैंसर सहायता समूह के शुभारंभ की घोषणा की। कैनविन जैसी पहल कैंसर विजेताओं को अपनी कहानियां साझा करने, विचार करने और ठीक होने के लिए एक मंच प्रदान करके उस अंतर को पाटती है, जहां डॉक्टर और देखभाल प्रदाता एकजुटता से खड़े हैं।

### सात दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी

नयी दिल्ली। देशभर में दक्षिण-पश्चिम मानसून पूरी तरह सक्रिय है। अब राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक, 7 दिनों तक देश के उत्तर-पश्चिम, मध्य, पूर्व और पूर्वोत्तर हिस्सों में भारी से भारी बारिश की संभावना है। 24 घंटों के दौरान गुजरात व मध्य प्रदेश में कई जगहों पर भारी बारिश दर्ज की गई।

# आपातकाल में कांग्रेस ने प्रेस की आजादी छीनी थी : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर इसे देश के लोकतांत्रिक इतिहास का सबसे काला अध्याय और संविधान हत्या दिवस बताया और आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को सलाम किया। मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि आज भारत के लोकतांत्रिक इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक, आपातकाल लागू होने के 50 साल पूरे हो गए हैं। भारत के लोग इस दिन को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दिन, भारतीय संविधान में निहित मूल्यों को दरकिनार कर दिया गया, मौलिक अधिकारों को निलंबित, प्रेस की आजादी को खत्म कर दिया गया था और कई राजनीतिक नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और आम नागरिकों को जेल

**▸▸प्रधानमंत्री ने आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर लोकतांत्रिक इतिहास का काला अध्याय बताया**

में डाल दिया गया था। ऐसा लग रहा था जैसे उस समय सत्ता में बैठी कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र को बंधक बना लिया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि द इमरजेंसी डायरीज में आपातकाल के वर्षों के दौरान मेरी यात्रा का वर्णन है। इससे उस समय की कई यादें ताजा कर दीं। मोदी ने कहा कि मैं उन सभी लोगों से अपील करता हूँ जो आपातकाल के उन काले दिनों को याद करते हैं या जिनके परिवारों ने उस दौरान कष्ट झेले हैं, वे अपने अनुभवों को सोशल मीडिया पर साझा करें। इससे युवाओं में 1975 से 1977 तक के शर्मनाक समय के बारे में जागरूकता पैदा होगी। उन्होंने आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों को सलाम किया, जिनकी



सामूहिक लड़ाई ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार को लोकतंत्र बहाल करने और चुनाव कराने पर मजबूर किया। उन्होंने कहा कि 42वें संशोधन में संविधान में व्यापक परिवर्तन किए गए जो आपातकाल लगाने वाली कांग्रेस सरकार की चालों का एक ज्वलंत उदाहरण है, जिसे जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने बाद में पलट दिया था। गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया और उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाई गई। मोदी ने कहा कि हम अपने संविधान में निहित सिद्धांतों को मजबूत करने और

**▸▸संविधान हत्या दिवस नाम कठोर, लेकिन तानाशाह सरकार के अत्याचार के अनुरूप: अमित शाह**

विकसित देश के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराते हैं। हम प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूएं और गरीबों तथा दलितों के सपनों को साकार करें। यही हमारी प्रतिबद्धता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश के इतिहास के काले अध्याय यानी आपातकाल लागू करने के दिन का नाम संविधान हत्या दिवस सुनने में भले ही कठोर लगे लेकिन यह नामकरण सोच समझकर किया गया है क्योंकि उस कालखंड में पूरे देश को ही जेल बनाकर स्वतंत्रता की अभिव्यक्ति का गला दबा दिया गया था। शाह ने देश में आपातकाल लगाये जाने के 50 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को



आयोजित संविधान हत्या दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य देशवासियों विशेष रूप से युवाओं और भविष्य की पीढ़ियों को तत्कालीन तानाशाह सरकार के अत्याचार और अन्याय से अवगत कराना है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आपातकाल पर पुस्तक द इमरजेंसी डायरीज का भी विमोचन किया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक श्री मोदी के 25 वर्ष की उम्र में आपातकाल के दौरान भूमिगत रहकर कार्य करने के अनुभव और उस समय देश के माहौल पर आधारित है। उन्होंने कहा कि जब संविधान हत्या दिवस नाम तय किया जा रहा था तो लगा था कि यह बहुत कठोर है लेकिन यह सोच समझकर रखा गया क्योंकि उस समय देश को ही जेल बना दिया गया था और संविधान की हत्या कर दी गयी थी। उन्होंने कहा कि द इमरजेंसी डायरीज नाम की इस पुस्तक में उस कालखंड के संघर्ष को प्रकट किया गया है। उस समय श्री मोदी भूमिगत रहकर काम करते थे और आपातकाल के विरोध में तानाशाह विचारों का विरोध कर रहे थे। वह वेश बदलकर अलग अलग जगहों पर छोटे मोटे काम करते थे और आपातकाल के पीड़ितों की हरसंभव मदद करते थे। युवाओं से आग्रह है कि वे इस पुस्तक को जरूर पढ़ें।

# 2026 से अब साल में दो बार होगी 10वीं की परीक्षा

## सीबीएसइ बोर्ड : पहला चरण अनिवार्य, दूसरा होगा वैकल्पिक

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2026 से कक्षा 10वीं में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने की घोषणा की है। पहली बोर्ड परीक्षा फरवरी में आयोजित की जाएगी और सभी छात्रों के लिए अनिवार्य होगी, जबकि मई माह में होने वाली दूसरी बोर्ड परीक्षा उन छात्रों के लिए वैकल्पिक होगी जो अपना प्रदर्शन सुधारना चाहते हैं। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने बुधवार को बताया कि यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की सिफारिशों के अनुरूप लिया गया है। इसका उद्देश्य छात्रों पर परीक्षा का दबाव कम करना और उन्हें सुधार का अवसर देना है। इस नई व्यवस्था से परीक्षा की हाई स्टेक्स प्रकृति को कम किया जाएगा और

**▸▸राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप लिया गया है यह निर्णय : भारद्वाज**

**▸▸पहली परीक्षा फरवरी के मध्य में और दूसरी मई में आयोजित की जायेगी**

**▸▸प्रथम का रिजल्ट अप्रैल में और द्वितीय का जून में घोषित किया जायेगा**



छात्रों को अधिक लचीलापन मिलेगा। बोर्ड ने यह निर्णय व्यापक विचार-विमर्श और हितधारकों की राय के बाद लिया है। नई योजना के तहत पहली परीक्षा सभी छात्रों के लिए अनिवार्य होगी, जबकि दूसरी परीक्षा इच्छुक छात्रों के लिए सुधार का अवसर प्रदान करेगी। छात्र विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान और भाषाओं में से किसी भी तीन विषयों में प्रदर्शन सुधारने के लिए दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। हालांकि, अगर कोई छात्र पहली परीक्षा में तीन या अधिक विषयों में शामिल नहीं होता है, तो उसे दूसरी परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे छात्रों को आवश्यक पुनरावृत्ति श्रेणी में रखा जाएगा और उसे अगले साल फरवरी में दोबारा परीक्षा देनी होगी। खेल में हिस्सा लेने वाले छात्र, जिनकी परीक्षाएं खेल आयोजनों से टकराती हैं, उन्हें दूसरी परीक्षा में बैठने की सुविधा मिलेगी। वहीं, सर्दी-प्रभावित क्षेत्रों के स्कूलों के छात्र पहली या दूसरी परीक्षा का विकल्प चुन सकते हैं। सीडब्ल्यूएसएन (दिव्यांग) छात्रों को दोनों परीक्षाओं में विशेष सुविधाएं जारी रहेंगी। पहली बोर्ड परीक्षा फरवरी के मध्य में और दूसरी मई में आयोजित की जाएगी। दोनों परीक्षाएं पूर्ण सत्र के पाठ्यक्रम पर आधारित होंगी। हालांकि, आंतरिक मूल्यांकन केवल एक बार मुख्य परीक्षा से पहले किया जाएगा। प्रथम परीक्षा का परिणाम अप्रैल में तथा द्वितीय परीक्षा का परिणाम जून में घोषित किया जाएगा। प्रथम परीक्षा के आधार पर डिजीलॉकर से डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त कर छात्र 11वीं में अनंतिम रूप से प्रवेश ले सकेंगे।

## लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए भूकंप जैसा था आपातकाल : धनखड़

नैनीताल। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज से पचास वर्ष पूर्व, इसी दिन लोकतंत्र को नष्ट कर देने वाला आपातकाल थोप दिया गया था, जो लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए भूकंप से कम नहीं था। उन्होंने इस कालखंड को भारतीय लोकतंत्र का सबसे अंधकारमय समय बताया। उन्होंने कहा कि उस समय की प्रधानमंत्री ने व्यक्तिगत हितों को सर्वोपरि रखते हुए कैबिनेट को दरकिनार कर राष्ट्रव्यापी आपातकाल की घोषणा करवाई और राष्ट्रपति ने संवैधानिक मर्यादाओं की उपेक्षा कर इस पर हस्ताक्षर कर दिये। धनखड़ बुधवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के 50 वर्ष पूरे होने पर आयोजित स्वर्ण जयंती समारोह में छात्रों व प्राध्यापकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान लगभग 1.4 लाख लोगों को जेलों में डाल दिया गया था। उस दौरान नौ उच्च न्यायालयों ने मौलिक अधिकारों की स्थिरता पर बल दिया, लेकिन दुर्भाग्यवश सर्वोच्च न्यायालय ने इन निर्णयों को पलट दिया और कहा कि कार्यपालिका के निर्णय न्यायिक समीक्षा से परे हैं। इससे लोकतंत्र को भारी आघात लगा।

# संविधान की धज्जियां उड़ा रहे मोदी : खड़गे

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री पद की गरिमा घटाई है और देश के संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं और अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संविधान बचाओ अभियान की लोकप्रियता से घबराकर आपातकाल की बात कर अपनी सरकार की विफलता को छिपाने का प्रयास कर रहे हैं। खड़गे ने बुधवार को पार्टी के नये मुख्यालय इंदिरा भवन में विशेष संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस ने संघवाद की बात कर सभी राज्यों के साथ समानता की बात करते हैं, लेकिन सच यह है कि भाजपा और गैर-भाजपा शासित राज्यों के प्रति उनका नजरिया भिन्न-भिन्न होता है। मोदी और उनकी सरकार संविधान और लोकतंत्र की सुरक्षा करने में असफल रही है और विपक्ष के साथ जबरदस्त भेदभाव कर देश को बर्बाद करने का काम कर रही है। उनका कहना था कि जब पूरा देश पहलगाम हमले के बाद एकजुट था और कांग्रेस सहित सारे विपक्ष ने सरकार के हर फैसले में उसका साथ दिया तो जवाब में मोदी सरकार जनता और लोकतंत्र के हितों को महत्व देने की बजाय आपातकाल की बात कर विपक्ष के खिलाफ साजिश कर रही है। उन्होंने कहा कि मोदी कह रहे हैं कि आपातकाल में देश के लोकतंत्र को खत्म कर दिया गया था और अब उसे बहाल किया जा रहा है। कमाल यह है कि संविधान बचाने की बात वे कर रहे हैं जिनका देश की आजादी के आंदोलन और संविधान निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा। जिन लोगों ने इस संविधान को बनाने में सहयोग नहीं दिया, हमेशा संविधान के खिलाफ बात करते रहे, जिस संविधान को बाबा साहेब अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी और संविधान सभा ने तैयार किया उसे आरएसएस के लोगों ने रामलीला मैदान में जलाया।

# बिहार में पंचायत जन प्रतिनिधियों को मिलेगा जल्द शस्त्र लाइसेंस

खबर मन्त्र संवाददाता

**गृह विभाग ने सभी जिलों के डीएम-एसपी को जारी किया विशेष आदेश**

पटना। बिहार के जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मुखिया, सरपंच जैसे पंचायती राज से जुड़े जन-प्रतिनिधियों को अब शस्त्र लाइसेंस के लिए लंबा इंतजार नहीं करना होगा। विधानसभा चुनाव से पहले ऐसे इच्छुक जन-प्रतिनिधियों को शस्त्र लाइसेंस जारी करने की तैयारी है। गृह विभाग ने इस बाबत सभी जिलों के डीएम-एसपी को विशेष आदेश जारी किया है। गृह विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार सिन्हा की ओर से जिलों को जारी आदेश में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की घोषणा का हवाला देते हुए कहा गया है कि पंचायत प्रतिनिधियों के शस्त्र लाइसेंस के आवेदन को जिला पदाधिकारी निर्धारित समय-सीमा के अंदर नियमानुसार निष्पादित करने की कार्रवाई करेंगे। राज्य में पंचायती राज व्यवस्था से जुड़े करीब ढाई लाख जन-प्रतिनिधि हैं। इनमें बड़ी संख्या में पंचायत एवं ग्राम कचहरी के प्रतिनिधि लंबे समय से सुरक्षा का हवाला देते हुए शस्त्र लाइसेंस जारी करने की मांग राज्य सरकार से करते आ रहे हैं। जन-प्रतिनिधियों की मांग को देखते हुए पिछले दिनों नीतीश कुमार ने नियमानुसार शस्त्र लाइसेंस का निष्पादन करने का निर्देश दिया था।

## ईरान पर हिरोशिमा और नागासाकी जैसा हमला : ट्रंप



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हाल ही में किए गए अमेरिकी हमलों की तुलना करते हुये बुधवार को कहा कि ये हमले जापान के हिरोशिमा और नागासाकी पर 1945 में की गई बमबारी के समान हैं। ट्रंप ने हेग में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान कहा कि मैं नागासाकी का उदाहरण नहीं देना चाहता, लेकिन वही बात इस युद्ध को खत्म करने वाली थी। इसने इजराइल-ईरान युद्ध को खत्म किया। अगर हमने ऐसा नहीं किया होता, तो वे अभी भी लड़ रहे होते।

# टीडीपी के साथ मुठभेड़ में पाक का मेजर मारा गया

एजेंसी



इस्लामाबाद। पाकिस्तान आर्मी स्पेशल सर्विस ग्रुप का मेजर सैयद मोइज अब्बास शाह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीडीपी) के आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। यह वही अफसर बताया जा रहा है, जिसने बालाकोट एयर स्ट्राइक के दौरान भारतीय वायु सेना के तत्कालीन विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान को फाइटर जेट क्रैश होने के बाद पकड़ लिया था। यह मुठभेड़ मंगलवार को दक्षिण वजीरिस्तान में हुई। पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया और जनसंपर्क शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने दक्षिण वजीरिस्तान जिले के सरोगा क्षेत्र में खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान 11 आतंकवादियों को मार गिराया। भीषण गोलीबारी के दौरान मेजर सैयद मोइज अब्बास शाह और लांस नायक जिब्रान उल्लाह की भी मौत हो गई।






# युद्ध विराम से शेयर बाजार ने लगायी लंबी छलांग

एजेंसी

## सेंसेक्स 700 और निफ्टी 200 अंक उछला



**सेंसेक्स 85 प्रतिशत की तेजी के साथ 82755 निफ्टी 0.80 प्रतिशत उछलकर 25244 अंक पर हुआ बंद**

मुंबई। इजराइल और ईरान के बीच युद्ध विराम समझौते होने से एशियाई बाजारों में जारी तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बुधवार को शेयर बाजार ने लगातार दूसरे दिन लंबी छलांग लगाई। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 700.40 अंक अर्थात 0.85 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ 82755.51 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 200.40 अंक यानी 0.80 प्रतिशत उछलकर 25244.75 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.63 प्रतिशत मजबूत होकर 46,106.45 और स्मॉलकैप 1.59 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 53,897.25 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4162 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2821 में लिवाली जबकि 1207 में बिकवाली वहीं 134 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2990 कंपनियों के शेयरों में से 2135 में तेजी जबकि 776 में गिरावट रही वहीं 79 में टिकाव रहा। बीएसई में तेल एवं गैस और कैपिटल गुड्स की 0.54 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.99, सीडी 1.26, ऊर्जा 0.27, एफएमसीजी 0.85, वित्तीय सेवाएं 0.48, हेल्थकेयर 1.11, इंडस्ट्रियल्स 0.24, आईटी 1.68, दूरसंचार 1.42, यूटिलिटीज 0.95, ऑटो 1.00, बैंकिंग 0.11, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.26, धातु 0.37, पावर 0.54, रियल्टी 0.58, टेक 1.69, सर्विसेज 0.86 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.69 प्रतिशत उछल गए।

### निवेशकों को 3.88 लाख करोड़ फायदा

शेयर बाजार में मजबूती से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपति में पांच चार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप बढ़ कर 453.96 लाख करोड़ रुपये हो गया। मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 450.08 लाख करोड़ रुपये था। निवेशकों को करीब 3.88 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

### ये हैं टॉप गेनर्स

इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टाइटन 3.61, इंफोसिस 2.15, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.13, भारती एयरटेल 1.69, टीसीएस 1.68, टेक महिंद्रा 1.59, पावरग्रिड 1.59, अल्ट्रासिम्को 1.56, एचसीएल टेक 1.49, इटरनल 1.45, बजाज फाइनेंस 1.33, मारुति 1.27, रिलायंस 1.19, ट्रेंट 1.13, टाटा स्टील 1.03, एचडीएफसी बैंक 0.99, एसबीआई 0.61, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.53, एलटी 0.47, अदानी पोर्ट्स 0.23, टाटा मोटर्स 0.13 और आईसीआईसीआई बैंक 0.01 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, बीईएल 3.06, कोटक बैंक 1.14 और एक्सिस बैंक के शेयर 0.66 प्रतिशत गिर गए।